फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -41, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा।

सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी

सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

योगी मंत्रिमंडल का विस्तार चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं।

शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

ओमप्रकाश राजभर : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष।

दारा सिंह चौहान : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

सुनील शर्मा : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से रिकॉर्ड जीत हासिल की।

अनिल कुमार : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

सिलेंडर फटने से पांच की मौत

काकोरी की घटना : चार गंभीर घायलों को ट्रॉमा सेंटर में कराया गया भर्ती

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

अमृत विचार : काकोरी क्षेत्र स्थित हाता हजरत साहब वार्ड में दो सिलेंडर फटने से दंपति और तीन बच्चों की मौत हो गई। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। वहीं, हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायलों को केजीएमयू स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया।

नगर पंचायत काकोरी के हाता हजरत साहब वार्ड नंबर नौ निवासी आतिशबाद मुशीर अहमद (50) के घर में मंगलवार रात करीब 10:30 बजे दो सिलेंडरों में धमाका हुआ। चपेट में आकर मुशीर, उनकी पत्नी हुस्ना बानो (45), रइया (7) पुत्री बबलू और अजमत की दो बेटियों हुमा (5) और हिबा (3) की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मुसीर की बेटी लकब, इंशा, बहनोई अजमत और भांजी अनम घायल हो गये। हादसे की सूचना पर डीसीपी डॉ. दुर्गेश, एडीसीपी विश्चजीत, एसीपी सकील व इंस्पेक्टर नवाब अहमद और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन शवों को निकाल कर कब्जे में लिया। जबकि घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। पुलिस की ओर से प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट के बाद सिलेंडरों के फटने से हादसा होने की बात कही जा रही है। जबकि चर्चा है कि अवैध तरीके से सिलेंडर रीफिलिंग करते समय हादसा हुआ। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

सिलेंडर फटने के बाद और विकराल हुई घर में लगी आग।

भारतीय एप को बहाल करने पर सहमत हुआ गूगल

नई दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक एप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर, एजेंसी

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

आध्यात्मिक -सांस्कृतिक नगरों से भी मिली आर्थिक संजीवनी

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, तो यहां निवेश आना भी शुरू हुआ। हर सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के निवेश से रोजगार के लाखों अवसर सृजित हुए, तो यूपी से युवाओं के पलायन पर भी विराम लग गया। योगी सरकार ने विकास की श्रृंखला को महज औद्योगिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि आध्यात्मिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत संजोने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया, नतीजन आज ऐसे शहर भी प्रदेश को भरपूर राजस्व उपलब्ध करा रहे हैं। अयोध्या हो या काशी, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन हो या प्रयागराज, नैमिषारण्य हो या बौद्ध आध्यात्मिक स्थल, हर तीर्थ स्थल आज पर्यटकों का प्रमुख गंतव्य बन गया। प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ते हुए एनसीआर की तर्ज पर यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें लखनऊ सहित आस-पास जनपदों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, निवेशक और तेजी से यूपी की ओर रुख करेंगे। ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं ने इन जनपदों को विशिष्ट पहचान दिलाने के अलावा अर्थ की संजीवनी भी प्रदान किया है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान हुए रिकॉर्ड एमओयू के परिणामस्वरूप जीबीसी 4.0 में धरातल पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

वाराणसी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
581	142903

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
19245	44215

निवेश का बना माहौल

गोरखपुर में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। गीडा पूर्वांचल, नेपाल और सीमावर्ती बिहार की आर्थिक राजधानी है। यहां मार्केट तो है ही, कामगारों की भी कोई कमी नहीं है। हमारी कंपनी 10 करोड़ रुपये के निवेश से पेपर डिस्पोजल यूनिट का विस्तार कर रही है।

-सुधांशु टिबरेवाल, उद्यमी, गोरखपुर

हाल के वर्षों में सरकार ने शहरीकरण को काफी तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार के अवसर बने हैं और शहर का विकास भी हुआ है। प्रयागराज के साथ मथुरा, गोरखपुर, लखनऊ आदि जनपदों में रियल एस्टेट में 750 करोड़ रुपये के निवेश से आवासीय और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जायेंगे।

-सुनील सोलंकी, ओमेक्स लिमिटेड, प्रयागराज

सीतापुर में भी निवेश का माहौल बना है। उद्योगों को राहत दी जा रही है इससे जनपदों के विकास को पंख लगेंगे। स्थानीय स्तर पर उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले कच्चे माल को लेकर सहूलियत होगी। पर्यटन की दृष्टि से नैमिष में बहुत संभावनाएं हैं।

-अजीत कुमार सिंह, उद्यमी, सीतापुर

मुजफ्फरनगर में उद्योगों में निवेश करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योग के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। यहां पेपर मिल, कॉटन यार्न, होटल इंडस्ट्रीज और कृषि यंत्र बनाने व इंजीनियरिंग उद्योग में निवेश हो रहा है।

-पवन कुमार गोयल, आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर

मथुरा

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
484	30235

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
16587	31680

प्रयागराज

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
460	63618

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
13227	25000

संतकबीरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
92	5480

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1872	3652

श्रावस्ती

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
439	2422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
866	3905

बलरामपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
194	1402

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
438	1851

मुजफ्फरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
249	15549

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
9938	10284

प्रमुख निवेशक कंपनियां

अयोध्या

हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (रियल स्टेट)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 100 लोगों को रोजगार

पक्का लिमिटेड (पेपर मैन्युफैक्चरिंग मशीन)
550 करोड़ रुपये का निवेश, 600 लोगों को रोजगार

मीरजापुर

डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 2500 लोगों को रोजगार

सीतापुर

सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड (लकड़ी)
1500 करोड़ रुपये का निवेश, 3000 लोगों को रोजगार

ग्रीनलैंम साउथ लिमिटेड (लकड़ी/एमडीएफ) 1500 करोड़ रुपये का निवेश, 2000 लोगों को रोजगार

मथुरा

आईएफपी पेट्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि. (रिफाइनरी)
1100 करोड़ रुपये का निवेश, 700 लोगों को रोजगार

केशव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड
(स्टेशनरी गुड्स, इलेक्ट्रिक आइटम, प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग)
1250 करोड़ रुपये का निवेश, 10000 लोगों को रोजगार

मुजफ्फरनगर

भारतीयम बेवरेजज प्रा.लि. (बेवरेज)
600 करोड़ रुपये का निवेश, 500 लोगों को रोजगार

प्रयागराज

जेके सीमेंट लि. (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
400 करोड़ रुपये का निवेश, 250 लोगों को रोजगार

प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी

वरुन बेवरेजज लि. (बेवरेज)
3500 करोड़ रुपये का निवेश, 1000 लोगों को रोजगार

अयोध्या

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
508	145116

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
12915	25000

गोरखपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
630	183738

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
17313	37000

चित्रकूट

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
280	67422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7147	7000



सीतापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
302	29886

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
22172	18000



मीरजापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
243	17166

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7437	15135

कौशाम्बी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
143	1589

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
681	3382

कुशीनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
346	3713

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1169	9133

शहर में आज

- राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से नारी शक्ति वंदना अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समूह की दीदियों का ऑनलाइन संवाद - 10:00 बजे।
- रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेले में विविध कार्यक्रम - 11:00 बजे।
- उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी गोमती नगर में सेवा संकल्प संस्था द्वारा बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह - 2:00 बजे।

एक नजर

सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित हो गयी है। प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार के. रविंद्र नायक द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्यपाल द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-15 की उपधारा (3) के अन्तर्गत उप्र. सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और राज्य सूचना आयुक्त के 10 पदों पर चयन की संस्तुति देने के लिए समिति गठित की गई है। इस समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। जबकि दो अन्य सदस्यों में विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शामिल हैं।

भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक बुधवार को शाम चार बजे होने जा रही है। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहसंयोजक और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, समित के सदस्य सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, कांता कर्दम और मोहित बेनीवाल भी मौजूद रहेंगे। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत की व्यूह रचना तैयार की जाएगी।

माफिया के मददगार दो अभियंता निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : माफिया अनुपम दुबे व उनके परिजन के नाम संचालित फर्म पर कार्रवाई के बजाय मददगार बनने के दोषी फर्रुखाबाद जनपद के पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता राजकुमार पिथौरिया और जोश कुमार को पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को निलंबित करते हुए मुख्यालय से अटैच करने का आदेश दिया है।

अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

50 महीनों में तैयार हो जाएगी पहली यूनिट

56 महीनों में क्रियान्वित होगी दूसरी यूनिट

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुआ था एमओयू

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे।

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी, जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयला एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।

नोएडा में बोडाकी मल्टी मॉडल हब परियोजना का होगा विस्तार: नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी व अन्य मंत्री। अमृत विचार

- प्रोजेक्ट की कुल लागत 8624 करोड़ रुपये
- 416.34 करोड़ से बनेगा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट ने मंगलवार को होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि अभी तक होमगार्ड स्वयंसेवकों को अंतरजनपदीय आवागमन के दौरान ड्यूटी भत्ते के अलावा 30 रुपये भोजन भत्ता मिलता था। बढ़ती महंगाई की वजह से यह भत्ता नाकाफी था। इसे बढ़ाकर 120 रुपये करने का प्रस्ताव रखा गया था। इससे करीब 77 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों को फायदा होगा। विभाग पर करीब 2.75 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा।

प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दादरी और बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होगी। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अंतरराज्यीय और लोकल बस अड्डा बनेगा।

बोनी कपूर की कंपनी करेगी इंटरनेशनल फिल्म सिटी का विकास

यमुना विकास प्राधिकरण में एक हजार एकड़ जमीन पर अंतराष्ट्रीय फिल्म सिटी को विकसित करने का रास्ता साफ हो गया। कैबिनेट ने विकासकर्ता चयन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोनी कपूर की कंपनी मैसर्स बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी इसे विकसित करेगी। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि विकसित की जाएगी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कंपनी को लेटर ऑफ अवॉर्ड देगा। फिल्म सिटी में एक साथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो सकेगी। फिल्म सिटी में अयोध्या का राम मंदिर, केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ प्रमुख लोकेशन के भी सेट होंगे। लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशन के भी सेट होंगे।

इनको भी मिली मंजूरी

- कुशीनगर में महात्मा गौतमबुद्ध कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड में निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी, 434 करोड़ 60 लाख से दिसंबर 2026 तक निर्माण करने का लक्ष्य।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरण।
- लखनऊ के केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन निर्माण, 377 करोड़ की लागत से निर्माण होगा, शिक्षण, प्रशिक्षण व चिकित्सा तीनो कार्य होंगे।
- पॉवर कॉर्पोरेशन के घाटमपुर में 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पॉवर की 3 यूनिट हेतु स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन में फीस छूट।
- जनपद लखनऊ में आउटर रिंगरोड के अंडर पास से पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क तक 4 लेन निर्माण (14.28 किमी)।
- आईआईएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड अंडर पास हेतु 8.4 किमी के दो लेन चौड़ीकरण।
- उप्र राज्य आबकारी बकाया पर एक मुश्त समाधान योजना 2023-24 का प्रस्ताव।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी।

लखनऊ मेट्रो के फेज-1 बी की होगी शुरुआत

राज्य सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1 बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंत कुंज तक कुल 11.865 किमी. मेट्रो संचालित की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके माध्यम से लखनऊ में आवागमन को सुगम व सुविधाजनक होगा। लगभग 5801 करोड़ रुपये की लागत आएगी और 30 जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके तहत कुल 12 स्टेशन निर्धारित हैं, जिसमें 5 एलीवेटेड और 7 भूमिगत होंगे। इसमें 4.286 किमी. एलीवेटेड और 6.879 किमी. भूमिगत लाइन होगी।

स्मार्टफोन-टैबलेट के लिए 4000 करोड़

राज्य मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को स्नातक, स्नातकोत्तर, तकनीकी, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल नर्सिंग आदि के विद्यार्थियों को मुफ्त स्मार्टफोन और टैबलेट खरीदने के लिए 4 हजार करोड़ खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके तहत स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत मुफ्त टैबलेट वितरण के लिए चुनी गई संस्थाओं को खरीद आदेश जारी होगा। योजना के तहत 40 लाख टैबलेट व स्मार्टफोन युवाओं को दिए जाने हैं। इनमें से 25 लाख स्मार्टफोन और 15 लाख टैबलेट हैं।

इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा। नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए जिन लोगों ने पहले से धनराशि जमा की है उन्हें उनकी रकम ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी।
- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें। इससे नगरीय विकास को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री इसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष होंगे।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा।
- आयुर्वेद निदेशालय, यूनानी निदेशालय, होमियोपैथी निदेशालय व उत्तरप्रदेश आयुर्वेदिक यूनानी एवं तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड व उत्तरप्रदेश होमियोपैथी मेडिसिन बोर्ड (उक्त तीनो निदेशालय और दोनों बोर्ड) अब संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके लिए नया पद सृजित किया जाएगा।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिकों को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़, हायर बिडर को लेटर ऑफ कंफर्ट निर्गत किए जाने का अनुमोदन।
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जाएगा।
- जनपद प्रयागराज में वीवीआईपी गेस्ट हाउस प्रस्ताव को मंजूरी, सिविल लाइंस क्षेत्र की 10,000 वर्गमीटर नजूल भूमि (नजूल भूखण्ड संख्या 112) राज्य संपत्ति विभाग पक्ष को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।

आबकारी विभाग लाएगा एकमुश्त समाधान योजना

कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि इसमें बकायेदारों द्वारा पूरी धनराशि का भुगतान करने पर ब्याज में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। बता दें कि आबकारी विभाग का वर्ष 1956 से करीब 43 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें कई फुटकर व्यापारी शामिल हैं, जिन्होंने विभाग का बकाया भुगतान नहीं किया है।

ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी से बढ़ेंगे स्टार्टअप

- पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी के तहत राज्य सरकार प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत उद्योग लगाने वालों को तमाम तरह के लाभ और प्रोत्साहन निलेंगे। खासतौर पर अधिकतम 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रति स्टार्टअप पांच वर्षों तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त इंक्यूबेटर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति के संचालन में यूपीनेडा नोडल एजेंसी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष अवधि हेतु ग्राम समाज, सरकारी भूमि पर लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए लीज का मूल्य एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा तथा निजी निवेशकों के लिए यह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा।

यह भूमि अस्थानांतरणीय होगी और यदि आवंटन होने के तीन वर्ष की समयावधि में भूमि ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं हेतु उपयोग में नहीं लाई जाती है तो भूमि अनिवार्य रूप से वापस ले ली जाएगी। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत यूपीनेडा द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल को निवेश मित्र से इंटरलिंक किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को पर्यावरण अनापत्ति हेतु व्हाइट कैटेगरी स्टेटस प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार भूमि बैंक एवं जल की उपलब्धता हेतु आंकड़े तैयार करेगी एवं संभावित निवेशकों को आवश्यकतानुसार भूमि, जल एवं विद्युत पारेषण त्रंत उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करेगी।

दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी स्थापना

ग्रीन हाइड्रोजन एवं इसके उत्पादों की उत्पादन लागत घटाने एवं नवीनतम तकनीकी विकास हेतु 2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसमें शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शतप्रतिशत एक मुश्त वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन इस नीति के प्राविधानिक प्रोत्साहन के अतिरिक्त माने जाएंगे एवं अनुमन्य होंगे। प्रदेश में वर्ष 2028 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है। कुल 5 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय प्राविधान इस नीति के क्रियान्वयन में किया जाएगा।

अकबर नगर : विष्णु स्वरूप का शोरूम चार घंटे में ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर मंगलवार को फिर गरजा। एलडीए और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने सुबह 11 बजे अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। 3 बजे तक विष्णु स्वरूप का शोरूम ध्वस्त कर दिया गया।

बीते मंगलवार को उच्च न्यायालय ने अकबर नगर मामले की सुनवाई के दौरान 25 दुकानें और शोरूम संचालकों की अपील खारिज कर दी थी। उसी दिन एलडीए ने लगभग 12 घंटे चली कार्रवाई में 24 दुकानें और शोरूम ध्वस्त कर दिए थे। शोरूम विष्णु संचालक स्वरूप ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जिसकी सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय ने 4 मार्च तक दुकान से सामान निकालने का मौका दिया था। तय मियाद खत्म होते ही एलडीए ने मंगलवार को दुकान को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्र मणि त्रिपाठी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

अवैध निर्माण तोड़ने पर भाजपा नेता का हंगामा

बटलर पैलेस में अवैध निर्माण तोड़ने को लेकर भाजपा नेता ने जमकर हंगामा किया। काम बंद करवा दिया। हंगामे की जानकारी होने पर प्राधिकरण के अधिकारी और मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंच गए और भाजपा नेता को हटाया। एलडीए के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को बटलर पैलेस में लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पक्के मकान बना लिए थे। एलडीए यहां लगभग 85 लोगों को मकान दे चुका है। यहां लगभग 125 मकान तोड़े जाने हैं। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि लोगों को मकान खाली करने के लिए कहा गया है। इसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

आज अकबर नगर की ओर जाने से बचें

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकबर नगर में बुधवार को अवैध रूप से कराए गए निर्माणों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जायेगा। इसके चलते सुबह 7 बजे से अभियान समाप्त होने तक रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

इन रास्तों पर बदलाव

- पॉलीटेक्निक से अकबर नगर की ओर वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग नीलगिरी तिराहे से बांये होकर आम्रपाली चौराहा से बांये बैरल नंबर- 8 से बंधा रोड होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- आईटी से पॉलीटेक्निक की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन से बांये होकर कार्मल चौराहा से पीएसी मुख्य द्वार या वायरलेस चौराहा से होते हुए सर्वोदय नगर चौराहा से बंधा रोड होकर शक्ति नगर ढाल से गंतव्य तक जा सकते हैं। इसके अलावा दूसरा वैकल्पिक मार्ग बादशाह नगर मैट्रो स्टेशन से यू-टर्न लेकर पेपर मिल से बांये आरआर बंधा होकर मिलेगा।



एक नजर

मस्जिद की कमेटियों को मिले निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी ने अवकाफ की मस्जिदों की कमेटियों को पत्र प्रेषित करते हुए निर्देश दिये हैं कि रमजान से पहले मस्जिदों की पूर्ण रूप से साफ-सफाई करा ली जाए। रोजेदारों के इंतजाम और नमाज अदा करने की भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी आवश्यक हैं।

जामियतुल कुरैश में पदों पर चयन

अमृत विचार, लखनऊ : ऑल इण्डिया जामियतुल कुरैश संगठन के उप्र के महासचिव चौधरी आले उमर कुरैशी के निधन से महामंत्री पद रिक्त चल रहा था। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद यूसुफ कुरैशी ने बताया कि डॉ. सईद कुरैशी, अशफाक कुरैशी और चौधरी शादाब कुरैशी को महामंत्री नियुक्त किया गया है। नियुक्तियों को लेकर पत्र जारी करने वाले प्रदेश उपाध्यक्ष इमरान कुरैशी हर्ष व्यक्त किया है।

छात्राओं को दिये जागरूकता के टिप्स

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों का विशेष सप्त दिवसीय शिविर लगाया गया। इसकी शुरुआत प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना द्विवेदी की उपस्थिति में हुआ। प्रथम सत्र में विश्वम फाउंडेशन के यू पी त्रिपाठी ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता किया। द्वितीय सत्र में सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा और सैयद एहतेशाम ने छात्रों को स्वयं रक्षा एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां दीं गईं।

नेहरू इन्क्लेव में निर्माणाधीन भवन सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को गोमती नगर के नेहरू इन्क्लेव में एक अवैध निर्माण सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन एक वंदना पांडेय ने बताया कि विशाल यादव व अन्य ने नेहरू इन्क्लेव के वातायन ब्लॉक में फ्लैट संख्या वी-88 की छत पर लगभग 5,00 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। मंगलवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन भवन सील कर दिया।

1216 परीक्षार्थियों ने छोड़ी यूपी बोर्ड परीक्षा

सचल दलों की सक्रियता व सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के चलते नहीं पकड़ा गया एक भी नकलची

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के क्रम में मंगलवार को प्रथम पाली में प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक हाईस्कूल गृह विज्ञान, इण्टरमीडिएट व्यवसायिक शिक्षा विषय की परीक्षा हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सुबह की पाली में सचलदल ने 29 परीक्षा केन्द्रों का गहनता से निरीक्षण किया। कहीं किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। 1031 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। कुल 19,581 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इसमें उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 18550 थी।

द्वितीय पाली हाईस्कूल कम्प्यूटर एवं इण्टरमीडिएट-भूगोल, कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान-तृतीय प्रश्नपत्र, कृषि जन्तु विज्ञान-अष्ठम प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई। डीआईओएस ने बताया कि दूसरी पाली में 18 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। कक्षनिरीक्षकों के उपस्थिति रजिस्टर भी देखा गये, कक्षनिरीक्षक मिले।

डीआईओएस ने बताया कि द्वितीय पाली में पंजीकृत 6164 परीक्षार्थी में 5979 उपस्थित और 185 अनुपस्थित रहे। 22 फरवरी से शुरू हुई परीक्षा में अभी तक राजधानी में कोई भी नकलची नहीं पकड़ गया है। अधिकारी भी मान रहे हैं कि सीसी टीवी कैमरे से लगातार निगारनी और सचल दलों की सक्रियता का असर है। तीन दिनों बाद यानी नौ मार्च को यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त हो जायेगी।

10वीं कम्प्यूटर विषय और इंटर भूगोल विषय के बोले परीक्षार्थी : परीक्षा की दूसरी पाली में एडेड कॉलेजों में पढ़ने वाले 10वीं कम्प्यूटर विषय के छात्र मयंक त्रिवेदी, आशुतोष शर्मा, राहुल रावत ने बताया कि कम्प्यूटर विषय के शिक्षक कॉलेजों में नहीं हैं। इससे कोचिंग में पढ़कर परीक्षा की तैयारी की है। एडेड कॉलेजों में आईसीटी योजना के तहत पहले कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती थी जिसमें निजी संस्था की ओर से शिक्षकों की तैनाती की गई थी, अब ये व्यवस्था नहीं है। इंटरमीडिएट भूगोल विषय के परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र सरल था। प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था, लेकिन पेपर हल कर लिया गया है।

मंगलवार को एमएलएम पब्लिक स्कूल के कंट्रोल रूम को चेक करते हुए डीआईओएस।

यूपी बोर्ड परीक्षा में आज : बुधवार को हाईस्कूल चित्रकला एवं रंजन कला विषय परीक्षा में राजधानी में करीब 40 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। प्रथम पाली में हाईस्कूल चित्रकला, रंजन कला विषय एवं इंटर की काष्ठ शिल्प, ग्रंथ शिल्प, सिलाई शिल्प व व्यावसिक वर्ग की परीक्षा है। द्वितीय पाली हाईस्कूल में आईटी विषय की परीक्षा छह केंद्रों पर होगी। इसी प्रकार इंटर में इतिहास एवं कृषि वर्ग के विषयों की परीक्षा होगी।

संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की पूर्व माध्यमिक द्वितीय वर्ष दसवीं, उत्तर माध्यमिक प्रथम वर्ष 11वीं व उत्तर माध्यमिक द्वितीय वर्ष 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से चल रही हैं। परीक्षा 29 फरवरी को समाप्त हो जायेगी। इसी बीच कॉपियों की मूल्यांकन की तैयारी अभी से शुरू हो चुकी है। मूल्यांकन में लगने वाले शिक्षकों की सूची भी तैयार की जा रही है। संस्कृत शिक्षा बोर्ड सचिव शिवलाल ने बताया कि परीक्षा अभी शांतिपूर्ण सफल हुई है। आगे की शेष परीक्षा समाप्त होते ही कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो जायेगा।

सीबीएसई 10वीं की परीक्षा की कॉपियों का पहले होगा मूल्यांकन

सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा 13 मार्च, समाप्त हो जायेगी। बोर्ड की ओर से कॉपियों की मूल्यांकन की तैयारियां हो रही हैं। सबसे पहले दसवीं की कॉपी चेक होंगी। इस संबंध में बोर्ड की ओर से कॉपियों को सुरक्षित रखने के निर्देश जारी किए गये हैं। सीबीएसई बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी को शुरू हुई थी, ये 2 अप्रैल को समाप्त होगी। परिणाम समय से जारी हो ऐसे में परीक्षा समाप्त होने से पहले ही मूल्यांकन से जुड़ी तैयारियां की जा रही हैं ताकि परीक्षा समाप्त होती प्रक्रिया शुरू हो सकें।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व अतिथिगण। अमृत विचार

लविवि के छात्रों ने बताया वोट देने का अधिकार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यालय के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को वोट देने के मौलिक अधिकार पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि लविवि के चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह उन्होंने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निरंतर और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने चुनावी प्रक्रिया में समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अलका मिश्रा और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

परीक्षा उत्तीर्ण करने के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में पठन- पाठन के साथ अब परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। इसको लेकर पहले चरण में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय ने डायनामिकस ऑफ एप्टीट्यूड बेस्ड एग्जाम्स आफ्टर ग्रेजुएशन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को प्रमुख जानकारियां दी गईं।

मुख्य वक्ता ट्रेनर सूर्य प्रताप सिंह ने स्नातक के बाद कैट, जीमैट, गेट, यूपीएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के उपाय बताए। इनका उद्बोधन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के सिलेबस और मुख्य विषयों पर केंद्रित रहा।

▸▸ लविवि में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने साझा किये अनुभव

छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अध्ययन अनुसूची बनाएं और उस पर अपने आप को केन्द्रित करें। प्रत्येक विषय के लिए उसके वजन के आधार पर समय बांटना भी आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्लेसमेंट इंचार्ज, डॉ. हिमांशु पांडेय एवं अभियांत्रिकी संकाय के छात्र रजनीश शर्मा ने किया। 150 से अधिक शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों ने प्रतिभाग किया।

स्वास्थ्य का भी रखना होगा ध्यान : ट्रेनर सूर्य प्रताप सिंह का कहना है कि पर्याप्त नींद, उचित पोषण, और नियमित ब्रेक्स के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली ध्यान केंद्रितता और उत्पादकता को बढ़ायेगी।

150 छात्र-छात्राओं को मिले रोजगार के अवसर

अमृत विचार : जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें टीसीएस हेड अजय सिंह मुख्य अतिथि और जिला सेवायोजन अधिकारी विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी रही। इसमें 150 छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर मिले। टीसीएस हेड ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ आईटी पर भी पकड़ बनाएं। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि ध्येय तय कर लो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने बताया कि छात्र, सेवायोजन कार्यालय की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

फाइलेरिया की खुराक ली अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के लिए शिविर लगाकर सामूहिक दवा सेवन कराया गया। 123 छात्रों ने फाइलेरिया की खुराक ली।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

सार-संक्षेप

लविवि के गेट नम्बर एक के समक्ष रोड पर सन्देश खालि को लेकर ममता बनर्जी का पुतला फूंकते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रान्त के पदाधिकारी। अमृत विचार

अभाविप ने फूंका ममता सरकार का पुतला

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय ने विवि के मुख्य द्वार गेट संख्या एक पर संदेशखालि प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ममता सरकार का पुतला फूंककर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने कहा कि संदेशखालि में बंगाल सरकार द्वारा संपोषित हिंसा व अत्याचार दुर्भाग्यपूर्ण है। टीएमसी कार्यालय में ऐसे अनेक प्रकरण सामने आए हैं। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया जा रहा है। अभाविप ने पीड़ितों को नि :शुल्क सहायता उपलब्ध कराने, सहायता दिलवाने एवं भयमुक्त संदेशखालि बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। प्रदर्शन में इकाई अध्यक्ष जयव्रत राय, जतिन शुक्ला, भूपेंद्र सिंह, विकास तिवारी, रिशेंद्र सिंह, प्रियंका ठाकुर, अनुराग मिश्रा, नलिन प्रताप सिंह, खुशबू झा, अन्तिमा दुबे, प्रिया सिंह, साक्षी सिंह, आराध्या सिंह, कुसुम कनौजिया आदि मौजूद रहे।

अपनों को खो चुके बच्चों को सहायता राशि का इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : कोविड में अनाथ हुए बच्चों को सहायता राशि की किस्त का इंतजार है। अभी इनके खाते में राशि नहीं पहुंची है। बता दें कि कोविड काल में अनाथ हो चुके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की गई थी। इसके तहत प्रदेश सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। कोविड के बाद 2022 तक तिमाही भुगतान किया जा रहा था। इसके बाद छमाही भुगतान किया जाने लगा। जिले में 900 बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से राशि दी जा रही है। 900 से अधिक अनाथ बच्चों को पढ़ाई और भरण पोषण के लिए उक्त राशि दी जाती है। पिछले वर्ष नवंबर माह में भुगतान किया गया था। अब पात्र बच्चों को भुगतान के लिए बजट मांगा गया है। भुगतान के लिए एक करोड़ से अधिक राशि की जरूरत है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि बजट की कोई समस्या नहीं है। 15 से 30 मार्च के बीच राशि बच्चों के खाते में चली जाएगी।

ग्रविटास में छात्रों ने बिखेरे खुशियों के रंग

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विवि में मंगलवार को ग्रविटास वार्षिक प्रबंधन महोत्सव शुरू हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के कुलपति आलोक कुमार राय ने किया। इसमें एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर-मेकिंग के साथ रचनात्मक कार्यों पर चर्चा हुई। पोस्टर्स के माध्यम से नवाचार प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागियों ने ऐड मैड, ट्रेजर हंट डिबेट, क्रिएटिंग वैल्यू फ्रॉम वेस्ट में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कविता, गायन, और नृत्य में प्रस्तुतिकरण किया गया। अतिरिक्त प्रो-वाइस-चांसलर प्रो. अरविंद अवस्थी, वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. रचना मुज्जू, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता साहू भी मौजूद रहे। छात्रों ने मलोमैनियैक बैंड के सुरों से मन मोहा।

आगरा मेट्रो रेल परियोजना का पीएम मोदी आज करेंगे लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का लोकार्पण बुधवार 06 मार्च की सुबह 10 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ताजमहल मेट्रो स्टेशन से आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वे ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो में सफर करेंगे। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के उप महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मित्र ने बताया कि कुल लागत 8,379 करोड़ की आगरा मेट्रो परियोजना में 973 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। मेट्रो में बेहतरीन ब्रेक सिस्टम है। इससे विद्युत का उत्पादन होगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन है। जिनमें से प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

गोला फेंक में लखनऊ की सारिका जीतीं

कारागार विभाग के वार्षिक खेल में गर्विता ने जीते तीन पदक

▸▸ प्रदर्शनी वॉलीबाल मैच में डॉ. सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कारगार विभाग की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में फतेहपुर के बिलाल अहमद और बिजनौर की गर्विता सिंघल ने 100 मी.दौड़ में खिताब जीता। गर्विता ने 800 मीटर दौड़ और लंबी कूद में भी पहला स्थान हासिल किया। महिला वर्ग की गोला फेंक स्पर्धा में लखनऊ की सारिका पहले स्थान पर रहीं।

प्रशिक्षण संस्थान के परेड ग्राउंड में हुई प्रतियोगिता में कारागार मुख्यालय और डॉ.सम्पूर्णानन्द कारागार प्रशिक्षण संस्थान के मध्य प्रदर्शनी वॉलीबाल मैच खेला गया। इसमें कारागार प्रशिक्षण संस्थान की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक के साथ महानिरीक्षक कारागार एसएन साबत और विशिष्ट अतिथि पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र (अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी) ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

प्रतियोगिता में 94 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

100 मी.दौड़ पुरुष वर्ग में फतेहपुर के बिलाल अहमद और महिला वर्ग में बिजनौर की गर्विता सिंघल, 200 मीटर दौड़ में बरेली-2 के दुर्गेश, फतेहगढ़ की देवकी, 800 मीटर दौड़ में फतेहगढ़ के अनुज और बिजनौर की गर्विता सिंघल, 1500 मीटर दौड़ में मुजफ्फरनगर के अहसान, लंबी कूद में मेरठ के नितिन यादव और बिजनौर की गर्विता सिंघल, ऊंची कूद में पीलीभीत के आकाश भारती और नारी बंदी निकेतन लखनऊ की निकिता कटियार ने पहला पुरस्कार जीता। गोला फेंक में पीलीभीत के रामकिशोर और लखनऊ की सारिका पहले स्थान पर रहीं।

समापन समारोह में कारागार के समस्त अधिकारीगण चित्रलेखा सिंह-अपर महानिरीक्षक (प्र.), एके सिंह उपमहानिरीक्षक (मु.), सुभाष चन्द शाक्य उपमहानिरीक्षक (मु.), पुलिस उप महानिरीक्षक कुन्तल किशोर, एसके मैत्रेय प्रभारी अपर महानिरीक्षक कारागार और प्रदेश के कारागारों से आए अधीक्षक, जेलर और कई कर्मचारी मौजूद रहें।

सपना बनीं प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान

अमृत विचार, लखनऊ : 52 वें राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप हाथरस में 7 से 12 मार्च तक होगी। इसमें उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला टीम में कानपुर की सपना कश्यप को कप्तान बनाया गया है। गोरखपुर की आरती यादव उपकप्तान होंगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शिविर समाप्ति के बाद प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय ने इसकी जानकारी दी। कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को किट प्रदान की। महासचिव ने बताया कि प्रदेश की टीम ने पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था। टीम में शामिल तेजस्विनी सिंह ने एशियन गेम्स में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। आकांक्षा सिंह, आरती यादव, सपना कश्यप, आफरीन, समृद्धि सिंह, आराधना त्रिपाठी भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। मुख्य कोच लखनऊ के मो .तौहीद होंगे।

टीम : सपना कश्यप -कप्तान, विशाल्या (कानपुर), आरती यादव-उपकप्तान, प्रिया, निक्की, ज्योति चौहान, समद्धि सिंह, युक्ता (गोरखपुर), रितु पाल, आफरीन, खुशबू

स्पीड चार्जर्स पहुंचा लीडर बोर्ड के शीर्ष पर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ गोल्फ लीग में स्पीड चार्जर्स मंगलवार को पीआर जो रॉयल्स को 3-2 से हराकर लीडरबोर्ड के ग्रुप-बी में शीर्ष पर पहुंच गया। आईपीएल वॉरियर्स और टू फ्रेण्ड्स बेस कैम्प ने भी जीत दर्ज की। क्राफ्टी पाम और बीबीडी रेंजर्स के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। क्राफ्टी पाम ड्रा के बावजूद ग्रुप-ए के शीर्ष पर बनी हुई है। लीग में आज टू फ्रेण्ड्स बेस कैम्प ने इकाना टाइटन्स पर 4-1 की आसान जीत हासिल की। कैम्प के लिए पीके श्रीवास्तव, इरफान हुसैन ने एकल मुकाबले में जीत दर्ज की। युगल में टू फ्रेण्ड्स बेस कैम्प के शमशेर बहादुर-साद अहमद रिजवी और इकाना के जवाहर लाल पाल व पी राजीव नारायण ने जीत दर्ज की। आखिरी मुकाबले में टू फ्रेण्ड्स बेस कैम्प के विक्रम सिंह और दीपक वाधवा की जोड़ी विजयी रही। स्पीड चार्जर्स ने रोमांचक जीत दर्ज की। निर्णायक मुकाबले में सुरेश दनानी और भरत थापर की जोड़ी ने पीआर जो रॉयल्स के रमित बतरा और तरन सिंह बेदी को 3-2 से शिकस्त दी। दो एकल मुकाबले वीके सिंह और अजय कत्याल ने जीतकर पीआर जो रॉयल्स को 2-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद स्पीड चार्जर्स ने खेल में वापसी करते हुए बाद के तीनों युगल ने शानदार जीत दर्ज की। स्पीड चार्जर्स के लिए करन पाल सिंह और सुशांत मिश्रा, सिद्धार्थ आहूजा और अमन टण्डन के साथ सुरेश दनानी और भरत थापर को जोड़ियों ने अपने-अपने मुकाबले जीते।

मदरसा बोर्ड : ऑनलाइन बैठक पर फंसा विरोध का पेच

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार: यूपी मदरसा बोर्ड में मूल्यांकन केन्द्र निर्धारण पर रार छिड़ने के बाद अध्यक्ष ने ऑनलाइन बैठक बुलाने के निर्देश दिये। बैठक ऑनलाइन बुलाने पर समिति के सदस्यों ने विरोध जताया और इसकी शिकायत अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव से शिकायत की है। सदस्यों का तर्क है कि जब कोविड कॉल नहीं है तब ऑनलाइन बैठक बुलाने का क्या औचित्य है। ऐसी बैठक का वह बॉयकाट करेंगे।

यूपी मदरसा बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए पिछले दिनों केंद्रों का निर्धारण कर दिया था। इनमें पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू कर दिया गया है। सदस्यों ने इस पर असहमति जताकर विरोध किया। पूरे मामले को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया।

इस पर बोर्ड बैकफुट पर आ गया। अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद के निर्देश पर बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने गुरुवार को ऑनलाइन बैठक बुलाने का पत्र जारी कर दिया गया। बैठक में गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि सहित छह बिन्दु शामिल किये गए हैं। पत्र प्राप्त होने के बाद मदरसा बोर्ड के सदस्यों ने मंगलवार को अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ की अपर मुख्य सचिव मोनिका गर्ग से मुलाकात कर मूल्यांकन केन्द्र बनाए जाने की शिकायत की।

बोर्ड सदस्य कमर अली बताते हैं कि जब कोविड नहीं है, तो ऑनलाइन बैठक बुलाने का क्या औचित्य है। विभागीय जिम्मेदार ऑनलाइन बैठक कर मूल्यांकन केन्द्रों के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। इस बैठक का सभी सदस्यों ने बॉयकाट करने का मन बनाया है।

मदरसा बोर्ड के मूल्यांकन केन्द्रों को लेकर छिड़ी रार

अमृत विचार में 2 मार्च को प्रकाशित खबर

▸▸ मूल्यांकन केन्द्र के निर्धारण पर रार देख मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष ने बुलाई बैठक

▸▸ समिति के सदस्यों ने किया विरोध- कहा, ऑनलाइन बैठक का क्या औचित्य

उत्तर पुस्तिकाओं की हो सकती है दोबारा जांच!

सूत्रों के अनुसार सदस्यों ने जो तथ्य अपर मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए हैं, उसको लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की दोबारा जांच कराए जाने की चर्चा छिड़ गई है। ऐसे में देर शाम तक उच्चाधिकारियों द्वारा विचार - विमर्श किया जाता रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम जमाल अहमद- चौधरी (JAMAL AHEMAD CHAUDHARI) था, अब मैने अपना नाम जमाल अहमद (JAMAL AHMAD) रख लिया है, अब मुझे नये नाम से जाना व पढ़ा जाय। पता :- 116, ग्रा. - पड़खुड़ी, पो0- जेतापुर, तह0-तुलसीपुर, जिला - बलरामपुर, 271604, उ0प्र0

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल- चलन ठीक न होने और गलत- व्यवहार के चलते चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे-बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। -मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।

सूचना
सूच्य हों कि मुझे पहले मो आसिम के नाम से जाना जाता था। परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है। भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। - आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी- नि0 -ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ -रायबरेली

सूचना
सूचित हो कि मैं फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी- मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील- छिबरामऊ, जनपद- कन्नौज, मेरा हाईस्कूल जिसका अनुकमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुकमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

सूचना
सूचित हो कि मैं सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। - सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता - फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ

सूचना
सूचित हो कि मैं अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0- सोनापार (देवरहना) पो0- रेहरा बाजार, तह0 - उतरौला जनपद- बलरामपुर, मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष - 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक - 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी- शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

सूचना
सूचित हो कि मैं जगरानी पत्नी स्व0 सतीदीन, नि0- जेहटा, लखनऊ उ.प्र. पिन कोड 227107, यह कि मेरा ग्राम-दिलावर नगर परगना मलिहाबाद, जिला- लखनऊ में खासरा संख्या-23 का 1/2 भाग रकबा 0.3800 है0 है। मेरे पास उक्त खासरा नम्बर भूमि मे से 1/2 भाग मौजूद हैं। जिसमे से मैने अपने हिस्से की सम्पूर्ण चल सम्पत्ति को अपने बडे बेटे राकेश व पुत्री लक्ष्मी को दान मे तथा राकेश को विक्रय करके दे दिया है। यह कि ग्राम-जेहटा तहसील व जिला-लखनऊ में भूमि खासरा संख्या 1039 व खासरा संख्या-1036 मे जो कि मेरा है अपने हिस्से की सम्पत्ति चल -अचल सम्पत्ति से अपने छोटे बेटे राजेश उर्फ कढिले को बेदखाल कर रही हूं। उक्त भूमि से अपने छोटा पुत्र राजेश उर्फ कढिले व उनकी पत्नी कमलेशा को बेदखल करती हूं। अब मेरा उससे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

मनरेगा में आठ माह से नहीं मिला मानदेय

अमृत विचार, लखनऊ : जिलों व ब्लॉक पर तैनात मनरेगा कर्मियों को आठ माह से मानदेय नहीं मिला है। इससे परिवार का भरण-पोषण करना कर्मियों के लिए मुश्किल है। मनरेगा में तैनात संविदा और आउटसोर्स पर कर्मियों की हालत खराब है। किसी को आठ तो किसी को चार माह से मानदेय नहीं मिला है। इससे जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी अधिकारी, लेखाकार, कम्प्यूटर आपरेटर और ग्राम रोजगार सेवक प्रभावित हैं। वहीं, श्रमिकों को भी बजट जारी होने के बाद खातों में नहीं पहुंचा है। उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष भूपेश कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार से बजट नहीं आया है। इससे कई परिवार प्रभावित हैं।

भूमि अर्जन व विकास पर 3402 करोड़ खर्च करेगा आवास विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र आवास एवं विकास परिषद की 265वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को अध्यक्ष व अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में महात्मा गांधी मार्ग स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के पुनरीक्षित बजट और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित आय-व्यय का बजट पास किया गया। यह जानकारी अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी।

उन्होंने बताया कि परिषद अपनी सम्पत्तियां बेचकर 1650 करोड़ एवं विभिन्न मदों से कुल 3411.75 करोड़ रुपये की आय करेगा। भूमि अर्जन व विकास कार्यों पर 3402.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सचिव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व योजना में हरियाली के लिए पहली बार ग्रीन बजट का प्रावधान किया गया है। विभिन्न योजनाओं में एसटीपी, पार्क और पौध रोपण के लिए 24.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

बैठक में आवास आयुक्त बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, अपर आवास आयुक्त ईशांत प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक महेन्द्र पांडे, मुख्य अभियंता डीबी सिंह, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

- बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आय-व्यय का बजट पास
- ग्रीन बजट के लिए पहली बार 24.21 करोड़
- सम्पत्तियां बेचकर की जाएगी 1650 करोड़ की कमाई
- बैठक के दौरान कई अधिकारी रहे मौजूद

आवास एवं विकास परिषद की 265वीं बोर्ड बैठक के दौरान अध्यक्ष व अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण, आवास आयुक्त बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला और अपर आवास आयुक्त ईशांत प्रताप सिंह। अमृत विचार

विधि परामर्शदाता को सेवा विस्तार

विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मुकदमों की पैरवी के लिए परिषद में तैनात विधि परामर्शदाता दीपक कुमार श्रीवास्तव और ओएसडी अशोक कुमार मिश्रा को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है। सचिव ने बताया कि परिषद की सुरक्षा व्यवस्था में उप्र पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के माध्यम से लगे भूतपूर्व सैनिकों को सेवा विस्तार का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त सहायक अभियंता राजेश कुमार मेहतानी को एक वर्ष विस्तार दिया गया है।

कुल प्रस्तावित प्राप्तियां	3411.75 करोड़
सम्पत्ति बिक्री	1650 करोड़
डिपाजिट कार्य	572.63 करोड़
पीएम आवास योजना किश्त	120.52 करोड़
पंजीकरण	33.60 करोड़
सेंटेज	74.76 करोड़
अन्य विभिन्न मदों से	960.24 करोड़

कुल प्रस्तावित व्यय	3402.32 करोड़
भूमि अर्जन	1540 करोड़
निर्माण एवं विकास कार्य	582.44 करोड़
डिपाजिट कार्य	644.21 करोड़
पीएम आवास कार्य	46.52 करोड़
प्रशासनिक एवं अन्य	589.15 करोड़

8-9 से शुरू हो सकती हैं पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका किराया डेढ़ से ढाई हजार रुपये के बीच रहेगा। सूत्रों की मानें तो 8 या 9 मार्च से उड़ान सेवाएं शुरू हो सकती हैं।

स्टाम्प चोरी की तो जब्त होगी सम्पत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तहसील के 10 बड़े और रेरा के बकाएदारों को नोटिस जारी किया जाए। भुगतान न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके कार्यालयों को सील किया जाए। वहीं, स्टॉम्प चोरी की तो संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिमाह बकाएदारों की सूची बनाकर भुगतान करने के लिए रिमाइंडर भेजे जाएं। उन्होंने कहा कि प्रापर्टी पर स्टाम्प कमी का वाद यदि दाखिल हुआ है तो तत्काल उस प्रापर्टी को अटैच कर लिया जाए ताकि प्रॉपर्टी का विक्रय न किया जा सके। जिलाधिकारी ने बक्शी का तालाब और मलिहाबाद तहसील में पांच वर्षों से अधिक समय से वाद लंबित होने पर नाराजगी जताई। साथ ही, अप्रैल माह में पांच वर्ष से अधिक के लंबित वाद निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एंटी भू-माफिया अभियान की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रत्येक तहसील में कहां-कहां प्लॉटिंग हो रही है, उसकी सूचना बनवाई जाए। अगर कोई व्यक्ति प्लॉटिंग कर रहा है, तो उसका ले-आउट और मानचित्र पास होना चाहिए। साथ ही, रेरा में पंजीकृत होना चाहिए। कहा कि जिन क्षेत्रों में प्लॉटिंग हो रही है, वहां सरकारी भूमियों पर बोर्ड लगाकर उनको सुरक्षित किया जाए। सरकारी भूमि पर प्लॉटिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शुभी सिंह ने बताया कि अभी तक 80 भू माफिया को चिह्नित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस प्रकरणों के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रकरणों में यदि कोई भी अनियमितता मिली तो कार्रवाई होगी। बैठक में एसडीएम, अपर नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

- तहसील और रेरा के बड़े बकायेदारों को जारी होगी नोटिस
- बीकेटी व मलिहाबाद तहसील में पांच वर्षों से अधिक समय से वाद लंबित होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

एयरपोर्ट पर यात्री के पास मिला 30 लाख का सोना

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री के पास 30 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया। दुबई से आई एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से उतरे एक यात्री के संदिग्ध प्रतीत होने पर कस्टम अधिकारियों ने जांच की। यात्री जिम के उपकरण में छिपाकर 466 ग्राम सोना ले जा रहा था। कागजात उपलब्ध न कराने पर सोना जब्त कर यात्री को हिरासत में ले लिया गया है।

गोमती नगर में आज से कूड़ा उठाएगी सफाई कंपनी रामकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम जोन चार के गोमती नगर में बुधवार से रामकी कंपनी घरों से कूड़ा कलेक्शन का काम शुरू करेगी। सुबह 9 बजे हुसड़िया चौराहे से नगर विकास मंत्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर वार्डों में रवाना करेंगे। कंपनी जोन चार के 70,000 घरों से कूड़ा कलेक्शन करेगी। इस मौके पर महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, पार्षद एवं कंपनी के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

कंपनी के कर्मचारी घर-घर जाकर कूड़ा उठाएंगे साथ ही लोगों को जागरूक भी करेंगे। जनता को सूखा और गीला कूड़ा अलग-अलग देने के तरीके बताएंगे। कूड़ा तीन अलग-अलग डिब्बों में देना होगा। हरे डिब्बे में गीला कूड़ा, नीले में सूखा कूड़ा और काले डिब्बे में बैटरी, कांच, बल्ब, नैपकिन, डाइपर आदि रखना होगा। हैदराबाद की कंपनी रामकी को नगर निगम के आठ में पांच जोन में सफाई की जिम्मेदारी दी है। 6 मार्च से कंपनी जोन चार के घरों से कूड़ा लेने का काम शुरू करेगी। कूड़ा उठाने के लिए कंपनी ने 150 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं।

- जोन 4 के 70,000 घरों से उठाया जाएगा कूड़ा

उत्तराखण्ड शासन
कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, उत्तराखण्ड
द्वारा संचालित
मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना
के अन्तर्गत

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
प्रदेश के 11 युवाओं को जापान में Elderly care giver के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ
क्या आप भी अपने अन्तर्राष्ट्रीय कैरियर के सपने को पूरा करना चाहते हैं?
तो जानिए
राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को अन्तर्राष्ट्रीय कैरियर प्रदान किये जाने हेतु किये जा रहे प्रयास

जर्मनी/इंग्लैंड में Nurse के रूप में कार्य करने का अवसर
- 20-27 वर्ष
- GNM/B.Sc Nursing
- 6-12 माह का अनुभव

जापान में Elderly care giver के रूप में कार्य करने का अवसर
- 20-27 वर्ष
- ANM/GDA सर्टिफिकेट कोर्स/अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी सर्टिफिकेट कोर्स

जापान में Hotel Industry में मान्यता प्राप्त संस्थान में कार्य करने का अवसर
- 20-27 वर्ष
- Hotel Management में स्नातक डिग्री अथवा customer service/ front desk में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट कोर्स के साथ 2 वर्ष का कार्य अनुभव
प्रशिक्षण लागत का 20% राज्य सरकार द्वारा पोषित, आकर्षक वेतन, 6-9 माह का (जर्मन/जापानी/अंग्रेजी) भाषा का प्रशिक्षण
कृपया अधिक जानकारी के लिए निम्न क्यूआर कोड को स्कैन कर हमारे Whatsapp group से जुड़ें
Elderly Care Giver Opportunity in Japan
Hotel Industry Opportunity in Japan
Nursing in Germany
Nursing in UK/Ireland
उपरोक्त अवसर का लाभ लेने हेतु राज्य सरकार के पार्टल cservices.uk.gov.in पर सेवायोजन विभाग के अन्तर्गत विदेश रोजगार पंजीकरण पेज पर जाकर निःशुल्क पंजीकरण करें।
सम्पर्क सूत्र: नोडल अधिकारी विदेश रोजगार प्रकोष्ठ, सहसपुर, देहरादून
mccsahaspur@gmail.com , Ph.: 0135-2986718, 9711568335

एक नजर

बाइक सवार देवर-भाभी की डाला चालक ने की पिटाई

अमृत विचार, मोहनलालगंज : मंगलवार को मोहनलालगंज-गोसाईगंज तिराहे के पास हाफ डाला के सामने अचानक बाइक आ गयी। इससे नाराज हाफ डाला में बैठे लोगों ने बाइक सवार देवर-भाभी की पिटाई शुरू कर दी। पिटाई और हंगामे के चलते मोहनलालगंज-गोसाईगंज रोड जाम हो गया। वहीं बीच सड़क पर हो रही मारपीट को यातायात पुलिस खड़े देखती रही।

चेंकिग के लिए रोकने पर टीएसआई से अभद्रता

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला थानाक्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज चौराहे पर चेंकिग के दौरान एक स्कूटी सवार ने टीएसआई से अभ्रदता की। टीएसआई की शिकायत पर बाजारखाला पुलिस ने स्कूटी सवार पर एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, यातयात पुलिस लाइन में तैनात अब्दुल हलीम गत 3 फरवरी की दोपहर हैदरगंज चौराहे पर तैनात थे। चौक की तरफ से स्कूटी सवार उल्टी दिशा में आ रहा था। टीएसआई ने उसे रोक कर गलत दिशा में आने पर चालान के लिए कहा। इससे नाराज होकर स्कूटी सवार गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर सिपाही भी आ गए और स्कूटी सवार को पकड़ने का प्रयास किया। इस बीच राहगीरों की भीड़ लग गई। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी स्कूटी लेकर भाग निकला।

अस्पताल में महिला का शव छोड़कर भागे ससुराल वाले

परिजन को वीडियो कॉल कर संध्या ने बताया था जान का खतरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मायके वालों पर जहर देकर हत्या किए जाने का लगाया आरोप
- पुलिस ने पति समेत चार के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को त्रिलोकी विहार कॉलोनी में संध्या त्रिवेदी (24) की संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में मौत हो गई। इसके बाद ससुराल वाले महिला का शव अस्पताल में छोड़कर भाग निकले। मायके वालों का आरोप है कि पिटाई के बाद जहर देकर संध्या की हत्या की गई है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दहेज-हत्या की रिपार्ट दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, सीतापुर के सिधौली तहसील निवासी संध्या त्रिवेदी की शादी वर्ष 2022 में मड़ियांव के त्रिलोकी विहार कॉलोनी निवासी आशुतोष त्रिवेदी से हुई थी। भाई सुमित तिवारी का आरोप है कि आशुतोष के बड़े भाई आलोक त्रिवेदी आयुष कॉलेजों में एडमिशन घोटाले में जेल में बंद था। उनकी जमानत कराने के लिए आशुतोष अपनी भाभी वन्दना के साथ मिलकर संध्या से मायके से पांच लाख रुपये मांगकर लाने का दबाव बनाता था। जब बहन से रुपये लाने से इंकार कर दिया तो उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया गया।

करीब 20 दिन पूर्व परिजनों ने ससुराल वालों को एक लाख रुपये दिए थे। सुमित ने बताया कि रविवार रात बहन के साथ फिर से मारपीट की गई। वीडियो कॉल के जरिए संध्या ने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। इस दौरान बहन ने कहा कि ससुराल पक्ष वाले उसे जहर देकर मारना चाहते है। सोमवार रात ससुराल वालों ने बहन को जहर देकर उसकी हत्या कर दी, फिर आत्महत्या करार देने के लिए उसके शव को ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां पर शव को लावारिस हालत में छोड़कर ससुराल वाले भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आशुतोष की गिरफ्तारी की गई है। भाई आलोक और भाभी वंदना की तलाश की जा रही है।

छह महीने पहले जबरन करवाया था गर्भपात

भाई सुमित का आरोप है कि आशुतोष व उसका परिवार दहेज लोभी है। करीब छह माह पूर्व आशुतोष ने बहन संध्या का भाभी के साथ मिलकर जबरन गर्भपात करवा दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टिया में महिला की मौत जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

सड़क पार कर रहे पीएसी जवान के बेटे को ट्रक ने रौंदा, मौत

पत्नी भी घायल, बेटे का था जन्मदिन, मां खरीदारी कराने ले गयी थी बाजार

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

- डिवाइडर के अवैध कट से निकल रोड पार करते समय हुआ हादसा
- सरोजनीनगर के 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में रहता है जवान

अमृत विचार : पीएसी जवान के बेटे की जन्मदिन के दिन ट्रक से कुचल कर मौत हो गई और पत्नी गंभीर घायल हो गयी। मां-बेटे को जन्मदिन की खरीदारी कराकर बाजार से लौट रही थी। डिवाइडर के बीच बने अवैध कट से निकल कर रोड पार करते समय दोनों हादसे का शिकार हो गये। पीएसी जवान 32वीं वाहिनी परिसर में रहते हैं। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे चालक को पकड़ कर राहगीरों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

थाना अंतर्गत 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में रहने वाले पीएसी जवान राजेंद्र के बेटे गोलू (12) का मंगलवार को जन्मदिन था। मां मां भाग्यलक्ष्मी (35) दोपहर में गोलू को लेकर खरीदारी कराने चिल्लावां के साप्ताहिक बाजार गईं थी। करीब 1:30 बजे बाजार से सामान लेकर दोनों घर लौट रहे थे। मां-बेटा रास्ते में अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास डिवाइडर के कट से पैदल सड़क पार करने लगे। इसी दौरान दोनों ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गये। हादसे में ट्रक के पहिया के नीचे कुचलकर गोलू की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे चालक को राहगीरों ने दौड़ाकर ट्रक सहित पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि भाग्यलक्ष्मी को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर ने बताया परिजन की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

शव सड़क पर पड़ा होने से बनी रही जाम की स्थिति

पहिया के नीचे आने से गोलू का शव क्षत विक्षत हो गया। इससे आसपास भीड़ लग गई। जिससे वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लगने से जाम की स्थिति बन गयी। पुलिस ने शव हटाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इसके बाद यातायात शुरू हुआ। इस दौरान करीब एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही।

फंदे पर लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र में अमौसी स्थित टीएसएम अस्पताल के पास वन विभाग के जंगल में मंगलवार को एक युवक का शव बबूल के पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाई। मृतक की पहचान उसके भाई रवि ने की। बताया कि मृतक सूरज अमौसी गांव का रहने वाला था। वह 27 फरवरी से लापता था और 3 मार्च को उसकी गुमशदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

संदिग्ध परिस्थितियों में मैकेनिक की मौत, हत्या की आंशका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाई ने आरोपी पर कार्रवाई किए जाने की मांग की

अमृत विचार : मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फैजुल्लागंज में बाइक मैकेनिक आफाक (45) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने हत्या की आंशका जताते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, मूलरूप से सीतापुर के कमलापुर निवासी बाइक मैकेनिक आफाक पत्नी शबा और पांच बच्चों के साथ फैजुल्लागंज में किराए के मकान में रहता था। सोमवार शाम आफाक घर पहुंचा और कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन परिजनों ने उसे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई असलम ने बताया कि आफाक की मौत के बाद पत्नी शबा उसके अंतिम संस्कार की तैयारी में जुट गई। इस पर उसने पोस्टमार्टम की बात कही, तब उसके साथ मारपीट की गई। जिसके बाद असलम ने भाई की हत्या किए जाने की आंशका जताते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आफाक शराब का आदी था। प्रथम दृष्टिया में नशे की वजह से आफाक की मौत हो गई। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

ज्वैलरी शॉप में लगी आग, दो दमकल की गाड़ियों ने बुझाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आग लगने के बाद ज्वैलरी शॉप के बाहर खड़े लोग। अमृत विचार

- निशांतगंज इलाके के गुरुद्वारा मार्केट स्थित दुकान की घटना

अमृत विचार : निशांतगंज इलाके में फर्श पर ऑक्सीजन सिलेंडर गिरने से निकली चिंगारी से ज्वेलर्स की दुकान में आग लग गयी। दुकानदार की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, इसे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

थाना अंतर्गत गुरुद्वारा मार्केट स्थित महताब चंद अग्रवाल ज्वेलर्स की दुकान के बेसमेंट से मंगलवार दोपहर धुआं निकलता देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकान के कर्मचारियों ने दमकल और पुलिस कर्मियों को सूचना देकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया। बेसमेंट में धुआं भरने से दमकल कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। वह मास्क और आक्सीजन सिलिंडर की मदद से बेसमेंट में पहुंचे। तब आग पर काबू पा सके। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत ने बताया जांच में पता चला कि सफाई करते समय कर्मी से फर्श पर गिरे ऑक्सीजन सिलिंडर से निकली चिंगारी से आग लगी थी। आग की घटना के दौरान निशांतगंज पुल से लेकर गलियों तक में जाम की स्थित बन गई। इससे महानगर पुलिस ने डायवर्जन कर वाहन चालकों को अन्य रास्तों से निकाल कर जाम से राहत दी।

घर और किचन में लगी आग से सामान खाक

अमृत विचार : विभूति खंड इलाके के विश्वासखंड स्थित एक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। परिजन की सूचना पर गोमतीनगर फायर स्टेशन से दमकल कर्मी पहुंचे। एक टैंकर से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया। गृहस्थी का हजारों का सामान खाक हो चुका था। एफएसओ सुशील यादव ने बताया कोई जनहानि नहीं हुई। उधर, पीजीआई इलाके के बरौली गांव के एक घर में घरेलू गैस सिलिंडर के रेगुलेटर में लीकेज से आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग से किचन में रखा सामान खाक हो गया।

राष्ट्रीय महिला आयोग की फटकार के बाद प्रवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रवक्ता ने सहकर्मी महिला के मोबाइल पर भेजे आपत्तिजनक मैसेज

अमृत विचार : राष्ट्रीय महिला आयोग की फटकार के बाद महानगर पुलिस ने एक प्रवक्ता के खिलाफ छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र के शैक्षिक संस्थान में कार्यरत महिला प्रवक्ता ने सहकर्मी प्रवक्ता बिजेंद्र सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में पीड़िता ने बताया कि संस्थान में आते-जाते समय बिजेंद्र सिंह गलत नजर से घूरता था। इसके बाद ही उनके कपड़े पहनने को लेकर अश्लील फब्तियां कसता था। पीड़िता के नजर अंदाज किए जाने पर आरोपी को बल मिला गया। इसके बाद पीड़िता के वाट्सएप नंबर पर आरोपी आपत्तिजनक मैसेज भेजने लगा। इसका विरोध करने पर आरोपी धमकी देने लगा।

पीड़िता ने संस्थान के विभागाध्यक्ष से भी प्रवक्ता से शिकायत की, लेकिन आरोपी ने उस पर चरित्रहीनता का आरोप लगा दिया। पीड़िता ने महानगर कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। बावजूद इसके पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं। हालांकि, राष्ट्रीय महिला आयोग की फटकार के बाद महानगर पुलिस ने प्रवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

विद्युत फ्यूज पैनल में चिपकने से घटनास्थल पर मृत पड़ा गोवंश। अमृत विचार

विद्युत फ्यूज पैनल में चिपक कर गोवंश की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते मंगलवार को सरोजनीनगर में एक गोवंस की 400 केवीए विद्युत फ्यूज पैनल में चिपक कर मौत हो गयी। सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित शमा विहार कॉलोनी स्थित दाल मिल के पास विद्युत विभाग द्वारा खुले में विद्युत ट्रांसफार्मर रखा है। इस ट्रांसफार्मर और फ्यूज पैनल के चारों ओर जाली लगाने के बजाय विद्युत विभाग द्वारा सिर्फ मामूली तारों से घेर रखा गया है। मंगलवार शाम करीब 5 बजे एक छुट्टा गाय विद्युत फ्यूज पैनल तक पहुंच गयी और फ्यूज पैनल में चिपककर उसकी मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने इसकी सूचना नादरगंज पावर हाउस पर दी। सूचना के बाद पावर हाउस से उक्त विद्युत लाइन की सप्लाई रोक दी गई। बाद में पहुंचे विद्युत कर्मियों ने गाय को अलग हटाया। फिलहाल इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खुले में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर को लेकर वह सरोजनीनगर विधायक के अलावा नादरगंज पावर हाउस पर कई बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन विद्युत अधिकारी इस पर ध्यान देने के बजाय शायद बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं।

इनोवेशन फॉर चेंज संस्था ने 70 छात्राओं को बांटीं कुर्तियां

अमृत विचार,काकोरी : मंगलवार को कंपोजिट स्कूल भरोसा में इनोवेशन फॉर चेंज संस्था की तरफ से कक्षा 6 से 8 की लगभग 70 छात्राओं को चिकन की कुर्तियों का वितरण किया गया। इस संस्था के प्रमुख हर्षित सिंह ने बताया कि 8 मार्च को महिला दिवस से पूर्व में विद्यालय की सभी छात्राओं को ये कुर्ते भेंट कर उन्हें महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने, खूब पढ़ने और अच्छा व्यक्ति बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र सिंह, सहायक अध्यापक श्वेता शुक्ला और अनुदेशक राम विकास, अंतिमा देवी उपस्थित रहे, इसके साथ साथ भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय की कुछ प्रशिक्षु छात्राओं ने भी भाग लिया।

करझन गांव में आरसीसी सड़क का शिलान्यास

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव पत्नी लल्लू यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य के सहयोग से क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय कुमार के कोटे से बन रही काकोरी के करझन गांव में आरसीसी सड़क का मंगलवार को शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर मलिहाबाद विधायक जय देवी, मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अधिवक्ता शिशिर यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, ठेकेदार रमेश कुमार, विजय रावत, सूरज रावत, पूर्व प्रधान राजू यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जर्जर खड़ंजे को डामर रोड बनाने लिए राज्यमंत्री ने लिखा पत्र

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के पैत्रक गांव से एक अन्य गांवों को जोड़ने वाले जर्जर खड़ंजे को डामर रोड में परिवर्तित करने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता को पत्र लिखा है। सरोजनीनगर के नूरनगर भदरसा निवासी वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पुत्तीलाल के बेटे सुशील कुमार के मुताबिक, नूरनगर भदरसा से सरैया गांव को जोड़ने वाले 1200 मीटर लम्बे रास्ते में करीब 20 वर्ष पहले जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा रावत द्वारा खड़ंजा लगवाया गया था। लेकिन दोबारा मरम्मत न होने के कारण पूरा खड़ंजा जर्जर होने के साथ ही गड्ढों में तब्दील हो चुका है। ऐसे में इस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। सुशील ने बताया कि इसको लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड - 2 के अधिशासी अभियंता से सड़क बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए गए। लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। इसी मामले को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को पत्र भेज कर इस खड़न्जा मार्ग को डामर रोड में परिवर्तित करने के लिए कहा है।

महिला को फर्जी कागजात भेजकर फंसाने की कोशिश, शिकायत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : राजधानी में साइबर क्राइम की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। 3 मार्च को साइबर जालसाज ने सरोजनीनगर निवासी तरन्नुम को फोन कर बैंक खाते के बारे में पूरी जानकारी करने की कोशिश की। इतना ही नहीं जालसाज ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर महिला को अर्दब में लेते हुए वाट्सएप के जरिए उसके पास कुछ फर्जी कागजात भेज कर अपने जाल में फंसाने की कोशिश की। इस मामले में पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर इसकी शिकायत की है।

युवक को चोरी के सामान के साथ पकड़ा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा इलाके में सोमवार रात लखनऊ- कानपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी के सिक्योरिटी ऑफिसर रामजी मिश्रा सहित कई अन्य लोगों ने एक युवक को कंपनी के चोरी किए गए सामान के साथ धर दबोचा। उसके पास से चोरी हुआ एक लेजर पाइप, एक वर्टिकल पाइप, 9 कॉपर वेल्डिंग लीड जली हुई और करीब 80 किलोग्राम वजन स्क्रैप सीट बरामद की। बाद में पकड़े गए युवक को बंथरा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने खुद को गोंडा के धानेपुर थानान्तर्गत रुद्रगढ़ नौसी निवासी प्रेम कुमार कश्यप बताया। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए युवक के पास बरामद सामान को अपने कब्जे में लेने के साथ ही उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

20 हजार दो, नहीं तो अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने नाका थाने में युवती समेत तीन पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : नाका हिंडोला निवासी युवक साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस कर ब्लैकमेलिंग का शिकार हो गया। 20 हजार की मांग पूरी नहीं होने पर युवती ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी और साथी ने साइबर इंस्पेक्टर बता पीड़ित से 93 हजार रुपये वसूल लिये।

थाना अंतर्गत दुगांवा निवासी विजय रस्तोगी ने बताया फेसबुक मित्र नेहा शर्मा नामक युवती से वाट्सएप पर बात करते थे। आर्थिक तंगी बता कर उसने कई बार अपने नंबर पर रिचार्ज कराया और नये मोबाइल की डिमांड की। फिर 20 हजार की मांग कर अश्लील वीडियो अपलोड करने की धमकी दे ब्लैकमेल करने लगी। 8 फरवरी को एक युवक ने दिल्ली साइबर क्राइम इंस्पेक्टर गौरव मल्होत्रा बनकर अश्लील वीडियो डिलीट कराने के नाम पर साथी के साथ मिलकर 93 हजार रुपये ठग लिये। पीड़ित की तहरीर पर नाका थाने में नेहा समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

क्लीनिक न चलने से परेशान महिला डॉक्टर ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता बोले- काफी समय से डिप्रेशन में थी बेटी
- नूर मंजिल में चल रहा था इलाज एक सप्ताह पहले आई थी घर

अमृत विचार : आशियाना इलाके में महिला चिकित्सक डॉ. प्रियांशी रमन (30) का शव घर पर फंदे से लटका मिला। उनका नूर मंजिल अस्पताल में इलाज चल रहा था। एक सप्ताह पहले ही वह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पहुंचीं थीं। परिजन क्लीनिक नहीं चलने से तनाव में आकर आत्मघाती कदम उठाने की बात कह रहे हैं।

थाना अंतर्गत रतनखंड निवासी डॉ. प्रियांशी रमन का शव मंगलवार को फंदे से लटका मिला। पीआरडी से सेवानिवृत्त कमांडेंट पिता मुन्नू लाल रमन ने बताया कि बड़ी बेटी डॉ. प्रियांशी ने बीडीएस करने के बाद घर पर ही क्लीनिक खोला था। काफी कोशिश के बाद भी क्लीनिक नहीं चल रहा था। इससे वह तनाव में थी। डिप्रेशन की शिकायत पर उसका नूर मंजिल से इलाज करा रहे थे। हालत गंभीर होने पर प्रियांशी को नूर मंजिल में भर्ती कराया था। जहां से एक सप्ताह पहले ही डिस्चार्ज करा कर घर लाए थे। सोमवार रात करीब 10 बजे खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने गईं थी। मंगलवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से नहीं निकलीं, तो जगाने गए। कई आवाज दी पर, अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में गए तो प्रियांशी का शव फंदे से लटका मिला।

इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि कमरे से बड़ी मात्रा में दवाएं मिली हैं। परिजन डिप्रेशन के चलते यह कदम उठाने की बात कह रहे हैं। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजन प्रियांशी के डिप्रेशन और नूर मंजिल से इलाज चलने की बता कह रहे हैं। कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

फंदे से लटका मिला युवती का शव

अमृत विचार : महिगवा थाना के अंतर्गत बीमारी से परेशान युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया पलिया निवासी ज्योति पाल (20) ने घर की छत पर कमरे में टीन शेड के पाइप में रस्सी फंसा लगा कर जान दे दी। परिजन की सूचना पर पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की। घटना स्थल से सुसाइड नोट बरामद हुआ। जिसमें युवती ने बीमारी के चलते यह कदम उठाने का जिक्र किया है। बताया कि परिजन आरोप से इनकार कर रहे हैं। बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

निगोहां क्षेत्र में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में घायल युवक। अमृत विचार

अलग-अलग सड़क हादसों में पांच घायल

संवाददाता, निगोहां

अमृत विचार : कस्बे में अलग-अलग दो सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा।

पहली घटना निगोहां कस्बे के संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज के सामने हुई, जहां क्षेत्र के ही बघौना गांव निवासी रोहित की बाइक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना कस्बे में स्टेशन मोड़ के पास हुई, जहां आमने-सामने से दो बाइको में टक्कर हो गई।

इस घटना में सोहन, अमर और सियाराम निवासी मौकम खेड़ा, रायबरेली व दूसरी बाइक सवार मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भवाखेड़ा निवासी सोमेंद्र घायल हो गया।

एक ही भूखंड दो लोगों को बेच दिया, दो लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग कोतवाली में पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : कैसरबाग इलाके में रहने वाले पांच आरोपियों ने एक ही भूखंड को दो लोगों को बेच दिया। एक पक्ष से दो लाख रुपये हड़प लिये। पीड़ित ने रुपये लौटाने को कहा तो टाल-मटोल करने लगे। दबाव बनाया तो आरोपियों ने रजिस्ट्री ऑफिस के बाहर बुलाकर जमकर पीट दिया।

थाना अंतर्गत पुराना महानगर निवासी मनीष वर्मा ने बताया ओमनगर निवासी गुड़िया से एक मकान का इकरारनामा तीन लाख रुपये में तय हुआ था। उसने दो लाख रुपये गुड़िया व अन्य को दे दिये, आरोपियों ने उसे इसकी रसीद भी दी थी। आरोपियों ने जल्द ही रजिस्ट्री करने की बात कही थी। इस दौरान उसे पता चला कि आरोपियों ने मकान किसी और को बेच दिया है। उसने रुपये लौटाने के लिये दबाव बनाया तो कलेक्ट्रेट चौराहा बुलाया। जहां रजिस्ट्री करने को कहा तो गुड़िया, उसके पति शिव कुमार व तीन अन्य ने गाली-गलौज कर पीट दिया। पीड़िता ने धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुये थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया गुड़िया समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नाबालिग की आधार में उम्र बदलवा शादी करने वाले को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : किशोरी को बहला फुसला कर आधार कार्ड में उसकी उम्र बढ़वा कर शादी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को मंगलवार को जेल भेज दिया।

माल थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित मां ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को सरसण्डा निवासी रामबाबू बहला फुसला कर भगा ले गया था। आरोपी ने बेटी के आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजत में उम्र 17 वर्ष के स्थान पर बदल कर बालिग दर्शाकर विवाह कर लिया था। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

नशे में धुत युवकों ने दो भाइयों पर किया हमला

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर इलाके में बाइक को टक्कर मारने का विरोध करने पर दो सगे भाइयों पर हमला कर मरणासन्न करने का मामला सामने आया है। उजरियांव निवासी मोहसिन सिद्दीकी ने बताया कि बाइक से भतीजे और बड़े भाई हसीन सिद्दीकी के साथ जा रहा था। विकास खण्ड के पास नशे में धुत बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गये। आरोपी गाली-गलौज करने लगे। उसने बीच बचाव का प्रयास किया तो 15 से 16 लोगों को बुला लिया। रॉड से सिर पर वार करने से हसीन बेहोश हो गया। आरोपी उसे मृत समझ धमकी देते हुये फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हसीन को ट्रामा में भर्ती कराया। मोहसिन की तहरीर पर अमन व राजन को नामजद समेत 15 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हमारा आंगन -हमारे बच्चे कार्यक्रम सम्पन्न

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी विकास खंड लखनऊ के काकोरी के सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग व बाल विकास पुष्टाहार द्वारा हमारा आंगन -हमारे बच्चे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राम मूर्ति यादव ने बताया कि कार्यक्रम में विकास खंड की 10 न्याय पंचायतों से 5-5 निपुण छात्र, उनके अभिभावक, कोलोकेटेड आंगनबाड़ी की कार्यकत्रियों, नोडल शिक्षक, सुपरवाइजरों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू यादव ने सभी अभिभावकों से नियमित बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु शपथ दिलाई। नोडल प्रभारी एआरपी डॉ टीपी द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा व प्रगति के बारे में सभी को अवगत कराया। प्राथमिक विद्यालय नरौना तथा गवालपुर विद्यालयों की बच्चियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव को सम्मानित करतीं शिक्षिका।

एक नजर

घंटों गुल रही बिजली, 30 हजार उपभोक्ता हुए प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के कई क्षेत्रों में मंगलवार को बिजली घंटों गुल रही। सिस गोमती के यहियागंज में दो घटे से अधिक और चौक के कई इलाकों में दिनभर बिजली की आवाजाही बनी रही। ट्रांसगोमती के महानगर मे दिनभर बिजली की आंखमिचौली के साथ अलीगंज सहित आसपास के क्षेत्रों मे करीब तीन घंटे से अधिक बिजली की सप्लाई बंद रही। इससे करीब तीस हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित रहें।

सिस गोमती के कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : अनुरक्षण कार्य के चलते सिस गोमती के कई इलाकों में आज बिजली गुल रहेगी। 33 केवी विद्ययुत उपकेन्द्र डालीबाग से पोषित डालीबाग फीडर से जुडे इलाके डालीबाग कॉलोनी, न्यू वेरी रोड, डीजीपी सहित आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता राजभवन ने दी।

माडल शॉप व देशी शराब की दो दुकानें सील

अमृत विचार, लखनऊ : लाइसेंस शुल्क जमा न करने पर नगर निगम की टीम ने मंगलवार को माडल शॉप सहित दो शराब की दुकानें सील कर दीं। जोन आठ के अंतर्गत वीआईपी रोड स्थित माडल शॉप और देशी शराब की दो दुकानें खाद्य निरीक्षक सुमति मिश्र एवं आकांक्षा गोस्वामी ने सील कर दीं। अभियान में चार शराब की दुकानों ने अनुज्ञप्ति शुल्क जमा कर दिया।

परिवहन मंत्री को मृतक आश्रितों ने घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। बैठक से के बाद निकलते ही मृतक आश्रितों ने नौकरी के लिए घेर लिया। मंत्री ने मांगो को मानने और मार्च के बाद नियुक्ति पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।कहा कि तुरंत नौकरी चाहते हैं तो अभी अस्थाई नियुक्ति दे सकता हूं। आश्वासन पर मृतक आश्रितों ने धरने समाप्त कर दिया।

केजीएमयू की बिल्डिंग से युवक ने छलांग लगाने का किया प्रयास

सर्जिकल वार्ड का मामला, महिला तीमारदार व सिपाही की सूझबूझ से युवक को बचाया गया

अमृत विचार

युवक को बचाता तीमारदार।

लखनऊः किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की सर्जिकल वार्ड की छत से एक युवक ने छलांग लगाने की कोशिश की। इस बीच एक महिला तीमारदार और सिपाही की सूझबूझ से उसे सकुशल बचा लिया गया।

केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि मूलरूप से पश्चिम बंगाल का रहना बुद्धि नाथ नाम के इस युवक से ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल लूट की घटना हुई थी। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके गले पर धारदार औजार से हमला कर दिया था। उसे घायलावस्था में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। सोमवार को यह युवक ट्रॉमा से निकलकर जनरल सर्जरी वार्ड की छत पर पहुंच गया। छज्जे पर खड़े होकर छलांग लगाने की कोशिश कर रहा था। तभी एक महिला तीमारदार की उस पर नजर पड़ गई। महिला ने उसे बातों में उलझाना शुरू कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद एक सिपाही चुपचाप छत पर पहुंच गया। उसने अन्य तीमारदारों की मदद से युवक को पकड़ कर छत पर खींच लिया। हालांकि, युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश क्यों की यह स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

बीते साल लिंब सेंटर में मरीज ने कूदकर दी थी जान

केजीएमयू में इस घटना के पहले भी बिल्डिंग से कूदकर जान देने के घटना हो चुकी हैं। बीते वर्ष संस्थान के के लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थिति लिंब सेंटर में इलाज करवा रहे बुजुर्ग मरीज ने वार्ड से छलांग लगाकर जान दे दी थी। इस घटना से केजीएमयू में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हुए थे। पर बाद में जांच के नाम पर सब कुछ ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हालांकि, सोमवार को हुए प्रकरण में राहत की बात ये रही कि युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया गया।

आत्महत्या के प्रयास को लेकर विशेषज्ञ की राय

केजीएमयू के मनोविज्ञान विभाग के चिकित्सक डॉ.सुजीत कहते हैं कि कई शोध में इसके प्रमाण मिले हैं कि आत्महत्या की कोशिश करने वाले लोगों को यदि उस मौके पर बचा लिया जाए, तो आगे चलकर ये उनकी जिंदगी का सकारात्मक बदलाव साबित हो सकता है। हालांकि ऐसे लोगों की काउंसिलिंग जरूर की जानी चाहिए। जरूरत पड़ने पर इसका पूरा इलाज भी किया जाना चाहिए।

बलरामपुर में तीन दिनों से पानी का संकट

14 मरीजों की तीन शिफ्ट में की जाती है डायलिसिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः बलरामपुर अस्पताल में तीन दिनों से पानी का संकट है। तीमारदार पेयजल के लिए भटक रहे है। डायलिसिस यूनिट में मरीजों की डायलिसिस के लिए भी पानी खत्म हो गया है। बाहर से पानी मंगा कर डायलिसिस की जा रही है। इसकी वजह यह है कि खराब हुए मोटर को तीन दिन बाद भी ठीक नहीं कराया जा सका है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन की और से नगर निगम की मदद से पानी के टैंकर का बंदोबस्त किया गया गया है। लेकिन, मरीजों व तीमारदारों की संख्या अधिक होने के कारण टैंकर नाकाफी साबित हो रहे है।

बलरामपुर अस्पताल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) में रोजाना करीब 42 मरीजों की डायलिसिस की जाती है। 14 मरीजों की तीन शिफ्ट में डायलिसिस की जाती है। जिसमें एक मरीज में करीब 50 लीटर पानी लग जाता है। इसके लिए एसएसबी ब्लॉक में तीन-तीन हजार लीटर की पानी की टंकिया हैं, जो फिलहाल मोटर खराब होने के कारण खाली पड़ी हैं। इस कारण मरीजों की डायलिसिस रुक गई थी, नगर निगम का टैंकर मंगाकर पानी सप्लाई दी गई लेकिन वह भी कुछ ही देर में खत्म हो गया। इमरजेंसी में भी पानी की सप्लाई नही हो रही है। वहां भी एक टैंकर मंगाकर रखा गया है जो कुछ ही देर में खत्म हो जाता है। ऐसे में मरीजों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

एसएसबी ब्लॉक में भर्ती मरीजों को पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा है। टॉयलेट में भी पानी नहीं आ रहा इसलिए मरीजों को बाहर से पीने का पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है। महिलाओं को टॉयलेट के लिए पानी अस्पताल के बाहर से भर कर लाना पड़ रहा है।

डायलिसिस भी प्रभावित

अस्पताल परिसर में खड़ा पानी का टैंकर।

पानी कि सप्लाई बंद हुई है, मरीजों को दिक्कत न हो इसके लिए टैंकर मंगाए जा रहे थे। इसके अलावा डायलिसिस के मरीजों के लिए फायर के लिए जमा किया गया पानी इस्तेमाल किया जा रहा है। मंगलवार रात तक नई मोटर लगवा दी जाएगी।

-डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी
अस्पताल अधीक्षक

नर्स बोली, मरीज को इमरजेंसी में रखो जिंदा रहे या मरे, तीमारदार परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **बलरामपुर अस्पताल के आईसीयू में खाली होने के बावजूद मरीजों को नहीं दिए जा रहे बेड**

अमृत विचारः बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। आईसीयू में बेड खाली होने के बावजूद मरीजों को नहीं दिए जा रहें है। तीमारदारों के विरोध करने पर स्टॉफ द्वारा अभद्रता की जा रही है।

ऐसा ही एक मामला मंगलवार को भी सामने आया। एक तीमारदार अपने बच्चे को आईसीयू में शिफ्ट कराने के लिए आईसीयू स्टॉफ सामने गिड़गिड़ा रहा था। नर्स तीमारदार की एक बात सुनने को राजी नहीं हुई। इसे लेकर काफी देर तक वहां पर बहस भी हुई। आरोप है इस दौरान एक नर्स बोली मरीज इमरजेंसी में रखो जिंदा रहे या मरे। दरअसल बहराइच का रहने वाला मरीज हिमांशु (14) को करीब तीन दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज बाद भी मरीज की हालत सुधरने की बजाए बिगड़ रही थी। मंगलवार सुबह डॉक्टर डॉक्टर ने हालत गंभीर बताकर उसे आईसीयू में शिफ्ट कराने को कहा। तीमारदार आईसीयू में तीन-चार बार गए। लेकिन, मरीज को शिफ्ट नहीं किया गया। दोपहर करीब एक बजे तीमारदार आईसीयू के डॉक्टर-स्टॉफ रूम पहुंचे। मरीज को शिफ्ट कराने की मिन्नतें की। स्टॉफ ने इंतजार करने को कहा। दोनों पक्षों में काफी देर तक बहस होती रही। आरोप है कि इस बीच एक नर्स तीमारदार से बोली मरीज जिंदा रहे या मरे इमरजेंसी में रखो। इसे लेकर वहां पर हंगामा हो गया। दूसरे स्टॉफ ने बीच बचाव करके मरीज को लाने को कहा। जिसके बाद तीमारदार शांत होकर वापस लौटे।

अस्पताल सीएमएस डॉ. संजय का कहना है आईसीयू में बेड खाली होने पर प्राथमिकता से गंभीर मरीजों को शिफ्ट कराया जाता है। कहा जिस नर्स ने इस तरह के अपशब्द कहे हैं तो उसे नोटिस जारी करके जवाब मांगा जाएगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

इमरजेंसी में और बेहतर होंगी सुविधाएं, शोध को भी देंगे बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

प्रेसवार्ता में जानकारी देते निदेशक प्रो .सीएम सिंह व साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ **लोहिया संस्थान के नवनियुक्त निदेशक ने बताईं प्राथमिकताएं**

अमृत विचार : गोमतीनगर स्थित डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद

मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने शोध को बढ़ावा देने और इमरजेंसी की व्यवस्था सुधारने की बात पर विशेष जोर दिया। दरअसल, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण किया था। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद निदेशक ने संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। इसके बाद मंगलवार को प्रोफेसर सीएम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया इमरजेंसी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जगह की कमी के चलते कई बार मरीजों को इमरजेंसी में दिक्कत होती है। जिसके लिए 300 बेड का न्यूरो साइंस सेंटर जल्द ही शुरू किया जाएगा।

इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी में तैनात चिकित्सकों वा स्वास्थ्य कर्मियों को अच्छे व्यवहार की नसीहत दी है। उन्होंने कहा है कि कोई भी शख्स मरीजों के साथ गलत व्यवहार न करें। हम पूरे ब्रह्मांड को इलाज तो नहीं दे सकते लेकिन उनके साथ व्यवहार अच्छा जरूर कर सकते हैं।

निदेशक डॉक्टर सीएम सिंह ने जनहित के लिए शोध को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि वह अपना अनुभव यहां के संकाय सदस्यों के साथ साझा करेंगे।

एचआरएफ सिस्टम में आएगा बदलाव

डॉ. सीएम सिंह ने कहां कि संस्थान की वर्किंग में हॉस्पिटल रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ) को सही मायने में लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसजीपीजीआई की तर्ज पर एचआरएफ अब लोहिया संस्थान में भी लागू किया जाएगा। अभी तक ये कागजों में ही लागू था। और भर्ती मरीजों को भी सही तरीके से इसका लाभ नही मिल पाता हैं। निदेशक ने दावा किया कि इससे पहले एम्स पटना में इस फैसिलिटी सही तरीके से इम्पलीमेंट कर चुके हैं, इसलिए इसे लागू करने में उन्हें कोई परेशानी नही होगी।

उन्होंने आशा जताई है कि 5 से 6 महीने के भीतर बेहतर शोध की दिशा में कार्य शुरू हो जाएगा।

उन्नत प्रणाली से कम पानी में ज्यादा सिंचाई और कमाई

गोष्ठी में चर्चा करते अध्यक्ष एवं प्रशासक डॉ. हीरालाल व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **ग्रेटर शारदा सहायक समादेश कार्यालय में विशेषज्ञों ने बताए फायदे**

अमृत विचार : गिरते भूजल स्तर को देखते हुए फसलों की सिंचाई में किसानों को उन्नत प्रणाली अपनानी होगी। इससे कम पानी में अधिक सिंचाई के साथ कमाई भी अधिक होगी और लागत कम आएगी। ये बातें विशेष सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन/अध्यक्ष एवं प्रशासक ग्रेटर शारदा डॉ. हीरालाल ने गोष्ठी में कही।

मंगलवार को गोखले मार्ग स्थित ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी (परियोजना) कार्यालय पर जलवायु परिवर्तन पर गोष्ठी हुई। अध्यक्ष एवं प्रशासक डॉ. हीरालाल ने जिले भर से आए विशेषज्ञ, समाज सेवी, एनजीओ के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन विश्वव्यापी संकट है। इसमें लोगों की जागरूकता और सहभागिता से रोक सकते हैं। जल दोहन से भूजल स्तर गिर रहा है। जितना पानी हम पीते और दैनिक उपयोग करते हैं उतना ही संरक्षण कर भरपाई करें। इसी तरह जितनी ऑक्सीजन हम ले रहे उतने ही पौधे लगाएं तो सुधार संभव है। इससे 60 फीसद पानी बचता हैं। क्योंकि यह उपकरण पानी बर्बाद न कर पौधों की जड़ों को उनकी आवश्कतानुसार सींचते हैं।

अपर आयुक्त राजीव यादव ने कहा कि प्लास्टिक जल और जीवन दोनों की दुश्मन है। इसका इस्तेमाल भी हमें रोकना होगा। प्रचार-प्रसार और मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाएं। वहीं, चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक ओम सिंह ने कहा कि लोगों को सरल भाषा में जल और वायु परिवर्तन के बारे में बताना होगा। क्योंकि ज्यादातर लोगों को जलवायु परिवर्तन के बारे में पता नहीं है।

तेज रफ्तार डंपर ने दो कांवड़ियों को रौंदा, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

नितिन और स्वप्निल

▸▸ **बीबीडी के लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर हुई दुर्घटना**

अमृत विचार। बीबीडी थानाक्षेत्र में ओमेगा ग्रीन के सामने मंगलवार तड़के डंपर ने बिल्लहौर निवासी तीन कांवड़ियों को कुचल दिया। दुर्घटना में दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों को सूचना देकर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कांवड़िये अर्जुन सिंह की तहरीर पर डंपर चालक के खिलाफ के गैर-इरादन हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है।

प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह के मुताबिक, कानपुर नगर जिले के बिल्हौर निवासी अर्जुन सिंह ने बताया के उनके साथ 20-25 कांवड़ियों का दल महाशिवरात्रि पर बाराबंकी के महादेवा मंदिर जल चढ़ाने के लिए निकला था। दल में नितिन उर्फ वीरू (21) और स्वप्निल कटियार (23) भी शामिल थे। मंगलवार सुबह करीब पौने पांच बजे बीबीडी थानाक्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर ओमेगा ग्रीन के सामने तेज रफ्तार डंपर चालक ने नितिन, स्वप्निल और सोनू कश्यप को कुचल दिया। दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर भाग गया। अन्य कांवडियों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल में पहुंचाया। वहां इलाज के दौरान नितिन और स्वप्निल ने दम तोड़ दिया। वहीं सोनू की गंभीर है।

कावड़ियों ने किया हंगामा

दो साथियों की मौत के गुस्साए कांवड़ियों ने डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

नाराज अधिवक्ताओं ने काम किया ठप

मोहनलालगंज : मोहनलालगंज तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने आमसभा की बैठक बुलाई। इसमें बार में आयी दो शिकायतों को लेकर अधिवक्ता नाराज दिखे। एक शिकायत में कहा गया कि धारा 116 , धारा 38(2)धारा 24 ,धारा 76 और धारा 98(1) की फाइलों में रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही। शिकायत के बाद भी उपजिलाधिकारी ने कोई कदम नहीं उठाया। दूसरी शिकायत में बताया कि तहसील के कई नायब व तहसीलदार के न्यायालय की फाइलें आवास पर रखी हैं। आवास को कार्यालय बनाकर चोरी छिपे प्राइवेट लोगों से काम लिया जा रहा है।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा आमंत्रण सूचनाः (1) ई. निविदा संख्या 107.वि.पा.मं. (प्र.) ल. /2023.24, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 हरदोई रोड लखनऊ, पर SF-6 Gas Installed गैस की आपूर्ति एवं रिफलिंग अन्य सम्बन्धित कार्य की ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 06.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रु. 1.90 लाख का कार्य की अवधि 01 माह, धरोहर धनराशि रू. 2,000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 04.04.2024 को 16:00 बजे तक है। (2) ई. निविदा संख्या 108.वि.पा.मं.(प्र.) ल. /2023.24, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 हरदोई रोड लखनऊ, पर GPS Clock की आपूर्ति एवं स्थापना सम्बन्धित कार्य की ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनांक 06.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.00 लाख का कार्य की अवधि 01 माह, धरोहर धनराशि रू. 2,000.00 ऑन लाइन ई. निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 04.04.2024 को 16:00 बजे तक है। (3) अल्पकालीन ई. निविदा संख्या 109. वि.पा.मं.(प्र.)ल./2023.24, विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, लखनऊ के अन्तर्गत 400/220/132 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र जेहटा, लखनऊ पर 250 walt LED Flood light complete fitting की व्यवस्था हेतु सम्बन्धित आपूर्ति की ई. निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 06.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.00 लाख का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2,000.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 18.03.2024 को 16:00 बजे तक है। (4) अल्पकालीन ई.निविदा संख्या 110.वि.पा.मं.(प्र.)ल./2023.24, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के अन्तर्गत विभिन्न 132 के0वी0 खुर्रम नगर लखनऊ पर 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक के स्थान पर 63 एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना सम्बन्धी एवं अन्य सम्बन्धित कार्य की ई-निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 06.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.52 लाख का कार्य की अवधि 1 माह धरोहर धनराशि रु. 3,000.00, ऑन लाइन ई- निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 18.03.2024 को 16.00 बजे तक है। (5) अल्पकालीन ई. निविदा संख्या 111.वि.पा.मं.(प्र.)ल. /2023.24, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, लखनऊ के अन्तर्गत विभिन्न 132 के0वी0 एन0 के0एन0 लखनऊ पर 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक के स्थान पर 63 एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना सन्बन्धी एवं अन्य सम्बन्धित कार्य की ई-निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनाँक 06.03.2024 को प्रकाशित किया गया है। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.93 लाख का कार्य की अवधि 1 माह धरोहर धनराशि रु. 3,000.00, ऑन लाइन ई-निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनाँक 18.03.2024 को 16.00 बजे तक है। अतः उपरोक्त वर्णित ई. निविदाओं के कार्य की कुल मात्रा ई.निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कोई कारण बताये किसी भी ई.निविदा अथवा सभी ई.निविदाओं को अस्वीकार /विभाजित करने का अधिकार सुरक्षित है। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल वेबसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेब साईट को नियमित देखते रहना चाहिए। ''राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'' अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल. प्रथम, लखनऊ, पत्रांकः 579/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनांकः 04.03.2024

राजधानी में टाउनशिप जैसे बनेंगे ग्रामीण आवास

▸▸ **20-25 लाभार्थी एक जगह बनाएंगे आवंटित आवास**

▸▸ **भूमि उपलब्ध कराकर सुविधाओं से लैस करेगा विभाग**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री योजना के आवास टाउनशिप की तरह बनाने की तैयारी है। अधिकारियों ने टाउनशिप विकसित करने का खाका तैयार कर प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा है। योजना के तहत 20-25 लाभार्थियों को आवंटित होने वाले आवास एक जगह टाउनशिप यानी कॉलोनी विकसित कर बनाए जाएंगे। इसे एक नाम भी दिया जाएगा।

इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिली तो लाभार्थियों को शहर की तरह सुविधाएं मिलेंगी। इससे ग्रामीणों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। फायदा उन भूमिहीन परिवारों को ज्यादा होगा जो जमीन के अभाव में आवास योजना से वंचित हो जाते हैं या फिर गांव के बाहर भूमि मिलने पर आवास नहीं बनाते हैं।

राजस्व विभाग उपलब्ध कराएगा भूमि

आवास योजना और मॉडल में किसी तरह का बदलाव नहीं है। लाभार्थी सरकार से मिलने वाले 1.20 लाख रुपये से गाइडलाइन के अनुसार ही आवास बनाएंगे। लेकिन, नई व्यवस्था के तहत ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग लाभार्थियों को एक स्थान देकर आवासीय सुविधाओं से परिसर को विकसित करेगा। इसमें सड़क, पानी, पार्क, बिजली के साथ स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इसके लिए राजस्व विभाग से जमीन की मांग की गई है।

आवासीय परिसर में चलेगी आजीविका

ग्रामीण आवास के लाभार्थी मनरेगा व अन्य योजना से जुड़े होते हैं। निर्माण भी स्वयं करते हैं। निर्माण के लिए मनरेगा से मजदूरी भी अलग से मिलती है। टाउनशिप योजना में उन्हें परिसर में रोजगार व स्वरोजगार भी देना शामिल है। परिसर में पशु पालन, डेयरी आदि के लिए जगह दी जाएगी। टीनशेड लगाकर चबूतरे बनाए जाएंगे। जहां समूह से जुड़कर महिलाएं हाथ से बने उत्पाद बनाएंगी। इस तरह के कई कार्य शामिल हैं।

ईडी ने भूमाफिया सुधीर गोयल और उसकी पत्नी को किया गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुलंदशहर के भूमाफिया सुधीर कुमार गोयल और उसकी पत्नी राखी गोयल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को गाजियाबाद में विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को 11 मार्च तक सात दिन की कस्टडी रिमांड पर ईडी के सुपुर्द किया है। ईडी ने पुलिस द्वारा सुधीर कुमार गोयल, उनकी पत्नी और गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी, और भोले-भाले भूमि खरीदारों को डराने-धमकाने के दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। सुधीर कुमार गोयल, एक कुख्यात भू-माफिया है और उप्र गैंगस्टर एक्ट के तहत एक गैंगस्टर के रूप में भी सूचीबद्ध है। वह बुलंदशहर में अचल संपत्तियों की फर्जी बिक्री और खरीद और आवासीय कॉलोनियों के अवैध विकास में शामिल था।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 13/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है।

क्र.सं. 1:- कार्य का विवरणः इज्जतनगर मंडल के समइं/काशीपुर के अन्तर्गत लालकुआँ-काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज-बाजपुर स्टेशन के मध्य ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी0-पी.एस.सी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,59,83,340.44, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,29,900/-** निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।

क्र.सं. 2:- कार्य का विवरणः रामपुर-चमरुआ एवं लालकुँआ-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण। (कुल 24.42 किमी.) 1.स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान। 2. स्वीकृत कार्य के अंतर्गत लालकुँआ-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य 130 किमी प्रति घंटे तक की गति बढ़ाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (37.88 किमी.) का प्रावधान। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,54,79,343.72, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,27,400/-** निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

क्र.सं.3:- कार्य का विवरणः चमरुआ-बिलासपुर रोड अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 40 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 18,93,68,324.54, बयाना राशि रूपयों में:** 10,96,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

क्र.सं.4:- कार्य का विवरणः बिलासपुर रोड-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 31 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी-रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। **अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 14,67,60,474.03, बयाना राशि रूपयों में:** 8,83,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

1. क्रम सं. 1 की ई- निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. क्रम सं. 2, 3 एवं 4 की ई- निविदा दिनांक 02.04.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।

4. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-568

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

सड़क से निकलकर नगर निगम भवन तक पहुंचा भ्रष्टाचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

नगर निगम मुख्यालय के लेखा विभाग की गिरी हुई फॉल्स सीलिंग। अमृत विचार

अमृत विचार : नगर निगम का भ्रष्टाचार सड़क से निकलकर नगर निगम की बिल्डिंग तक पहुंच गया है। रविवार को विकास नगर में बारिश से सड़क धंस गयी। वहीं, मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय के लेखा विभाग में छह महीने पहले रिनोवेशन कराने के साथ लगायी गयी फाल्स सीलिंग दोपहर में अचानक प्लास्टर के साथ गिर गयी। इससे कर्मचारी बाल-बाल बच गए। जहां मलबा गिरा उस जगह तीन बाबू दानिश, अंकुर और आयूश बैठते हैं।

गनीमत यह रही कि उस समय कर्मचारी अपनी सीट पर नहीं बैठे थे। लेखा विभाग में लगभग 25 कर्मचारी और बाबू बैठते हैं। यह घटना दोपहर लगभग 2:45 बजे की है। इस घटना से नगर निगम में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए।

बिल्डिंग बहुत पुरानी हो चुकी है। नगर निगम की अपनी नई बिल्डिंग बनाने के लिए गोमती नगर स्थित आरआर विभाग में जगह चिन्हित कर ली गयी है। आर्किटेक्ट चयनित करने के लिए टेंडर निकाला जा चुका है।

इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

अन्य विभागों में भी गिर चुका है प्लास्टर

नगर निगम मुख्यालय से लेकर जोनल कार्यालयों में छत का प्लास्टर और फाल्स सीलिंग गिरने की घटना नई बात नहीं है। मुख्यालय के रिकार्ड रूम में फाल्स सीलिंग गिर चुकी है। जगह-जगह छत से पानी टपकता है। इसके अलावा अलीगंज स्थित जोन तीन कार्यालय की छत से भी प्लास्टर के साथ ईंट भी गिर चुकी है। हेल्मेट लगाकर काम करते हुए कर्मचारियों का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके अलावा इन्दिरा नगर स्थित जोन सात कार्यालय की छत का भी प्लास्टर गिर चुका है। राहत की बात यह है कि कोई कर्मचारी चोटिल नहीं हुआ। कर्मचारी संगठन दूसरी जगह कार्यालय शिफ्ट करने की मांग कर चुके हैं।

अस्पताल के प्रबंधक व डॉक्टर पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **आयुष्मान कार्ड का लाभार्थी होने के बावजूद बाहर से मंगवाईं दवाइयां**

▸▸ **पुलिस ने नहीं की सुनवाई कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई**

अमृत विचार : एन्क्राइट पुष्पा श्रीराम अस्पताल के प्रबंधक और डॉ. विनीत कुमार के विरुद्ध बिजनौर थाने में गैर इरादतन हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की है। रिपोर्ट दर्ज कराने में पीड़ित परिवार को करीब साढ़े चार महीने तक पुलिस व सीएमओ कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ा था। जब कार्रवाई नहीं हुई तो कोर्ट की शरण में गया।

बिजनौर थाना क्षेत्र के ग्राम नींवा, बरौली के रहने वाले अखिलेश कुमार के मुताबिक उनके पिता कल्लू को सर्दी, जुकाम और बुखार होने पर एन्क्राइट पुष्पा श्रीराम अस्पताल में 22 अक्टूबर 2023 को भर्ती कराया गया था। आरोप है कि मरीज आयुष्मान कार्ड का लाभार्थी होने ले बावजूद बाहर से दवाइयां मंगवाई गईं। एमआरआई जांच की रिपोर्ट देखकर डॉ. विनीत ने मरीज को स्वस्थ बताते हुए दो-चार दिन में छुट्टी देने की बात कही।

एक नजर

रामलीला मानस मन्दिर में रुद्राभिषेक

अमृत विचार, लखनऊ : डालीगंज स्थित मौसमगंज रामलीला मैदान मानस में पंडित लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, अमित मिश्रा, संजय पाण्डेय द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। अभिषेक में धनश्याम दास अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण, महेश चंद्र, सुभाष, लोकेश, दिनेश, उमेश, सुभाष चंद्र, शिव बिहारी, हरी किशन एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

बाल उत्सव व सम्मान समारोह आज और कल

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक संस्था सेवा संकल्प का बाल उत्सव एवं सम्मान समारोह छह और सात मार्च को होगा। आयोजन गोमतीनगर स्थित संगीत नाट्य अकादमी में दोपहर दो बजे से होगा। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग और उत्तराखंड महा परिषद, लखनऊ के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत शामिल होंगे। पहले दिन प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया जायेगा।

शब्बीर बने जिला महासचिव

अमृत विचार,लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर लखनऊ के शब्बीर अहमद खान को पुन : जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष जयसिंह जयन्त ने शब्बीर का माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व सांसद सुशीला सरोज, पूर्व विधायक गोमती यादव, राजेन्द्र यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, वरिष्ठ नेता टीबी सिंह, प्रदेश सचिव फैसल मकबूल, मोहसीन, एसयू खान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, राजबाला रावत आदि ने भी बधाई दी है।

बूथ जोड़ो अभियान को लेकर बैठक हुई

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ की जिला ईकाई का लखनऊ में बूथ जोड़ो अभियान पर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने की। बैठक में तय किया गया कि हर बूथ पर 25 कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। 25 से 30 कार्यकर्ता टेबल पर्ची बनाने का काम करेंगे। हर बूथ पर 50 कार्यकर्ता क्षेत्रों में जा-जाकर कांग्रेस के प्रति वोट देने की अपील करेंगे।

महानिदेशक परिवार कल्याण को हाईकोर्ट ने किया तलब

- मुख्य स्थायी अधिवक्ता के बार-बार पत्र भेजने के बावजूद नहीं आया जवाब
- पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना बेहद खेदजनक : हाईकोर्ट
- 23 फरवरी को अधिवक्ता कार्यालय से भेजा गया था पत्र

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बार-बार समय प्रदान करने के बावजूद प्रदेश सरकार की ओर से एक मुकदमे में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। न्यायालय ने महानिदेशक, परिवार कल्याण को 13 मार्च को कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि वह मुकदमे से संबंधित समस्त रिकॉर्ड भी अपने साथ लाएं।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कावा रोड, अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। न्यायालय ने आगे कहा कि इन हालातों में महानिदेशक को तलब करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। न्यायालय ने महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि जिन अधिकारियों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है।

मामले में याची का लाइसेंस 25 सितम्बर 2023 को खारिज कर दिया गया, उक्त आदेश के विरुद्ध याची की अपील खारिज हो गई, जिसके पश्चात याची ने हाईकोर्ट की शरण ली। याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सरकारी वकील से लाइसेंस खारिज किए जाने के आधार के संबंध में जवाब देने को कहा था। इस पर सरकारी वकील ने संबंधित अधिकारियों से जवाब प्राप्त करने के लिए एक सप्ताह का समय देने की मांग की जिसे कोर्ट ने प्रदान कर दिया। इसके बाद की सुनवाईयों जवाब नहीं आया तो न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि अगली सुनवाई तक जवाब नहीं आया तो महानिदेशक को तलब किया जाएगा। मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि जवाब के लिए संबंधित अधिकारियों को मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय से पत्र 23 फरवरी को ही भेज दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है।

विकर्ण पात्र पर लिखा गया पहला महाकाव्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

रविंद्रालय परिसर में लगे मेले में पुस्तक देखतीं युवतियां। अमृत विचार

अमृत विचार : रवीन्द्रालय में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले के चौथे दिन साहित्य व पुस्तक प्रेमियों के बीच बच्चों की किताबों की विशेष चर्चा रही। स्टालों पर ख्याति प्राप्त रचनाकारों की किताबों की बिक्री चलती रही।

मेले में बच्चों की किताबों के संग स्कूलों में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बड़ी मात्रा में और नये ढंग की दिखायी दे रही है। अभिनव छाबड़ा ने बताया कि उनके स्टाल पर प्रतिष्ठित रचनाकारों की युगांधार, मृत्युंजय, राग दरबारी, देवदास, गुनाहों के देवता, चित्रलेखा, कनुप्रिया जैसी बहुत सी किताबें फिर से मंगानी पड़ी हैं। मेले के सुभाष बुक स्टोर में राजकमल, वाणी, राजपाल, ज्ञानपीठ जैसे प्रमुख प्रकाशकों की किताबें हैं। कुमार विश्वास के संपादन में निकली जान एलिया की शायरी की किताब यानी, अमरेश द्विवेदी की रंग पुटुसिया और यतीन्द्र मिश्र की किताब गुलजार साहब : हजार राहें मुड़ के देखीं... जैसी पुस्तकें खूब पसंद की जा रही हैं। आम तौर पर मेले में हर पुस्तक पर 10 प्रतिशत छूट है, पर यहां सभी किताबों पर 20 प्रतिशत छूट मिल रही है।

'नवसृजन' साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार कन्हैयालाल के सद्य प्रकाशित महाकाव्य विकर्ण महान का लोकार्पण समारोह प्रो. वीजी गोस्वामी, प्रो.ऊषा सिन्हा, डा.सुल्तान शाकिर हाशमी, ओम् नीरव और अशोक पाण्डेय 'अशोक' जैसे अतिथियों ने किया। डॉ.योगेश ने संचालन किया। डॉ.सत्यदेव प्रसाद पथिक और प्रो.ऊषा सिन्हा ने भी "विकर्ण के बारे में बताया।

मेटा का सर्वर डाउन, फेसबुक अकाउंट लॉग आउट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर अटैक की अफवाह से मची रही अफरा-तफरी

अमृत विचार: मेटा का सर्वर मंगलवार देर शाम डाउन हो गया। इससे करोड़ों फेसबुक अकाउंट अचानक लॉग आउट हो गए। इस बीच साइबर अटैक की अफवाह भी फैल गई। लोगों ने फेसबुक अकाउंट लॉग इन करने का प्रयास किया तो पहचान पत्र मांगा जाने लगा। देखते-देखते यह सूचना सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गयी। कुछ मिनट बाद साइबर एक्सपर्ट ने इस बात की पुष्टि कर दी कि सर्वर डाउन होने के कारण लोगों की फेसबुक अकाउंट स्वतः बंद हो गए।

साइबर एक्सपर्ट शिशिर यादव ने बताया कि मेटा के जरिए फेसबुक और वाट्सएप को संचालित किया जाता है। मंगलवार रात करीब नौ बजे पूरे देश में मेटा का सर्वर अचानक से डाउन हो गया। इससे लोगों की फेसबुक अकाउंट स्वतः बंद होने लगे। कुछ एक्सपर्ट का यह भी दावा है कि यह एक डी टॉक अटैक है। इसमें बहुत सारी फेक आईडी होती है, जिन्हें बोट्स कहते हैं। इनपर किसी भी एक साइट पर बार-बार लॉग इन किया जाता है, जिससे साइट्स हैक हो जाती है। फेसबुक और इंस्टाग्राम इस वक्त खुद ही लॉग इन और लॉग आउट हो रहा है।

सोशल मीडिया पर आया मेटा प्रमुख का मैसेज : फेसबुक व इंस्टाग्राम हैक होने की अफवाह फैलने के चंद मिनट बाद सोशल मीडिया पर मेटा प्रमुख मार्क जुकरबर्ग का मैसेज वायरल हो गया। इसमें मार्क जुकरबर्ग ने लिखा कि ''चिल गायज, वेट फ्यू मिनट एवरीथिंग विल वी सॉल्वड''। 9.09 बजे वायरल हुए इस मैसेज के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

अफवाहों का दौर चला

अचानक फेसबुक बंद होने के बाद लोग अन्य साइट पर जानकारी लेने लगे। इसी बीच सोशल मीडिया पर अफवाहों का दौर शुरू हो गए। परिचितों, रिश्तेदारों व दोस्तों के माध्यम से साइबर अटैक की सूचना पाते ही कई-कई बार यूर्जस फेसबुक को खोलने का प्रयास करते रहे। रात दस बजे बंद हो रही फेसबुक आईडी स्वत: खुल गई, लेकिन एक घंटे तक साइबर अटैक के डर से लोग प्रयोग करने से हिचक रहे थे।

इण्टरनेशनल ओलम्पियाड में अर्शिका को प्रथम पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की छात्रा अर्शिका मिश्रा ने इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन नई दिल्ली के तत्वावधान में हुआ। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस की छात्रा ने विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट ज्ञान, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का उदाहरण प्रस्तुत करते प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। अर्शिका को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

अर्शिका मिश्रा

रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए कानूनगो को जमानत नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार :: नाप जोख के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार राजस्व निरीक्षक/कानूनगो विवेक तिवारी की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है।

जमानत के विरोध में कहा गया कि मामले की रिपोर्ट वादी अमर सिंह कुशवाहा ने 15 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की थी। वादी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसने जमीन की पैमाइश के लिए 30 नवंबर 2023 को आवेदन किया था, परंतु आरोपी विवेक तिवारी ने पैमाइश के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी तथा कहा था कि यदि उसे पैसे न दिए गए तो वह आवेदन निरस्त कर देगा।

अदालत को बताया गया कि पैसे न देने के कारण आरोपी ने उसके आवेदन को निरस्त कर दिया था। इसके बाद 9 जनवरी 2024 को पुनः वादी ने ऑनलाइन आवेदन किया। जिस पर आरोपी ने पुनः पैसे की मांग की, इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने जांच करने के उपरांत 24 जनवरी 2024 को शाम 7 बजे आरोपी एवं उसके साथी उमाशंकर प्रजापति को घूस के रुपये लेने के आरोप में मौके पर गिरफ्तार किया था। इस मामले की रिपोर्ट थाना मऊ दरवाजा जनपद फतेहगढ़ में दर्ज कराई गई थी।

आईएसआई के लिए जासूसी करने के अभियुक्त को छह साल की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ : पाकिस्तान डिफेंस एवं आईएसआई एजेंट को देश के संवेदनशील स्थानों की सूचना देने एवं मोबाइल फोन के जरिए फोटो भेजने के आरोपी चंदौसी थाने के चैरहट पड़ाव गांव के रहने वाले मोहम्मद रशीद को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने छह वर्ष के कठोर करावास एवं छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष एनआईए की ओर से विशेष अधिवक्ता शिखा ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट एटीएस के उप निरीक्षक रितेश कुमार सिंह ने 19 जनवरी 2020 को दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि एटीएस को सूचना प्राप्त हो रही है कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला एक व्यक्ति अपने मोबाइल से पाकिस्तान के डिफेंस/आईएसआई एजेंट के संपर्क में है तथा भारत में संवेदनशील निषिद्ध एवं सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र की फोटो तथा आर्मी के मूवमेंट एवं अधिकारियों की फोटो मोबाइल आदि के माध्यम से खींचकर उन्हें उपलब्ध करा रहा है जिससे देश की संप्रभुता एवं सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है।

बताया गया कि एटीएस के अधिकारियों के निर्देश पर सूचना को विकसित किया गया तो पाया गया कि चैरहट पड़ाव थाना मुगलसराय चंदौली का रहने वाला मोहम्मद राशिद आईएसआई के संपर्क में है। अदालत को बताया गया कि 16 जनवरी 2020 को आरोपी को एटीएस कार्यालय बुलाकर पूछताछ की गई तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद एटीएस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामला देश की सुरक्षा का होने के कारण इस मामले की जांच एनआईए को सौंप गई थी।

सार-संक्षेप

राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा को स्मृति चिन्ह देते डीएन यादव व अन्य। अमृत विचार

बसंत महोत्सव में पहुंचे राज्यसभा सांसद

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट क्षेत्र के प्रथम वार्ड रामलीला मैदान में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डीएन यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम बसंत महोत्सव कराया। इसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा ने शीर्षक राम आए हैं पर अपना व्याख्यान सुनाया। उन्होंने श्रीराम, हनुमान तथा गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से जुड़ी कई बातें बताईं। शुरुआत में जादूगर सुरेश और जैदी ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंच का संचालन चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण राय ने किया।

ओलावृष्टि रोकने के लिए अनुष्ठान

नरेंद्र सिंह यादव

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में हो रही ओलावृष्टि रोकने के लिए नरेंद्र सिंह यादव ने मां काली की पूजा-अर्चना की। आवास पर सायं 4.30 बजे अनुष्ठान किया। इसको फेसबुक लाइव करके लोगों से प्रार्थना की अपील भी की। यादव ने कहा कि ये मां काली से प्रार्थना का ही चमत्कार है जो प्रार्थना अनुष्ठान के बाद कहीं पर भी न पानी बरसा न ही ओले गिरे और मौसम ठीक है।

पत्नी की हत्या के आरोपी को 14 साल की जेल

विधि संवाददाता, लखनऊ : दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर पत्नी का गला दबाकर हत्या करने के आरोपी आनंद प्रकाश सिंह उर्फ आनंद कुमार सिंह को अपार्ट न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने 14 वर्ष के कठोर कर आवास एवं 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत के समक्ष वादी विजय कुमार सिंह के अधिवक्ता लक्ष्मणेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 9 में 2004 को थाना इटौंजा में रेवामऊ गांव के रहने वाले पति आनंद प्रकाश सिंह, जेठ रामकुमार सिंह व शिव कुमार सिंह तथा जेठानी शीला और रीता के अलावा ससुर बुद्ध प्रकाश सिंह के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। वादी विजय कुमार सिंह द्वारा थाने पर लिखाई गई रिपोर्ट में कहा गया कि उसने अपनी बहन वंदना की शादी 25 में 2003 को आरोपी आनंद प्रकाश सिंह के साथ किया था परंतु ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। बताया गया कि 9 में 2004 को सुबह 8 बजे टेलीफोन से सूचना मिली कि उसकी बहन की मौत हो गई है। बताया गया कि जब सभी लोग बहन की ससुराल गए तो देखा कि उसकी लाश छत के ऊपर कमरे में चारपाई पर पड़ी है तथा गले में रस्सी कसने के निशान हैं।

पुस्तक मेले में प्रबुद्धजनों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : चारबाग के रविंद्रालय प्रेक्षागृह में प्रगतिशील मानव सेवा शिक्षण संस्थान के तत्वाधान में पुस्तक मेले का आयोजन चला रहा है। इसमें विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। शिक्षण संस्थान के मुख्य संयोजक मोहन सिंह बिष्ट ने मंगलवार शाम गोष्ठी एवं सम्मान समारोह में ख्याति प्राप्त वरिष्ठ समाज सेविका डॉ. राधा बिष्ट राजकुमार छावड़ा, शिखा पटेल, विक्रम बिष्ट, रजनीश डोबरियाल को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व पुलिस अधिकारी एवं साहित्यकार सत्या सिंह रहीं। अन्य अतिथियों में वरिष्ठ समाज सेवी नंदन सिंह बोरा, कुर्मांचल रामलीला के अध्यक्ष दीवान सिंह अधिकारी, वरिष्ठ कवि पारसनाथ श्रीवास्तव समेत अन्य रहे।

फर्ज के फरिश्ते में दिखा अधिवक्ताओं का बलिदान

अमृत विचार, लखनऊ : हूमन वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले मंगलवार को नीना मेमोरियल फिल्म एंड नाट्य कला रंगमंच के कलाकारों ने ''फर्ज के फरिश्ते'' नाटक का मंचन किया। गोमतीनगर के संगीत नाट्य अकादमी में हुए मंचन में अधिवक्ताओं के सामाजिक न्याय के लिए बलिदान और ज्वलंत मुद्दों को दर्शाया गया। कथासार के मुताबिक हाईकोर्ट अधिवक्ता ठाकुर पदम कीर्ति की बड़ी बहन ठाकुर लक्ष्मी सिंह पुलिस कमिश्नर हैं। दोनों ईमानदार फर्ज के लिए समर्पित हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को शक है कि किसान शक्ति सिंह दुर्दान्त अपराधी है, जबकि पदम कीर्ति पुलिस कस्टडी में क्लाइंट गुरजर की हत्या न्यायालय परिसर में किये जाने से आहत हैं। अधिवक्ता पदम कीर्ति बार की अध्यक्ष बन जाती हैं, तो लक्ष्मी सिंह पदम कीर्ति को वकीलों के हितों के लिए लाठी हाथ में लेकर धरना- प्रदर्शन करके कानून अपने हाथ में लेने से रोकती हैं। लाठी चार्ज में पदम कीर्ति घायल हो जाती हैं। चंचल मिश्रा विधायक पदम कीर्ति की जूनियर शैली से अधिवक्ता जिसके भाई सांसद है के विरुद्ध केस लड़ने के लिए मिलता है। पदम कीर्ति केस झूठा होने पर पैरवी छोड़ देने की शर्त पर केस स्वीकार करती हैं। कुलभूषण विधायक शक्ति सिंह की जमीन का मुकदमा जीतकर कब्जा कर लेता है। पदम कीर्ति कोर्ट में अपील करती हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह कुलभूषण को घर से भगा देती हैं। अजय गुरजर अपने भाई गुरजर की कोर्ट परिसर में कुलभूषण के गुण्डों द्वारा हत्या और न्यायालय में अवमानना के दोषी वकील चौधरी सबल राठौर द्वारा उसके पिता को झूठी दलीलों पर फांसी होने का बदला लेने की सौगंध लेता है।

मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाया : मेघवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, उत्तर प्रदेश में कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना बहुत अच्छी

सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल। अमृत विचार

अमृत विचार : केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के नेतृत्व में सरकार ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया। प्रधानमंत्री ने इसीलिए इस बार भाजपा को 370 सीटें लोकसभा में जीतने का लक्ष्य दिया है।

मेघवाल ने उक्त बात भाजपा महानगर की ओर से विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाकर नारा दिया था कि दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे, मगर बहुमत न होने के कारण इसे धरातल पर नहीं उतारा जा सका। 2014 में बहुमत की सरकार होने के कारण ही वर्ष 2019 में केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में धारा 370 हटाने का प्रस्ताव लाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता मुख्य कड़ी होता है। उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने 2014 में निर्णायक बहुमत देकर केंद्र में सरकार बनवाई। कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छी है। मेघवाल ने कहा कि अयोध्या में मंदिर को लेकर भी विपक्षी दल सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करके विपक्षियों का मुंह बंद कर दिया। मुख्यमंत्री योगी के शासन में प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। उद्योगों के लिए उत्तर प्रदेश का माहौल अनुकूल है। इससे पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, आदि मौजूद रहे।

रेलवे के डीएमई समेत दो को पांच-पांच साल का कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ

- धोखाधड़ी कर फर्जी बिल तैयार करने का आरोप

अमृत विचार : रेलवे में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बनाने के आरोपी एनई रेलवे बनारस के फिटर ग्रेट एक के सीनियर डीएमई पीके दत्ता व मेसर्स विन्टेक इंजीनियरिंग के रिप्रजेंटेटिव विनय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने आरोपी पीके दत्ता पर 60 हजार रुपये व विनय कुमार सिंह पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सीबीआई की ओर से बताया गया कि सूचना मिली थी कि पीके दत्ता डीएमई एनई रेलवे, डीआरएम कार्यालय वाराणसी के कार्य करने के दौरान वर्ष 2004 से 2006 के बीच सुरेंद्र शरन वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, मोहम्मद असलम सिद्दीकी अकाउंट असिस्टेंट व तीन प्राइवेट पार्टियों मेसर्स विंटेज इंजीनियरिंग, मेसर्स न्यू टेक इंटरप्राइजेज व सरदार मोटर सर्विस स्टेशन के साथ मिलकर साजिश करके सरकारी गाड़ियों की मरम्मत के बिल धोखाधड़ी से तैयार किए। बताया गया कि इस धोखाधड़ी के कारण आरोपियों ने लाभ कमाते हुए रेलवे को 15 लाख 97 हजार 239 रुपए की हानि पहुंचाई थी।

हृदय नारायण पाण्डेय बने संस्कृत विश्वविद्यालय विकास समिति के सदस्य

अमृत विचार, लखनऊ : संस्कृत शास्त्रों के साथ भारतीय ज्ञान परम्परा एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सर्वविध विकास के लिए ''विश्वविद्यालय विकास समिति'' का गठन किया गया है। जिसमें कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, प्रो. राजपूजन आचार्य, राकेश कुमार कुलसचिव, आईआईए अध्यक्ष आरके चौधरी एवं "उपजा" के उपाध्यक्ष हृदय नारायण पाण्डेय आदि को सदस्य नामित किया गया है। कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि काशी के प्रत्येक क्षेत्र के विशिष्ट जनों को जोड़कर ''विश्वविद्यालय विकास समिति'' का गठन किया गया है। समिति द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा एवं सनातन संस्कृति के अभ्युदय के लिए आगे विभिन्न कार्य किए जायेंगे। यह समिति निरन्तर चिंतन के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य तक कार्य करेगी।

केले के तने से तैयार हुई उम्मीदों की पौध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

महिलाओं द्वारा केले के तने से तैयार किये गए उत्पाद। अमृत विचार

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में उत्पादों की ऐसी तस्वीर पेश की गई कि छात्र उसे समझे बिना नहीं रह सके। गांव से आई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये। उत्पादकता बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

एकेटीयू में मौका था इनोवेशन हब और दि एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान का। ऐसे में अमेठी के स्वयं सहायता समूह की सिंहपुर गांव वासी महिलाओं का आना हुआ। देखते ही देखते गांव की महिलाओं ने केले के तने से पर्स, बैग, चप्पल, टोकरी और टोपी सहित अन्य उत्पाद तैयार कर डाले। झटपट तैयार उत्पादों को देख छात्रों का समूह इकट्ठा हो गया। महिलाओं ने उत्पाद तैयार करने की बिन्दुवार जानकारी दी। उत्पाद आमदनी के साथ कैसे तैयार किये जाते हैं, ये भी बताया गया। इंटीग्रल विवि के सोलर विभाग के डायरेक्टर प्रो. टी उस्मानी ने सोलर एनर्जी पर विभिन्न शोधों के प्रकार प्रस्तुत किये गए।

शून्य कार्बन उत्सर्जन पर मंथन: कुलपति प्रो. जेपी पांडेय और यूपी टेक्सटाइल्स टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर के प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार सिंह गंगवार ने एमएसएमई में कार्बन उत्सर्जन को कम करने के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। नई तकनीकी का प्रयोग कर क्लीन एनर्जी का प्रयोग, ऊर्जा की खपत, कार्बन उत्सर्जन पर भी चर्चा हुई।

स्मार्ट बोर्ड के से कराया जाएगा मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

- गूगल फार्म पर दर्ज होगी मतदान कर्मियों की उपस्थिति

अमृत विचार : केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम के दौरे के बाद लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला प्रशासन ने भी कवायद शुरू कर दी है। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कराया जाएगा। प्रशिक्षण केकेसी कॉलेज में होगा और इसके नोडल एडीएम भूमि-अध्याप्ति द्वितीय होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी से ही नामांकन प्रक्रिया के फार्मेट की सूची, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था कर लें। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के साथ ही एसडीएम, अपर नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदारों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान कर्मियों का जहां प्रशिक्षण होना है उन कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगवाए जाएं। जिस पर यूट्यूब के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी के सेशन का भी सजीव प्रसारण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण वाले प्रत्येक कक्ष में 4-4 ईवीएम और वीवीपैट की व्यवस्था प्रशिक्षण के लिए की जाए। मतदान कर्मियों की उपस्थिति गूगल फार्म के माध्यम से ली जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, अपर नगर आयुक्त ललित, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. शुभी सिंह, एडीएम भू आ प्रथम धर्मेंद्र, एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, एडीएम ट्रांस गोमती राकेश सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य मौजूद रहे।

की फोटोग्राफी व बनाई फेस पर पेन्टिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- शिया पीजी कॉलेज में शुरू हुआ दो दिवसीय यूथ फेस्ट आयोजन

अमृत विचार : शिया पीजी कॉलेज में दो दिवसीय एक्सप्रेशन यूथ फेस्ट का शुभारम्भ तिलावत-ए- कुरान से हुआ। यूथ फेस्ट की थीम तहजीब-ए-अवध रहा। छात्र और छात्राओं ने महाविद्यालय को हस्तनिर्मित कलाकृतियों और रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये महाविद्यालय के प्रबन्धक सै. अब्बास मुर्तजा शम्सी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यूथ फेस्ट छात्र और छात्राओं में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का काम करता है। कल्चरल कमेटी की समन्वयक प्रो. जरीन जेहरा रिजवी ने बताया कि इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय समेत 20 संस्थानों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है।

कार्यक्रम में फोटोग्राफी, फेस पेन्टिंग, म्यूरल आर्ट, डिबेट, त्वरित सम्भाषण, फिल्म रिव्यू, मोनो एक्ट, कविता लेखन, स्लोगन राइटिंग, कैलीग्राफी, रंगोली, एसयूपीडब्ल्यू प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उन्होंने बताया कि बुधवार को दस्तकारी, गजल, मेहंदी, कविता लेखन, प्रोटरेट, बैतबाजी, पोस्टर मेकिंग, सेल्फी कान्टेस्ट, लिबासे-ए-अवध, कार्ड मेकिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं होंगी।

हादसे के दौरान घर में मौजूद थे 18 लोग

धमाके से कमरे की खिड़की, पीछे की दीवार और छज्जा गिरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : काकोरी में जिस दो मकान में हादसा हुआ, उसमें परिवार के सदस्य और रिश्तेदारों समेत 18 लोग मौजूद थे। हादसे के समय सभी लोग नींद में थे। ऊपरी मंजिल पर मुशीर के कमरे में शार्ट सर्किट से आग लगी थी, बब्बू के कमरे तक पहुंच गई और सिलेंडरों में धमका होने से इलाका दहल गया। इसके साथ ही चीख पुकार मच गई।

बताया जा रहा है कि मुशीर चार भाई हैं। मुशीर आतिशबाजी और बब्बू गैस बांटने के साथ रीफिलंग का काम करता है। पप्पू जरी का और बबलू परचून की दुकान करते हैं। हादसे का शिकार लोग ऊपर की मंजिल पर बने अगल-बगल के दो कमरों में खाना खाकर सो गये थे। इसी दौरान शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग बब्बू के कमरे तक पहुंचे पर एक के बाद एक दो सिलेंडर फट गये।

सिलेंडर फटने से हुए हादसे के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान और गिरी दीवार। अमृत विचार

धमाकों से मुशीर के कमरे की खिड़की, पीछे की दीवार और छज्जा गिर गया। पहले तल पर कमरे में हुसना बानो, बेटी हुमा, लकब, इंशा और अनम के साथ सोए थे। नीचे के कमरे में बहनोई अमजत उनकी दो साल की बेटी हिना, चार वर्षीय हुमा और सात वर्षीय भतीजी रइया सोई थी।

- ऊपरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट से लगी आग सिलेंडर तक पहुंचने से हुआ बड़ा हादसा

फंसे लोगों को रेस्क्यू कर भेजा अस्पताल

10 .43 पर चौक फायर स्टेशन को काकोरी कस्बा में घर में आग लगने की सूचना मिली। बताया गया कि कुछ लोग फंसे हैं। फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां पहुंचीं। आग मकान की प्रथम तल पर लगी थी। आग के बीच चार लोग फंसे थे। दमकल कर्मियों ने उन्हें निकाल कर अस्पताल भेजा। टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

मुश्किल से हुई शिनाख्त

धमाके से कमरे की दीवार गिरने से लोग नीचे दब गये थे। पुलिस व दमकल कर्मियों ने मलबा हटाकर शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। आग से झुलसे मृतकों की शिनाख्त के लिये परिजन को काफी प्रयास करना पड़ा। दमकल की चार गाड़ियों ने रेक्यू कर घायलों को निकाल कर अस्पताल भेज दिया।

पड़ोसियों ने पुलिस को दी सूचना, आग बुझाने का किया प्रयास

धमाके से हादसे वाले घर की छत और दीवार ढह गई। बगल में अजमत के कमरे का एक हिस्सा भी गिर गया। आस पड़ोस के लोगों की मदद से परिवारीजन ने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। पड़ोसियों की सूचना पर दमकल व पुलिस भी पहुंच गई।

कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी, कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांकः 1311/मनरेगा/निविदा/2023–24 दिनांकः 05 मार्च, 2024

अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म से निविदायें दिनांक–11.03.2024 तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कुरारा में आमन्त्रित की जाती है। जो दिनाक 06.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 11.03.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनाक 06.03. 2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो कार्यक्रम अधिकारी कुरारा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना घरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्र. सं.	योजना का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलन में सामग्री की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	जमा की जाने वाली धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा का मूल्य + टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	मनरेगा योजना	ग्राम पंचायत जमरेहीऊपर में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	8.90	17800	450+50	03 माह
2		ग्राम पंचायत शकरपुर में हरदत्त के खेत से शंकरजी के मन्दिर तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य	8.80	17600	450+50	03 माह
3		ग्राम पंचायत शंकरपुर में छुटकउना के खेत से पप्पू के खेत तक सी0सी0रोड निर्माण कार्य	8.80	17600	450+50	03 माह
4		ग्राम पंचायत भटपुरा में प्रेमनरायन तिवारी के मकान से सरफल्ली के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य	9.24	18480	450+50	03 माह

अन्य शर्तेः– 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही की जाएगी। 3 सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्ण कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी–4, टी–5, टी–6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 11. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा। 12. जमानत राशि जमा न करने की स्थिति में ठेकेदार के प्रथम बिल से नियमानुसार जमानत राशि की कटौती की जाएगी।

कार्यक्रम अधिकारी – कुरारा (हमीरपुर)

महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था रखें चाक-चौबंद : डीजीपी

- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में न हो किसी प्रकार की लापरवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रदेश सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को सभी एडीजी जोन, पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों से कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम के आयोजकों, शांति समितियों, शिविर प्रबंधकों आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी संवाद बनाकर रखें। उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को ताकीद किया है।

डीजीपी ने निर्देश दिया है कि जलाभिषेक के लिए प्रस्तावित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय तथा आवश्यकतानुसार एण्टी सेबोटॉज चेकिंग करायी जाय। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी हालत में रखा जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्गो, संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए प्रर्याप्त पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर राहत के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।रात्रि में किसी भी कांवड़ यात्रियों के साथ कोई मार्ग दुर्घटना न हो, इसके लिए विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जाये।

दो करोड़ लेकर बिल्डर ने नहीं दिया फ्लैट, हर्जाना

अमृत विचार, लखनऊ : वाराणसी की एक निजी कंपनी के मुख्य अभियंता ने स्पेंटा एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड से मुंबई में दो करोड़ रुपये देकर फ्लैट खरीदा, लेकिन तय समय पर फ्लैट नहीं मिला, न ही बिल्डर ने रुपये लौटाए। राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनवाई कर बिल्डर को ब्याज समेत रकम लौटने के साथ 20 लाख रुपये का हर्जाना ठोका है। संतोष सिंह निवासी गोपपुर, वाराणसी जो कि एक निजी कंपनी में मुख्य अभियंता है। उन्होंने 2019 में मुंबई की स्पेंटा एन्क्लेव प्राइवेट लिमिटेड से उसकी परियोजना लालो डोंगर, ग्राम चेंबूर, तालुका कुर्ला, सायन–ट्रॉम्बे में स्थित फ्लैट खरीदा था। बिल्डर को शर्तों के आधार पर पूरे दो करोड़ रुपये भुगतान किए, लेकिन तय समय पर बिल्डर द्वारा कब्जा नहीं मिला। आवंटित क्षेत्रफल में भी हेरफेर किया। संतोष ने बिल्डर से रुपये वापस मांगे तो नहीं दिए। उन्होंने राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। बिल्डर को आदेश दिया कि वह पीड़ित को दो करोड़ रुपये जमा तिथि से 10 प्रतिशत ब्याज के साथ दो माह में अदा करे। साथ ही 20 लाख रुपये हर्जाना लगाया।

सलीम शेरवानी की नाराजगी से ज्यादा चिंतित हैं अखिलेश यादव

- बैठक के बाद सलीम करेंगे आगे की राजनीति को लेकर निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले पूर्व सांसद सलीम शेरवानी और पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की मुलाकात बेनतीजा रही है। एक के बाद एक सहयोगियों के छोड़ कर जाने के बाद अब लोकसभा चुनाव से पहले सपा को चिंता सताने लगी है।

बीते साल नवंबर में खीरी संसदीय सीट से दो बार सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वह भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव थे। इसके बाद पिछले दिनों सपा के राष्ट्रीय महासचिव व एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पार्टी और विधान परिषद से इस्तीफा दे दिया था। इसके पहले सपा के सहयोगी दल रालोद ने एनडीए का दामन थाम लिया।

अभी हाल ही में राज्यसभा चुनाव से पहले सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडे ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मनोज पांडे समेत सपा के सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया।

दरअसल, पांच बार के सांसद रहे सलीम शेरवानी की नाराजगी सपा प्रमुख को ज्यादा आहत करने वाली रही है। उनका चुनाव क्षेत्र बदायूं रहा है। इसके बाद सपा ने बदायूं से धर्मेंद्र यादव के बजाय शिवपाल यादव को प्रत्याशी बनाया। शिवपाल ने सलीम शेरवानी को मनाने के लिए फोन भी किया।

वहीं, चार मार्च को लखनऊ में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सलीम शेरवानी के बीच मुलाकात हुई लेकिन इस दौरान बातचीत से कोई समाधान नहीं निकला। खबर है कि, शेरवानी सहसवान में सेक्युलर फ्रंट के तहत बुधवार को एक बैठक करने जा रहे हैं। वहां वह अपने समर्थकों के साथ राय-मश्विरा करने के बाद यह तय करेंगे कि आगे क्या करना है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 2010 /न0पा0प0 –राठ/वि0/2023–24/ दिनाकं 03.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त बेवसाइट डेवलप करने वाली भिन्न एजेन्सी/फर्म को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद राठ द्वारा कर विभाग हेतु ऑनलाइन साफ्टवेयर एवं बेवसाइट तैयार कराया जाना है। जिससे नगरवासियों को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। जिसकी निविदा दिनांक 11.03. 2024 को पालिका कार्यालय में समय अपरान्ह 01.00 बजे तक विक्रय की जायेगी। उक्त निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 12.30 तक डाली जायेगी एवं उसी दिनांक को अपरान्ह 02.00 बजे ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में प्रतिभाग करने वाले समस्त फर्म/ठेकेदार को कार्य की जमानत धनराशि एन0एस0सी0/किसान बचत पत्र/एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी पदनाम से बंधक हो जमा करना अनिवार्य है। कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कर विभाग से की जा सकती है। बिना कारण बताये एक या सम्पूर्ण निविदा को निरस्त किया जा सकता है। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष को होगा। कार्य का विवरण निम्नवत है :–

क्र0सं0	कार्य का नाम	कार्य की लागत जी0एस0टी0 सहित	जमानत धनराशि	टेण्डर शुल्क जी0एस0टी0 सहित
1	2	3	4	5
1.	नगर पालिका परिषद राठ के कर विभाग हेतु ऑनलाइन साफ्टवेयर एवं वेबसाइट तैयार किये जाने का कार्य	811250.00	81500.00	1000.00

निविदा हेतु शर्ते :–

1. सशर्त/कटिंग/ओवर–राईटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वतः निरस्त समझी जायेंगी।
2. निविदा के साथ निविदादाता को जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की सत्यापित छायाप्रति निविदा में संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
3. निविदादाता को विगत 03 वर्षो का 50 लाख का टर्नओवर निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को विगत तीन वर्षो में उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित कार्य का अनुभव होना चाहिये।

निविदा के साथ स्वः प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र एवं कार्यादेश संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

सार-संक्षेप

मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारने की जतायी उम्मीद

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. मंत्रिमंडल में शामिल नए मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आप सभी 'मोदी की गारंटी' को धरातल पर उतारते हुए 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं।

भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली शक्ति वंदन स्कूटी यात्रा

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य के नेतृत्व में मंगलवार को शक्ति वंदन स्कूटी यात्रा निकाली गई। इसकी शुरूआत 1090 चौराहा से हरी झंडी दिखाकर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने की, जबकि राज्य मुख्यालय पर संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने यात्रा का स्वागत करते हुए समापन किया। इस दौरान नेताओं ने प्रदेश की सभी 80 सीटों को जीतने के लिए महिला कार्यकर्ताओं में जोश भरा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य के नेतृत्व में वूमेन पावर लाइन चौराहा 1090 से प्रदेश मुख्यालय भाजपा तक के लिए स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के एक दशक के कार्यकाल में महिलाओं की दिशा व दशा में होने वाला अविस्मरणीय परिवर्तन है। केंद्र सरकार की सभी योजनाएं महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाई गई है, जिससे महिलाओं में शिक्षा सुरक्षा और समन्वय तीनों ही स्तरों में भारी परिवर्तन देखने को मिलता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री व सांसद अमरपाल मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को राजनीति में दिए गए 33 फीसदी आरक्षण ने महिलाओं की स्थिति को समाज में और मजबूत कर दिया है, इसलिए महिलाओं ने "नारी शक्ति वंदन" के तहत स्कूटी रैली निकालकर मोदी को 2024 में पुनः प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

बिजली बिल माफी के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : नलकूप कनेक्शन का बिजली माफ करने की मांग को लेकर मंगलवार को भाकियू हरिनाम सिंह गुट ने शक्ति भवन पर धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मांगें पूरी होने पर ही हटेंगे। किसान साथ खाने–पीने का पूरा सामान लेकर आए थे। इसी बीच पहले से प्रस्तावित कैबिनेट बैठक शुरू हुई। बैठक में किसानों का बिजली बिल माफ करने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सरकार ने मंजूर कर लिया। किसानों का बिजली बिल माफ कर दिया गया। किसानों ने इसे अपने प्रदर्शन की जीत बताया। किसानों के बिजली बिल को 100 प्रतिशत छूट दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इस समय ग्रामीण क्षेत्र में 14 .73 लाख और शहरी क्षेत्र में 5188 नलकूप हैं। कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों के बिजली बिल में छूट दी गई। करीब डेढ़ करोड़ किसानों को इससे फायदा मिलेगा। एक अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देना होगा। सारा बिल सरकार माफ कर रही। लेकिन, एक अप्रैल 2023 से पहले जो बिल बकाया है, उस पर बिना ब्याज के बिल भुगतान की योजना सरकार लाएगी। धरना दे रहे किसानों का कहना था कि अभी भी सैकड़ों किसानों का नलकूप का बिल आ रहा है। इसमें लोगों के यहां 15 से 20 हजार रुपए के बिल आ रहे हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिजली बिल माफ करने का ऐलान किया था। इसमें कहा था कि 1 अप्रैल 2023 से बिजली बिल नहीं लगेगा, उसके बाद भी बिल आ रहा है।

सरकारी पंजीयन कम

अमृत विचार, लखनऊ : गेहूं का बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण सरकारी खरीद के पंजीयन की रफ्तार धीमी है। बाजार भाव कम न हुआ तो इस बार भी खरीद प्रभावित हो सकती है। पंजीयन कम होना किसानों का क्रय केंद्रों पर रुझान कम होना दर्शाता है। इसके लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.

TENDER NOTICE

On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Agra Zone) /(Lucknow Zone-2)/ and (Electrical Zone-4) invites, online percentage rate bids in two bid system for-
(1)- NIT No-2989 Dated 20-02-2024 Construction of Proposed Repair and Renovation of Orthopedic Block at GSVM Medical College Kanpur Nagar
(2)- NIT No-2990 Dated 20-02-2024 Construction of Jachcha Bachcha Hospital at GSVM Medical College Kanpur Nagar.
(3)- NIT No-2997 Dated 21-02-2024 Construction of New Block on First Floor K.P Institute of Medicine at GSVM Medical College Kanpur Nagar.
(4)- NIT No-2995 Dated 20-02-2024 Construction of Renovation of Surgery Department at GSVM Medical College Kanpur Nagar
(5)- NIT No-701/GM Lko Zone-2/JTRI/Type- V/ RNN/H.C.Unit-1/2024 Dated 14-03-2024 Construction of Renovation and Painting of Type-V Residence at JTRI, Lucknow.
(6)- NIT No-713/EOI/ GM (L Z-2)/ RNN/24 Dated 04-03-2024 EXPRESSION OF INTEREST FOR ENLISTMENT OF PIECE WORK CONTRACTOR/ VENDER FOR VARIOUS PROJECT UNDER JURISDICTIONS OF LUCKNOW ZONE -2 U.P.R.N.NL/ LUCKNOW
(7)- NIT No-250/PM(E)/Elec. unit lko/E- Tender /RNN/24 Dated 01-03-2024 Construction of PROPOSED DEVELOPMENT AND RENOVATION OF K.D SING BABU STADIUM
(8)- NIT No- 1857/APM(E)/Elec. unit Prayagraj/2024 Dated 10-02-2024 Construction of SITC of Escalator (04 Nos) at Carpet Expo Mart Bhadohi
Last date of submission of offers upto 2:00 PM on Dated 11-03-2024 (Sl-1 to 5), upto 3:00 PM on Dated 11-03-2024 (Sl-6), upto 3:00 PM on Dated 25-03-2024 (Sl-7) upto 12:00 PM on Dated 11-03-2024 (Sl-8) all other details on:- website: www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

पकड़ी गई कच्ची शराब व आरोपी के साथ आबकारी विभाग की टीम। अमृत विचार

आबकारी विभाग की टीम ने मारा छापा, दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

खबर का असर

- 10 लीटर कच्ची शराब, 30 किलो लहन बरामद
- सोमवार को कच्ची शराब की खबर को किया गया था प्रकाशित

अमृत विचार : होली के पहले शराब की भट्ठियां धधकने की खबर सोमवार को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की। इसके बाद आबकारी विभाग की नींद टूटी। मंगलवार को आबकारी टीम ने कई गांवों में छापा मारकर 10 लीटर कच्ची शराब और 30 किलो लहन बरामद किया। शराब बनाने के आरोप में दो लोगों को गिफ्तार भी किया गया है।

आबकारी जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कबीरपुर से सरवन पुत्र रामेश्वर और रंजना पत्नी स्वर्गीय दिनेश रावत को पकड़ा गया। सरवन के पास से 30 किलो लहन, व 4 लीटर कच्ची शराब और रंजना के पास 6 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। कुल 3 अभियोग पंजीकृत किए गए। बरामद लहन को टीम ने मौके पर ही नष्ट करा दिया।

डॉक्टर ने आवारा कुत्ते को कार से रौंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत विजय खंड में कार सवार डॉक्टर ने आवारा कुत्ते के बच्चे को कार से रौंद दिया। दुर्घटना सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद हो गई। पशु प्रेमी गार्गी चौहान की तहरीर पर गोमतीनगर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, विजय खंड निवासी पशु प्रेमी गार्गी चौहान ने डॉ. प्रमेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में चौहान ने बताया कि वह आवारा पशुओं के अधिकार के लिए एनजीओ भी चलाती हैं। आरोप है कि गत 28 फरवरी की रात करीब सवा 10 बजे निजी अस्पताल के डॉ. प्रमेश अग्रवाल ने कार आवारा कुत्ते के बच्चे को कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आरोप है कि डॉ. प्रमेश ने जानबूझकर कुत्ते के बच्चे पर कार चढ़ाई है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत के आधार पर डॉ. प्रमेश पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

M/s. NATRAJ VIKAS SANSTHAN, UP RE-TENDER REFERENCE No. SFURTI-II/– TUNDLA LEATHER CLUSTER, FIROZABAD, UP/SFURTI/02/2023-24

Address: H No 11, Natraj Puram, Tundla, UP, Phone: 9999751120/8077134336

TENDER DOCUMENT

For and on behalf of M/s. NATRAJ VIKAS SANSTHAN, sealed tenders are invited from reputed manufacturers / dealers for the Design, supply, erection and commissioning of machineries, equipment, and its accessories for the Common Facility Center of TUNDLA LEATHER CLUSTER, FIROZABAD, UP on turnkey basis under the "Scheme of Fund for Regeneration of Traditional Industries (SFURTI)", supported by Ministry of MSME, Government of India. UPKVIB is the Nodal Agency for the cluster development under the scheme. Download link https://1drv.ms/b/s!AiZgJEy1YBZ2hagp4MrXsCQvanzaIA?e=pHRSrc

Description of work	Package no.	Site Location	Approximate value of work	Period of Execution
Supply Of Machinery And Equipment's For Cfc – Tundla Leather Cluster, Firozabad, Up	2	VILLAGE -KOTKI , TEHSIL TUNDLA, DISTRICT – FIROZABAD, UTTAR PRADESH - 283204	TENDER COST- Rs 139 LAKHS Tender Fee – Rs. 5,000/- EMD – Rs. 278,000/-	120 Days

Date & Time of Release of Tender 06/03/2024 by 10.00 A.M. Last Date &Time for Submission of Bid 12/03/2024 by 5 P.M. Date &Time of Opening of Bid (Technical bid only) 12/03/2024 by 5 P.M. The tender document shall be Buy & Submitted at the office of Zila Khadi Gram Udyog, Firozabad, UP

Sd- General Secretary

कार्यालय ग्राम पंचायत शफीपुर, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, जनपद–सुलतानपुर

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023–24 दिनांक–04.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शफीपुर, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन योजना अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक– 07.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत शफीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक– 07.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है–

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
01	ग्राम पंचायत शफीपुर में हैंड पम्प शोखता निर्माण कार्य।	ब्यास 1.7 मी ×गहराई 1.25मी , 23 नग जिसकी लागत 2,74,293.54 रुपये हैं।	सीमेंट, मोरंग, सफेद मोरंग, ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, रॉड पीवीसी पाइप

नोट– शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0– शफीपुर, वि0ख0– प्रतापपुर कमैचा, जनपद–सुलतानपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 2008 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 02.03.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	भवन सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	शहनवाज खान पुत्र शमशाद उल्ला खान	श्रीमती जाहिदा खान पत्नी शमशाद खां	फरसौलियाना–2	11	389	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 1789 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 01.03.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती शिखा साहू पत्नी भरत कुमार साहू	श्रीमती समीदा खातून पत्नी रसीद खॉ	लुधियातपुरा –1	06	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 1790 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 01.03.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती शिखा साहू पत्नी भरत कुमार साहू	श्री अब्दुल अजीज व अनीस मुहम्मद पुत्रगण यूनिस मुहम्मद	लुधियातपुरा –1	06	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 2003 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 02.03.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्री भरत कुमार साहू पुत्र मोतीलाल साहू	श्री रामजीवन पुत्र शिवनाथ	सिकन्दरपुरा –2	04	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद – राठ (हमीरपुर)

पत्रांकः 1738 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 23.02.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार
1	श्री इम्तियाज खॉ पुत्र कल्लू	श्रीमती अखिलेश उर्फ जयन्ती पत्नी राम सिंह	सिकन्दरपुरा –3	05	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

अकामान् कामयति यः कामयानान् परित्यजेत्।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

संपादकीय

ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी



के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रॉप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंग्लैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

प्रसंगवश

आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुज़ुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

सोशल फोरम

राजनीति की गंगा

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

कुबेर का घमंड



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक की होती ही नहीं है।

खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

निधि नित्या
जबलपुर

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

सर्राफा दुकान से 50 लाख के जेवर लूटे

गोंडा में वारदात, हेलमेट लगाकर दुकान में घुसे थे, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

करनैलगंज, गोंडा

अमृत विचार: करनैलगंज बाजार में एक सर्राफा की दुकान पर दो अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर मालिक की कनपटी पर असलहा लगाकर जेवर लूट ले गए। जेवरों की कीमत दुकान मालिक 50 लाख बता रहा है। दहशत के मारे व्यापारी ने पुलिस को सूचना नहीं दी, जब मामला खुलने लगा तो 20 घंटे बाद दुकान मालिक ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी । घटना की जानकारी पुलिस को होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम मौके पर पहुंचे। पूरे घटना की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी का डीबीआर कब्जे में ले लिया। घटना की तहरीर सर्राफा व्यापारी की तरफ से पुलिस को दी गई है।

पुलिस के अनुसार, सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ शाह निवासी मोहल्ला गांधीनगर की दुकान ठठराही बाजार में थी। सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन होने के नाते रात्रि 10 बजे व्यापारी अपनी दुकान पर आकर हिसाब किताब कर रहा था। तभी अचानक दो बदमाश हेलमेट लगाकर अंदर घुस आए और व्यापारी व उसके एजेंट जितेंद्र कुमार पाठक के ऊपर असलहा कनपटी पर लगा दिया। उसकी दुकान पर रखा लगभग 10 किलो चांदी के जेवर और 600 ग्राम सोने के जेवर इसके साथ ही एक लाख 80 हजार रुपए नकद लूट ले गए। जाते-जाते बदमाशों ने जान से मार देने की धमकी दी और भाग गए। घटना के बाद व्यापारी विक्षिप्त अवस्था में हो गया और 20 घंटे बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज दुकान में लगे कैमरे में कैद है। सूत्रों की माने तो 50 लाख से अधिक के जेवरात लूटे गए हैं। घटना के बाद से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

रामराज्य की स्थापना में सभी को देना होगा योगदान : प्रो. आशुतोष

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ए स्टडी ऑफ इकोनामिक कान्सेप्सन इन इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। अध्यक्षता कर रहे कला एवं मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के बाद हम सभी की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। रामराज्य की स्थापना के लिए जरूरी है कि श्रीराम के अर्थशास्त्र को समझने व उनके अनुरूप ही देश की आर्थिक प्रणाली तथा संरचना का विकास करना है।

महादेवा जा रहे श्रद्धालु की दुर्घटना में मौत

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : कानपुर से महादेवा स्थित लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने आ रहे दो श्रद्धालुओं की बाइक सोमवार की रात हाईवे पर खडे ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, दूसरे का उपचार किया जा रहा है।

हादसा सोमवार की रात मसौली थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच हाइवे पर हसनापुर मोड़ के पास हुआ। सोमवार को कानपुर नगर के विधूना थाना क्षेत्र के इटारा निवासी संजय अपने साथी घाटमपुर थाना क्षेत्र के रामनगर बुधवा निवासी सुखदेव के साथ बाइक से जलाभिषेक करने के लिए लोधेश्वर महादेवा जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर खड़े ट्रेलर से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संजय को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है।

एटीएस के हवाले होगी महाशिवरात्रि पर महादेवा की सुरक्षा व्यवस्था

बाराबंकी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर इस बार लोधेश्वर महादेवा की सुरक्षा की कमान एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉयड) के हवाले रहेगी। मेला परिसर की निगरानी 17 सीसीटीवी कैमरों से होगी और बम डिस्पोजल दस्ता भी तैनात रहेगा। सुरक्षा व्यवस्था को चार जोन और आठ सेक्टर में बांटने के साथ 12 सौ से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। अलग से मेला कोतवाली होगी। इस बार महाशिवरात्रि पर महादेवा की सुरक्षा में एटीएस और बम डिस्पोजल दस्ते की एक-एक टीम को लगाया गया है। मेले की सुरक्षा चार सेक्टर और 8 जोन में बांट कर 5 सीओ, आठ थाना प्रभारी, 15 निरीक्षक, 110 उप निरीक्षक, 4 महिला उपनिरीक्षक, 440 मुख्य आरक्षी आदि लगाए जाएंगे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटावा

पत्रांकः 3674/ज.नि.वि./अ.अ.नि.सू./2023-24 दिनांकः 02.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त विभागों में पंजीकृत ठेकेदार / फर्मो को सूचित किया जाता है कि 15वाँ वित्त आयोग / राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्यो हेतु सील बन्द लिफाफे में कॉलम 7–के अनुसार नियत तिथि व स्थल में अपरान्ह 02.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिनाक को अपरान्ह 03.00 बजे निविदादाता / प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 11. 03.2024 को 01.00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। धरोहर धनराशि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, इटावा के नाम बन्धक होगी। जिन निविदाओं के साथ धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 संलग्न नहीं होगी। उन निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना कारण बताए सक्षम अधिकारी / अधिशाषी अधिकारी के पास निहित है। यदि निविदा डालने के दिनांक को किसी कारणवश कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जाएगी। निविदा डालने से पूर्व आगणन व कार्यस्थल का भलीभाँति निरीक्षण कर लें।

क्रम	कार्य का नाम	धनराशि (रु. लाख)	धरोहर राशि	(नि.मूल्य+18%GST) = निविदा प्रपत्र मूल्य कर सहित	कार्य की अवधि	निविदा खुलने का स्थान व तिथि
1	2		4	5	6	7
1	नौरंगाबाद में प्राइमरी स्कूल के सामने साबिर के मकान से जावेद के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	119200	10%	400+72= 472	30 दिन	अधिशाषी अधिकारी कक्ष दिनांक 12.03.2024
2	वार्ड नं.-28 घटिया अजमत अली में देवेन्द्र कुमार एवं इरशाद के मकान के पास सीढ़ी एवं नाली निर्माण कार्य।	149000	10%	400+72= 472	30 दिन	
3	वृन्दावन कालौनी में रंजना के मकान वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैव निर्माण कार्य।	163500	10%	500+90= 590	30 दिन	
4	मो. पुरबिया टोला नालापार चूना चक्की पर दीपू के मकान से बल्लू के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	166600	10%	500+90= 590	30 दिन	
5	मो. पुरबिया टोला बाबा अतरदास की बगिया बल्लू के मकान के पास आर.सी.सी. स्लैब का कार्य।	166800	10%	500+90= 590	30 दिन	
6	मो. छिपैटी में छुन्ना के मकान से अम्बरीश मिश्रा के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	173000	10%	500+90= 590	30 दिन	
7	वार्ड नं.-20 कमला कालोनी में राहुल यादव के मकान के पास सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	181100	10%	500+90= 590	30 दिन	
8	मो. छिपैटी मन्दिर से राजीव लोचन गौड़ के मकान तक एवं पाठक जी वाली गली में सी.सी. सड़क एवं इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य।	106200	10%	500+90= 590	30 दिन	
9	वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में प्रेम बाबू के मकान से रामप्रकाश के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व सी.सी. सड़क व स्लैब निर्माण कार्य।	217300	10%	500+90= 590	30 दिन	
10	वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में संतोष चौधरी के मकान से विमलेश अवस्थी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य।	219600	10%	500+90= 590	30 दिन	
11	वार्ड नं.-4 मो. शीतलपुर में रघुवीर एवं निर्मल वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	227900	10%	500+90= 590	30 दिन	
12	मो. फूलनदेवी डांड़ा सांई हॉस्पिटल से जगमोहन के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	239700	10%	500+90= 590	30 दिन	
13	मो. कटरा फतेह महमूद खां राजपूत कालौनी में अहिवरन सिंह राजपूत के मकान से राधे रमन के के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	263300	10%	600+108= 708	30 दिन	
14	मो. पुरबिया टोला पजावा नाले के किनारे रामजीवन के मकान से कौशल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत कार्य।	269500	10%	600+108= 708	30 दिन	
15	वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में चन्द्रशेखर के मकान से अजय पालीवाल के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	277300	10%	600+108= 708	30 दिन	
16	वार्ड नं.-15 मो. सती में जहीर आरा मशीन के पास गुलाम मोहम्मद के मकान से संजय कुमार शर्मा के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	279400	10%	600+108= 708	30 दिन	
17	वार्ड नं.-20 मोतीझील रोड इटावा एक्स-रे से मोतीझील चौराहा तक नाली एवं स्लैब का निर्माण कार्य।	284700	10%	600+108= 708	30 दिन	
18	वार्ड नं.-26 मो. रामगंज चौराहे के पास नाले के किनारे इस्रईल के मकान से कदीर के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	291700	10%	600+108= 708	30 दिन	
19	वार्ड नं.- 10 मो. रामनगर में शशि भूषण के मकान से सुरेन्द्र यादव के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	296900	10%	600+108= 708	30 दिन	
20	वार्ड नं.- 26 कबीरगंज में ललित वर्मा के मकान से हाजी कदीर अहमद के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	305900	10%	600+108= 708	30 दिन	
21	मो. पुरबिया टोला नालापार में अमन के मकान के पास सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	320400	10%	600+108= 708	30 दिन	
22	वार्ड नं.- 35 मो. चौगुर्जी में अतुल पाण्डेय के मकान से मुकुल त्रिपाठी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	320800	10%	600+108= 708	30 दिन	
23	मो. पुरबिया टोला में बाबा अतरदास की बगिया पुलिया के पास नाले की दीवार एवं सी.सी. का कार्य।	336700	10%	600+108= 708	30 दिन	
24	वार्ड नं.-33 मो. साबितगंज पश्चिमी में आशियाना होटल के सामने से अब्दुल लईक के मकान से होकर जहाँगीर के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	336700	10%	600+108= 708	30 दिन	
25	मो. सती में सती मठिया के पास चौक में एवं संजू वाली गली में सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	344400	10%	600+108= 708	30 दिन	
26	मो. ओमपुरम कालौनी में गीतम के मकान से अनुराग के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	357900	10%	700+126= 826	30 दिन	
27	वार्ड नं.- 33 मो. चौकी शमशेरी पुलकहारान के पास प्रलय वाली गली एवं बॉबी स्टूडियो से पप्पू के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं सी.सी. सड़क व स्लैब निर्माण कार्य।	358200	10%	700+126= 826	30 दिन	
28	मो. छिपैटी अबुधाबी में अरशद जमाल के मकान से मेराज अहमद के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	362500	10%	700+126= 826	30 दिन	
29	मो.छिपैटी अहीरन टोला मनीष के मकान से परशुराम के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य	368700	10%	700+126= 826	30 दिन	
30	वार्ड नं.-12 मो. मेवाती टोला में इमामबाड़े के सामने चमन के मकान से नाले की पुलिया तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	371000	10%	700+126= 826	30 दिन	
31	मो. धूमनपुरा में चन्द्रभान के मकान से रामसेवक के मकान तक एवं पूरन सिंह वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	371700	10%	700+126= 826	30 दिन	
32	वार्ड नं.-11 मो.कटरा बलसिंह में प्रमोद के मकान से सोनेलाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य।	379400	10%	700+126= 826	30 दिन	
33	मो. लालपुरा पूर्वी अस्तल मढ़ैया में रामबाबू अप्पा के मकान से रतनलाल के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	382300	10%	700+126= 826	30 दिन	
34	मो. पुरबिया टोला में बाबा अतरदास की बगिया के पास आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य।	390800	10%	700+126= 826	30 दिन	
35	वार्ड नं.-10 मो. रामनगर नईबस्ती लार्ड कृष्णा स्कूल के पीछे थान सिंह के मकान से सुनील के मकान तक इन्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य।	393400	10%	700+126= 826	30 दिन	
36	रामलीला रोड ट्रांसपोर्ट वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क से चमन भाई के गेट तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	406900	10%	700+126= 826	30 दिन	
37	मो. सिविल लाइन पुरानी दीवानी के पीछे रविशंकर पटेल वाली गली में सी.सी. सड़क एवं इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत व स्लैब निर्माण कार्य।	421000	10%	700+126= 826	30 दिन	
38	वार्ड नं.-38 नौरंगाबाद में सोहद के मकान से लेकर बड़ी पुलिया हनुमान मन्दिर तक सी.सी. सड़क एवं मोनू कठेरिया के सामने स्लैब निर्माण कार्य।	430900	10%	700+126= 826	30 दिन	
39	वार्ड नं.-3 नीलकण्ठ मन्दिर रोड मन्दिर के पास सी.सी. सड़क एवं रोका दीवार का निर्माण कार्य।	460900	10%	800+144= 944	30 दिन	
40	मो. पुरबिया टोला नालापार चूना चक्की अनेर यादव, अरुण यादव एवं अजय के मकान के सामने इण्टर लॉकिंग सड़क मरम्मत का कार्य।	476000	10%	800+144= 944	30 दिन	
41	मो. जटपुरा में पटी गली वाली गली में सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। (अरविन्द सिंह चौहान एडवोकेट)	493000	10%	800+144= 944	30 दिन	
42	वार्ड नं.-28 घटिया अजमत अली नौरंगाबाद पुलिस चौकी के आगे आबकारी कोठी से लेकर शर्मा जी के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	497600	10%	800+144= 944	30 दिन	
43	वार्ड नं.-35 मो. चौगुर्जी में करुणाकर त्रिपाठी के मकान से एस.पी. सिंह चौहान के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	507000	10%	800+144= 944	30 दिन	अपर जिलाधिकारी कक्ष दिनांक 12.03.2024
44	पुरबिया टोला गामा देवी कालौनी नाथ बाबा की बगिया के पास अवस्थी के मकान से धनराज के प्लाट के आगे तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	529000	10%	800+144= 944	30 दिन	
45	मो. जटपुरा में आदेश गुप्ता के मकान से श्रीकृष्ण गुप्ता के मकान से होकर जय गुप्ता के मकान तक सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	530400	10%	800+144= 944	30 दिन	
46	गामा देवी कालौनी में बाबूराम के बगल वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	530800	10%	800+144= 944	30 दिन	
47	वार्ड नं.- 32 मो. पक्की सराय रोड से शेख जलाल मस्जिद तक इण्टरलॉकिंग सड़क, मरम्मत एवं हाशिम के मकान से लल्ला, मजार के पास, अनीस वाली गली में सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	556600	10%	900+162= 1062	30 दिन	
48	वार्ड नं.- 31 मो. फ्रेण्डस कालौनी में बीरेन्द्र के मकान से चक्की तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	579100	10%	900+162= 1062	30 दिन	
49	मो. ओम शान्ती कालौनी वाइसख्वाजा रोड पर प्रदीप चौहान के मकान से श्रीनरायन के मकान तक इण्टर लॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	581900	10%	900+162= 1062	30 दिन	
50	जिला उद्योग बन्धु पानी की टंकी के सामने से जैन मन्दिर तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य।	600000	10%	900+162= 1062	30 दिन	
51	वार्ड नं.- 39 मो. पुरबिया टोला में रामबाबू के मकान से चुन्नू के मकान से होकर अनुप के मकान तक एवं चन्द्रशेखर वाली गली में सी.सी. सड़क, नाली स्लैब निर्माण कार्य।	608000	10%	900+162= 1062	30 दिन	
52	मो. बसुन्धरा कालौनी में नीलम कठेरिया के मकान से सविता कुमारी के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	627700	10%	900+162= 1062	30 दिन	
53	मो. सांई बिहार कचौरा रोड पर गिरेन्द्र वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	628800	10%	900+162= 1062	30 दिन	
54	मो. शिवपुरीशाला पचावली रोड पर दुर्योधन के मकान से योगेन्द्र के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	660000	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
55	वार्ड नं.-38 नौरंगाबाद में लोधी अनीता वर्मा जी के मकान से दुबे जी कंट्रोल वालों के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	666800	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
56	मो. अडडा गूलर में राम बहादुर के मकान से भीखम सिंह के मकान से होकर भगवान दास के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य।	670400	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
57	वार्ड नं.-28 मो. घटिया अजमत अली में नौरंगाबाद रोड वकील बैग हाउस से मुनीष भाई के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	688200	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
58	शमशान घाट पर दाह संस्कार के लिए चबूतरों का मरम्मत कार्य।	718700	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
59	वार्ड नं.-33 मो. साबितगंज भाड़ो वाली गली में शानू के मकान से जहीर के मकान तक, मेराज के मकान से साबितगंज रोड तक एवं गोपाल के मकान से स्टेशन रोड तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	736700	10%	1000+180= 1180	30 दिन	
60	मो. उसरा अडडा चक्की के सामने से गैस गोदाम तुलसी अडडा रोड तक सड़क मरम्मत का कार्य।	765300	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
61	उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट शाहकमर में फर्श टाइल बालक एवं बालिका मूत्रालय एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य।	782300	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
62	वार्ड नं.- 14 मो. धूमनपुरा में जयसी राम के मकान से किस्मत सिंह के मकान से होकर मिजाजी लाल के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	788000	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
63	वार्ड नं.-18 मो. शिवशक्ति कालौनी कचौरा रोड पर मीरा देवी के मकान से प्रहलाद एडवोकेट के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	801800	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
64	प्राथमिक विद्यालय पुरविया टोला में कमरों में फर्श टाइली बालक एवं बालिका एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य।	806700	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
65	वार्ड नं.-31 मो. फ्रेण्डस कालौनी में एम.के.डी. मार्ट से अजय सिंह के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	808300	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
66	मो. पीपल अडडा में रामबाबू के मकान से रामदास के मकान तक सी.सी. सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	814000	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
67	वार्ड नं.-4 गामा देवी कालौनी में राहुल वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क मरम्मत एवं सोहन सिंह वाली गली में इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली व स्लैब निर्माण कार्य।	825600	10%	1100+198= 1298	30 दिन	
68	वार्ड नं.-39 मो. पुरबिया टोला पजावा नखासा रोड मन्दिर से सत्ते के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	872200	10%	1200+216= 1416	30 दिन	
69	वार्ड नं.- 34 मो. उझैदी में गुड्डू के मकान से जैन साहब के मकान से शाहरुख के मकान से होकर रहीसुददीन के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	886500	10%	1200+216= 1416	30 दिन	
70	वार्ड नं.-1 मो. बगिया अडडा में पवन के मकान से दशरथ टेलर के मकान तक इण्टरलॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	912600	10%	1200+216= 1416	30 दिन	
71	वार्ड नं.-09 मो. वृन्दावन कालौनी में राम औतार पुजारी के मकान से विपिन पाठक के मकान तक इण्टर लॉकिंग सड़क, नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	917500	10%	1200+216= 1416	30 दिन	
72	वार्ड नं.-27 मो. कटरा साहब खां में नोशे हाजी के मकान से इमामबाड़ा होकर गुप्ता जी के मकान तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	944700	10%	1200+216= 1416	30 दिन	
73	मो. गांधीनगर में गुप्ताजी के मकान से ऐवरन सिंह के मकान तक सी.सी. सड़क मरम्मत एवं स्लैब निर्माण कार्य।	956000	10%	1300+234= 1534	30 दिन	
74	शमशानघाट के पास बने हॉल में टाइलीकरण कार्य।	984300	10%	1300+234= 1534	30 दिन	
75	बलराम सिंह चौराहा के पास राधिका स्टेशनरी की दुकान से अजय स्वीट हाउस की दुकान से दिनेश के मकान से होकर मन्दिर तक सी.सी. सड़क एवं स्लैब निर्माण कार्य।	987700	10%	1300+234= 1534	30 दिन	

अन्य शर्तेः निम्नलिखित सभी शर्तें अनिवार्य हैं।

1. किसी भी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास निहित होगा।
2. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व उ.प्र. भवन एवं कर्मकार (नियोजन तथा सेवा) शर्त विनियमन अधिनियम-2005) के तहत श्रमिक कर्मचारी के कल्याणार्थ श्रम विभाग से पंजीकृत कराना अनिवार्य होगा एवं इस सम्बन्ध में साक्ष्य बिड के साथ संलग्न करने होंगे।
3. शर्त युक्त एवं एकल निविदा मान्य न होगी।
4. निविदा में उल्लिखित दरें कटिंग/ओवर राइटिंग के रूप में स्वीकार नहीं की जायेगी।
5. दरों का उल्लेख आगणन से कम/अधिक प्रतिशत में शब्दों व अंकों में स्पष्ट रूप से किया जायेगा।
6. लिफाफे के ऊपर कार्य का क्रमांक व कार्य के नाम का स्पष्ट उल्लेख अवश्य करें।
7. निविदा सम्बन्धी किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
8. कार्य की समय-समय पर जांच प्रतिष्ठित प्रयोगशाला से कराया जाना अनिवार्य होगा। जांच रिपोर्ट में यदि कोई सामग्री मानक के विपरीत पायी जाती है, तो सम्बन्धित कार्य को तोड़कर पुनः ठेकेदार अपने हर्जे-खर्चे पर ठीक किया जाना अनिवार्य होगा तथा इस कार्य में कोई अतिरिक्त भुगतान नगर पालिका द्वारा नहीं किया जायेगा।
9. निविदादाता को शासन/निदेशालय/नगर पालिका द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
10. ठेकेदार/निविदादाता को निर्माण के समय यातायात के आवागमन को बिना किसी अवरोध के बनाये रखने हेतु पर्याप्त सुविधा/व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।
11. अपराधी रिकार्ड रखने वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
12. बिड के साथ समस्त सूचना सही होने सम्बन्धी शपथ-पत्र निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का 100 रु. के स्टाम्प पर ही प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग मान्य होगा तथा शपथ पत्र पर कार्य का नाम भी अंकित करना अनिवार्य होगा।
13. निविदाओं में आवश्यक प्रपत्र (हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग पंजीकरण, जी.एस.टी. का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड) लगाना अनिवार्य होगा।
14. ऐसे राजपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जो राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की सेवा से दो साल सेवानिवृत्ति के पूर्ण नहीं हुए है, को कार्य करने की अनुमति बिना राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की अनुमति बिना नहीं दी जायेगी। यदि कोई सेवानिवृत्त अभियन्ता/अधिकारी बिना सरकार की अनुमति के कार्य करते हुए पाये जायेंगे तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा तुरन्त निरस्त कर दी जायेगी।
15. ऐसे निविदादाता जिनका कोई सगा सम्बन्धी (First Blood Relations & Their Spouses) जैसा कि खण्डीय लेखा अधिकारी, अवर अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अधिशाषी अधिकारी के पद पर आसीन होंगे को कार्य करने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी।
16. निविदा से सम्बन्धित समस्त साक्ष्य/अभिलेखों को पठनीय एवं स्वच्छ प्रतियों में उपलब्ध करायें। अपठनीय साक्ष्य/अभिलेख मान्य नहीं होंगे तथा अपठनीय साक्ष्य/अभिलेख होने की दशा में निविदादाता की बिड अपात्र घोषित कर दी जायेगी।
17. प्रत्येक निविदा हेतु अलग-अलग 100 रु. के स्टाम्प पर टी-6 निर्धारित प्रारूप के अनुसार ही निविदा प्रकाशन तिथि के बाद का ही लगाना अनिवार्य होगा। यदि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर टी-6 प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
18. निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के उपरान्त 01 वर्ष तक अनुरक्षण/रख-रखाव की जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।
19. निविदा खोलने की दिनांक को किसी कारणवश कोई अवकाश घोषित हो जाता है कि तो निविदा अगली तिथि को खोली जायेंगी निविदा डालने से पूर्व आंगणन व कार्य स्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें।
20. शासनादेशानुसार निविदा 10 प्रतिशत बिलों जाने की स्थिति में 0.5 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलों डालने पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त परफोरमेन्स गारण्टी के रूप में एफ.डी.आर. L-1 आने की स्थिति में 01 सप्ताह के अन्दर दिया जाना अनिवार्य होगा। जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, इटावा के नाम बन्धक होगी। अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
21. शर्तों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

अवर अभियन्ता	सहायक अभियन्ता	अधिशाषी अधिकारी	अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, इटावा	नगर पालिका परिषद, इटावा	नगर पालिका परिषद, इटावा	नगर पालिका परिषद, इटावा

एसपी ऑफिस पर आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

अमृत विचार : पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है।
> –अशोक कुमार मीणा, एसपी

जंगली हाथी के हमले से हुई टैक्सी चालक की मौत

ऋषिकेश : मंगलवार तड़के ऋषिकेश-नीलकंठ मोटर मार्ग पर मौनी बाबा तिराहा के पास एक जंगली हाथी के हमले से एक टैक्सी चालक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी सतेंद्र (32) अपने वाहन में सो रहा था, तभी सुबह करीब साढ़े पांच बजे हाथी ने उस पर हमला कर दिया। लक्ष्मण झूला पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सैनी ने बताया कि जैसे ही वह अपने वाहन से बाहर भागा हाथी ने उसे कुचल दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि सतेंद्र को गंभीर रूप से घायल होने के कारण यहां स्थित एम्स में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्रदेश में बन रहा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण : धामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड सेरेमनी को किया संबोधित
- 11 परियोजनाओं का किया शिलान्यास 64 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, देवभूमि में व्यापार बढ़ाने पर जोर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उद्योग विभाग की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया। उन्होंने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया और 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा रही है। इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग की जा चुकी है। यह ग्राउंडिंग संपादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, इसे शत-प्रतिशत किया जाएगा। अवस्थापना के क्षेत्र में निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क या हवाई सेवा लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं और व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को समय-समय पर धरातल पर उतारा जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिये 30 नई नीतियां बनाई हैं। उद्योग जगत से निरन्तर संवाद किया जा रहा है। उद्योगों से संबंधित जो भी समस्या होगी, उसका त्वरित निस्तारण होगा ताकि उत्तराखंड निवेश में अग्रणी राज्य बन सके। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी, अपर मुख्य सचिव आनन्दवर्द्धन, उद्योग सचिव विनय शंकर पांडेय, पवन अग्रवाल, आरएस यादव, विश्वास डाबर, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

एक नजर

शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

नदी के अंदर सुरंग में मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम

कोलकाता : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बुधवार को कोलकाता में हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाये जाने के साथ भारत में नदी के नीचे पहली सुरंग भी यातायात के लिए खुल जाएगी। दो स्टेशनों – हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड के बीच सुरंग की कुल लंबाई 4.8 किलोमीटर है। इसमें, 1.2 किमी सुरंग हुगली नदी में 30 मीटर नीचे है, जो इसे 'किसी भी बड़ी नदी के नीचे देश की पहली परिवहन सुरंग' बनाती है। इसके अलावा, हावड़ा मेट्रो स्टेशन, देश का सबसे गहरा स्टेशन भी होगा। यह सुरंग ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर परियोजना का एक हिस्सा है जो सेक्टर पांच से शुरू होती है और वर्तमान में सियालदह में समाप्त होती है। मेट्रो रेल के मुताबिक, इस कॉरिडोर की पहचान 1971 में शहर के मास्टर प्लान में की गई थी। मेट्रो रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कौशिक मित्रा ने कहा, ''हावड़ा और कोलकाता, पश्चिम बंगाल के दो सदियों पुराने ऐतिहासिक शहर हैं और यह सुरंग हुगली नदी के नीचे से इन दोनों शहरों को जोड़ेगी।

राष्ट्रपति आज देंगी संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज बुधवार को प्रदर्शन कला के क्षेत्र में 94 प्रतिष्ठित कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान करेंगी। संस्कृति मंत्रालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति इस समारोह में साल 2022 और 2023 के लिए अकादमी पुरस्कारों के अलावा सात प्रतिष्ठित कलाकारों (एक संयुक्त फेलोशिप) को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न) भी प्रदान करेंगी।

आज से मोदीनगर तक दौड़ेगी नमो भारत

मोदीनगर : आरआरटीएस कॉरिडोर के दूसरे फेज में दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत ट्रेन का संचालन छह से शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में इसका वर्चुअल उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे। एनसीआरटीसी ने इस उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी है। इसके बाद नमो भारत ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर दौड़नी शुरू हो जाएंगी। फिलहाल यह ट्रेनें साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक सिर्फ 17 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर संचालित हो रही हैं।

मौलाना तौकीर 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

कोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट ने जारी किया आदेश, 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी माना तौकीर का सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने का आरोप होने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

अमृत विचार : फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश, क्रिमिनल लॉ एक्ट, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने विचारण के दौरान पाया कि केस फाइल में यह तथ्य है कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। लेकिन इसके बावजूद चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने विवेचना में सामने आए तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन मौलाना तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। इसके बाद कोर्ट ने मौलाना तौकीर को दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए अगली सुनवाई पर तलब कर लिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

दिल्ली में मार्च में चार साल बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को चार साल बाद मार्च में सबसे कम न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। आईएमडी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आईएमडी के मुताबिक, मंगलवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों तापमान सामान्य से चार डिग्री कम थे। आंकड़ों के मुताबिक, यह 2019 के बाद सबसे कम न्यूनतम तापमान है। उस साल एक मार्च को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आंकड़ों के अनुसार, 2019 को छोड़कर 2017 से यह दूसरा मौका है जब न्यूनतम पारा नौ डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का है।

7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी

- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी द्वारा बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जांच का दायरा बढ़ाते हुये मंगलवार को सात राज्यों के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों के परिसरों पर की गई छापेमारी के दौरान नकदी के साथ-साथ कई डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए। जनवरी में एनआईए ने मामले में आठ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में शामिल आरोपियों में केरल के कन्नूर का टी नसीर, जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान शामिल है। नसीर 2013 से बेंगलुरु केंद्रीय कारावास में है और आजीवन कारावास की सजा काट रहा है, जबकि जेडी और सलमान खान के विदेश भाग जाने का संदेह है। बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल 18 जुलाई को मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी, इससे पहले पुलिस ने सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन और 45 कारतूस बरामद किया था। मामले में सात आरोपियों को हिरासत में लिया गया था जिनके पास से चार वाकी-टाकी भी बरामद हुआ था। प्रवक्ता ने कहा कि मंगलवार सुबह सात राज्यों में छापेमारी के दौरान उन्होंने 25 मोबाइल फोन, छह लैपटॉप और चार स्टोरेज डिवाइस, विभिन्न देशों के मुद्रा नोटों के अलावा आपत्तिजनक दस्तावेज और नकदी बरामद की गयी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के नवीद, सैयद खैल और बिज्जू, पश्चिम बंगाल के मयूर चक्रवर्ती, पंजाब के नवजोत सिंह, गुजरात के हार्दिक कुमार और करण कुमार, केरल के जॉनसन और मुस्ताक अहमद साथीकली, मुबीथ एवं हसन तथा तमिलनाडु के अल बासम के परिसरों में व्यापक छापेमारी की गयी।

अधिकारी ने बताया कि जांच से पता चला है कि भगोड़ों ने लश्कर की गतिविधियों को बढ़ावा देने और गुमनाम रूप से अलग-अलग लोगों तक धन पहुंचाने के लिये देश भर में लोगों का एक नेटवर्क स्थापित किया था। मामले की जांच अक्टूबर 2023 में संभालने वाली एनआईए के अनुसार, जांच से पता चला कि कई विस्फोट मामलों में शामिल नसीर अन्य आरोपियों के संपर्क में आया था, जब वे सभी 2017 में बेंगलुरु जेल में बंद थे। नसीर उन सभी की क्षमता का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने के बाद उन्हें कट्टरपंथी बनाने और प्रतिबंधित आतंकवादी समूह लश्कर में भर्ती करने के उद्देश्य से अपने बैरक में स्थानांतरित कराने में कामयाब रहा था।

योगी सरकार न होती तो दोबारा हो गया होता दंगा

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मौलाना तौकीर रजा खां को शहर में 2010 में हुए दंगे का मास्टरमाइंड मानते हुए तलब करने के आदेश में कोर्ट ने कई टिप्पणियां भी की हैं। आदेश में कहा गया है कि सत्ता का प्रमुख किसी धार्मिक व्यक्ति को होना चाहिए क्योंकि धार्मिक व्यक्ति जीवन का भोग नहीं करता, बल्कि त्याग और समर्पण का जीवन जीता है।

गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत बाबा योगी आदित्यनाथ इसका उदाहरण हैं जिन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री होते हुए इस अवधारणा को सत्य साबित किया है। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई धार्मिक व्यक्ति इसके खिलाफ काम करता है तो कानून-व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है और दंगे होते हैं। इसका उदाहरण तौकीर रजा है। कोर्ट ने कहा कि अभी कुछ समय पहले मौलाना तौकीर ने शहर में दोबारा दंगे भड़काने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अपमानजनक बातें भी कहीं। अगर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार न होती तो तौकीर ने दंगा करा दिया होता। यह भी कहा कि भारतवर्ष में शायद ही अब तक कभी दंगा भड़काने वाले मास्टर माइंड को सजा हुई हो।

मौसम से प्रभावित जिलों के लिए 23 करोड़ जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान
- प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी पूरा, जल्द भेजा जाएगा मुआवजा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

परंपरा का उत्सव : मंगलवार को पुणे से 50 किमी दूर वीर गांव में श्रीनाथ वीर म्हस्कोबा उत्सव मनाया गया। इसमें हजारों शिव भक्तों ने हिस्सा लिया और परंपरा निभाते हुए एक-दूसरे पर लाल रंग लगाया। यह भगवान शिव के अवतार और उनके विवाह का उत्सव है। यह माघ पूर्णिमा को मनाया जाता है और 10 दिनों तक जारी रहता है। ● एजेंसी

राहुल की यात्रा में लगे मोदी-मोदी के नारे

शाजापुर (मप्र), एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने काफिला रोककर की नारेबाजों से मुलाकात

न्याय यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते राहुल गांधी।

राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को जब मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर से गुजर रही थी तो मोदी-मोदी के नारे लगाए गए। कांग्रेस नेता गांधी ने अपना काफिला रोककर नारे लगा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें आलू दिए और गांधी ने फ्लाइंग किस दिया। बाद में शाम को, गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए इस घटना का उल्लेख किया और कहा कि नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलकर ऐसी घटनाओं का सामना करना आसान है। जब यह यात्रा शाजापुर से गुजर रहा थी तो एबी रोड पर पार्षद मुकेश दुबे के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का एक समूह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा में मोदी-मोदी के नारे लगा रहा था। समूह को देखते ही गांधी ने उनके साथ बातचीत करने के लिए काफिला रोक दिया और एक-दूसरे का अभिवादन किया, हाथ मिलाया, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के नारे लगाए। भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलने और हाथ मिलाने के बाद गांधी अपने वाहन की ओर लौट गये। वाहन में बैठकर, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के समूह की ओर हाथ हिलाया और उन्हें फ्लाइंग किस दी। उज्जैन में अपने वाहन से एक सभा को संबोधित करते हुए, गांधी ने कहा कि नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलो। यह काफी आसान है। यह उतना मुश्किल नहीं है। कभी-कभी यात्रा के दौरान ऐसा होता है, जैसे आज हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा के तीन-चार लोग झंडे लेकर खड़े थे। वे चिल्ला रहे थे। मैंने गाड़ी से उतरकर हाथ मिलाया और पूछा भाई कैसे हो? और उन्होंने चिल्लाना बंद कर दिया और मुस्कुराने लगे। इससे पहले, गांधी ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

तैयारी विस्तार के बाद अब भी मंत्रिमंडल में खाली हैं पांच सीटें, 8 कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य बनाए जा सकते हैं मंत्री

लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है।

हालांकि, विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। नियम के मुताबिक, किसी भी राज्य में विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बनाए जा सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

सभी सहयोगी दल शामिल: सुभासपा व रालोद के विधायकों के शपथ लेने के साथ ही राज्य सरकार के सभी सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी मिल गई है। अपना दल एस व निषाद पार्टी पहले से ही मंत्रिमंडल में शामिल हैं।

प्रतिक्रिया

- सपा सरकार के मुकाबले योगी सरकार बहुत अच्छी है –ओपी राजभर
- आज जो जिम्मेदारी मिली है उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा –दारा सिंह चौहान
- इस बार लोकसभा चुनाव में सभी 80 सीटें जीतेंगे –सुनील शर्मा
- सरकार जो भी लक्ष्य देगी पूरा करुंगा, एनडीए मजबूत करेंगे –अनिल कुमार

अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण

हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है

राजनाथ और योगी के करीबी हैं सुनील शर्मा

मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

ओपी राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले

फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

उप चुनाव में हारने के बावजूद दारा बने मंत्री

इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं।

नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

अमृत विचार: एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

एक नजर

बलिया : मंदिर के पुजारी का शव झाड़ी में मिला

बलिया : जिले में बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह एक पुजारी का शव झाड़ी में पाया गया। एएसपी अनिल कुमार झा ने बताया कि बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बड़सरी गांव में मंगलवार सुबह बाबा अवनीनाथ महादेव मंदिर के पुजारी सिंगारी दास (72) का शव मंदिर से थोड़ी दूर झाड़ी से बरामद किया गया। मंगलवार सुबह अवनी नाथ बाबा की पूजा-अर्चना करने जाने वाले लोगों की नजर सड़क के किनारे पड़े इस शव पर पड़ी तो ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। बताया कि पुजारी के नाक से रक्तस्राव दिख रहा है तथा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। सिंगारी दास बड़सरी गांव के ही निवासी थे तथा तकरीबन तीस वर्षों से मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे।

कार-ट्रक की टक्कर में बच्ची समेत तीन लोगों की मौत

कौशांबी : जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर बारात से वापस आ रही तेज रफ्तार कार एवं खड़े एक ट्रक में टक्कर हो जाने से सात वर्षीय बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। सिराथू के क्षेत्राधिकारी (सीओ) अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने मंगलवार को बताया कि जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी कस्बा से एक बारात फतेहपुर जिले के हथगांव गई थी। बताया कि मंगलवार सुबह बारात से वापस लौटते समय चालक को झपकी आ जाने के कारण कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। उन्होंने कहा कि कार में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। विश्वकर्मा ने बताया कि डॉक्टरों ने दिव्यांशी (सात), हरेंद्र शर्मा (55) तथा राजकुमार (45) को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल छह लोगों में से चार को प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया है।

कंटेनर से भिड़ी बरातियों की बोलेरो तीन लोगों की जान गई, चार घायल

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

- सोमवार रात दो बजे कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर के पास हुआ हादसा
- मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे सभी लोग, घायलों को पुलिस ने भेजा अस्पताल

नेत्रपाल

रामदीन

अमृत विचार : बरातियों से भरी बोलेरो की सोमवार रात नौगवां मुबारकपुर के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई, जिससे तीन बरातियों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह सभी मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें एक की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर मड़ैया निवासी जीवन की बरात सोमवार शाम को मदनापुर गई थी। द्वाराचार की रस्म पूरी होने के बाद बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद शादी की आगे की रस्में शुरू हो गईं। कुछ बराती खाना खाकर बोलेरो से घर के लिए चल दिए। रात करीब दो बजे मुरादाबाद-कानपुर स्टेट हाईवे पर कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर गांव के पास कलान की ओर से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में बोलेरो चालक मिर्जापुर के गांव भौरा नगला निवासी रजनीश, लक्ष्मनपुर निवासी रामदीन, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी नेत्रपाल उर्फ नेता की मौके पर मौत हो गई। जबकि लक्ष्मनपुर निवासी रमेश और डालचंद, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी रवित, प्रेमपाल घायल हो गए। सभी को पुलिस ने फर्रुखाबाद के अस्पताल भेजा, रमेश की हालत गंभीर होने पर सैफई रेफर कर दिया गया।

बैंक को लगाया 2.08 करोड़ का चूना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 28 मार्च 2023 को हुई थी धोखाधड़ी की घटना, नौ महीने बाद दर्ज हुई एफआईआर

अमृत विचार : रामपुर जिले की दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को जालसाज ने 2.08 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। बॉन्ड खरीदने के चक्कर में बैंक ने अपनी पूंजी गंवा दी। बैंक ने यह धनराशि 28 मार्च 2023 के दिन जालसाज के खाते में ट्रांसफर की थी। इस मामले में नौ महीने बाद बैंक के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी जीवन तिवारी ने मुरादाबाद साइबर क्राइम थाने में धोखाधड़ी, जालसाजी और आइटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।

इसमें देबानजाय राय पुत्र मोंजाय ब्रता राय नामजद हुआ है। इसे पश्चिम बंगाल में 24 परगना उत्तर के दम-दम कोलकाता में 40/2 शाहिद सुनील सेन सारानी का निवासी बताया गया है। एफआईआर में नामजद आरोपी को मेसर्स फिनिडियाज निवेश साईं कृपा इंफ्रा प्रतिभूति नाम की फर्म का उपाध्यक्ष (क्लस्टर हेड) बताया गया है।

दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सचिव ने पुलिस को बताया है कि उसने अपनी ई-मेल आइडी से बैंक की ई-मेल आइडी पर 100 रुपये प्रति बॉन्ड की दर से कुटेशन प्रस्तुत की थी। संबंधित कुटेशन की ब्याज दरों को देखकर बैंक ने दो करोड़ के बॉन्ड खरीद लिए थे। इसके लिए बैंक की डील 28 मार्च 2023 को हुई थी। फिर डील पक्की होने के दिन जांच पड़ताल पूरी करने के बाद बैंक ने आरटीजीएस के माध्यम से साईं कृपा इंफ्रा प्रतिभूति के बैंक खाते में कुल 2,07,86,142 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे।

यह पैसा एचडीएफसी बैंक शाखा श्रीभूमि कोलकाता में ट्रांसफर हुआ था, लेकिन, जालसाज ने पैसा ट्रांसफर होने के बाद भी दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को बॉन्ड उपलब्ध नहीं कराए थे। फिर 30 मार्च 2023 को फर्म प्रतिनिधि ने कहा कि डील निरस्त हो गई है, हालांकि, जालसाज ने बैंक कर्मियों को बॉन्ड खाते में आने का आश्वासन दिया लेकिन, वह नहीं भेजे गए और बैंक का रुपया डूब गया। ठगी का अहसास होने पर बैंक के सहायक प्रबंधक निमिश अग्रवाल आदि सकते में आ गए और स्थानीय एचडीएफसी बैंक शाखा पहुंचे।

> दि न्यू अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के मामले में कार्रवाई चल रही है। घटना के काफी समय बाद मामला संज्ञान में आया। इस प्रकरण में बैंक को दो करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। **धर्मेंद्र सिंह**, प्रभारी निरीक्षक-साइबर क्राइम थाना।

जालसाज के संबंधित बैंक खाते की जांच करने पर उन्हें पता चला कि फर्म प्रतिनिधि अपने खाते से धनराशि आरटीजीएस, एटीएम, ट्रांसफर व नकद के माध्यम से निकाल चुका है। उसके खाते में मात्र 12,053 रुपये शेष थे।

लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

बरेली, अमृत विचार : माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम के गुर्गे मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी और मो. सरफुद्दीन ने स्पेशल जज गैंगेस्टर एक्ट कोर्ट राकेश त्रिपाठी के समक्ष मंगलवार को आत्मसमपर्ण कर दिया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। मामले में 28 मार्च को सुनवाई होनी है। बिथरी चैनपुर पुलिस ने समद उर्फ सद्दाम, मो. रजा उर्फ लल्ला गद्दी, मो. फरहद खां उर्फ गुड्डू, मो. सरफुद्दीन, फुरकान नवी खान, राशिद अली, मो. आरिफ, आतिन जफर, जेल वार्डन मनोज कुमार, शिव हरी अवस्थी और कैंटीन संचालक दयाराम उर्फ नन्हे के खिलाफ गिरोहबंद की कार्रवाई की थी। पुलिस ने कैंटीन संचालक को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था, जबकि, सद्दाम बदायूं जेल में है। पुलिस फरार सभी आरोपियों की तलाश कर रही थी कि मंगलवार को गैंगस्टर लल्ला गद्दी और सरफुद्दीन ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

पैमाइश में सामने आया सच, किसानों की जमीन पर इफको का कब्जा

संवाददाता, बरेली/आंवला

इफको में जमीन की पैमाइश करती राजस्व विभाग की टीम। : अमृत विचार

- एसडीएम के निर्देश पर जांच को पहुंची टीम ने इफको के बाहर की जमीन की पैमाइश

अमृत विचार : हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद कई दिनों से हीलाहवाली कर रहे इफको के अफसर बुधवार को बैकफुट पर नजर आए। एसडीएम के निर्देश पर मंगलवार को नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा ने टीम के साथ इफको के बाहर से किसानों की जमीन की पैमाइश की। देर शाम टीम ने किसानों की जमीन इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर होने की पुष्टि की है।

भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल ने बताया कि तत्कालीन तहसीलदार ने अक्टूबर 2022 में किसानों की शिकायत पर जमीन की पैमाइश कराई। जिसके आधार पर तत्कालीन एसडीएम वेदप्रकाश मिश्रा ने एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट भी भेजी थी कि किसानों की जमीन गाटा संख्या 233 की 0.67 हेक्टेयर जमीन चारदीवारी के अंदर नहीं है, जबकि गाटा संख्या 234 की 0.089 हेक्टेयर भूमि इफको फैक्ट्री की चारदीवारी के अंदर मिली थी, लेकिन अफसरों ने नहीं सुनी। किसान हाईकोर्ट चले गए। वहां से तहसील प्रशासन को कोर्ट ने पिछले महीने पैमाइश कर भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया। जिसके बाद एसडीएम ने रविवार को किसानों की जमीन की पैमाइश के लिए टीम गठित कर इफको भेजी। यहां रविवार को अवकाश होने के चलते पैमाइश मंगलवार को कराने का अनुरोध किया गया। मंगलवार को टीम फिर पहुंची और इफको के बाहर से किसानों की जमीन की नापजोख की।

नौगवां अहिरान के वीर सिंह ने बताया कि टीम ने इफको के अंदर पैमाइश करने के स्थान पर उनके खेतों में ही पैमाइश की। इफको अधिकारियों ने इफको की खतौनी दिखाई थी, जिसमें गाटा संख्या 233 का कुछ भाग इफको की खतौनी में चढा है, जबकि इस गाटे का अधिग्रहण ही नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश असाधारण गजट 21 जून 1984 के गजट में इन गाटों का उल्लेख ही नहीं है, जबकि वर्तमान की इफको की खतौनी में गाटा संख्या 233 का कुछ भाग अंकित है। ओमशंकर सक्सेना ने बताया पहले की पैमाइश की रिपोर्ट उनके पास है, यदि इनकी नापजोख की रिपोर्ट में कुछ परिवर्तन होगा तो वह फिर से सर्वे कराने की मांग करंगे। टीम में नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, कानूनगो रामस्वरूप, इंद्रेश यादव, लेखपाल धीरज शर्मा, राहुल, बाबा भीम आदि मौजूद रहे।

कुछ किसान जांच को मान रहे संदिग्ध

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव ने बताया कि तहसील के अधिकारी रविवार को कई घंटे तक इफको में रुकने के बाद वापस लौटे थे और अधिकारी न होने के कारण पैमाइश न होने की बात कही थी। मंगलवार को भी तहसील अधिकारी कई घंटे इफको में रहे, जबकि पैमाइश की औपचारिकता किसानों के खेत में की। इफको का कोई अधिकारी नहीं आया। किसान नेता ने पैमाइश को लेकर संदिग्धता जताई है। नापजोख के हिसाब से होनी चाहिए।

> किसानों की जमीन के नापजोख के लिए मंगलवार को टीम भेजी गई थी। पैमाइश का काम पूरा हो गया है।। इफको में जमीन है या नहीं। यह जांच रिपोर्ट आने के बाद भी पता चल सकेगा। **-गोविंद मौर्य**, एसडीएम आंवला

योग्य अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर करना उचित नहीं : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- अनुभव प्रमाण पत्र में त्रुटिवश दर्ज हो गया था दूसरा पदभार

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्टाफ नर्स के भर्ती मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि किसी भी मेडिकल सेटअप या अस्पताल में नर्स का पद अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वह मरीज की शारीरिक जरूरत को प्रबंधित करने, दवाई देने, मेडिकल रिकॉर्ड बनाने के साथ मरीजों की पूर्ण देखभाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वास्तव में कोई भी अस्पताल पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ के बिना सफलतापूर्वक नहीं चल सकता है।

ऐसे में अगर योग्य अभ्यर्थियों की अभ्यर्थना पर विचार ना करते हुए उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाए तो निश्चित रूप से रिक्तियों को समय भीतर योग्य उम्मीदवारों द्वारा नहीं भरा जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने लोक सेवा आयोग की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया।

वर्तमान अपील में रिट कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें अभ्यर्थी के अनुभव प्रमाण पत्र को स्वीकार करते हुए उसे नियुक्ति देने का आदेश जारी किया गया था। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि किसी तीसरे पक्ष द्वारा की गई गलती के कारण योग्य अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर देना उचित नहीं है। मालूम हो कि स्टाफ नर्स के पदों पर चयन के बाद भी विज्ञापित पदों में से 1,729 पद नहीं भरे जा सके, क्योंकि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं थे। दरअसल अभ्यर्थी रेनू ने भर्ती में अपना अनुभव प्रमाण पत्र दाखिल किया, जिसमें स्टाफ नर्स की बजाय नर्स मेंटर के रूप में कार्यानुभव दर्ज था। जिसके कारण आयोग द्वारा उनके पिछले अनुभव को नहीं जोड़ा गया। जांच में गलती मिलने पर अभ्यर्थी ने जारीकर्ता प्राधिकारी सीएमओ, रामपुर के समक्ष प्रमाण पत्र में संशोधन के लिए प्रत्यावेदन दिया। इसके बाद प्राधिकारी द्वारा अभ्यर्थी का संशोधित अनुभव प्रमाण पत्र 24.8.2022 को जारी कर दिया गया और 30.8.2022 को एक अन्य प्रमाण पत्र जारी किया गया, जिसमें प्राधिकारी ने अपनी गलती स्वीकार की थी, लेकिन दोनों प्रमाण पत्रों पर आयोग ने विचार नहीं किया।

बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्र सहित तीन की मौत

संवाददाता, बुरावली (अमरोहा)

अमृत विचार : हसनपुर-रहरा मार्ग पर सोमवार की रात दो बाइकों की आमने-सामने भिंड़त में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में दो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दोनों गंभीर घायलों ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में पिता-पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव रहरई निवासी अरुण (30 वर्ष) अपने दोस्त गांव के ही संजय और सुनील के साथ बाइक पर सवार होकर शादी में शामिल होने अमरोहा जा रहा था। दूसरी बाइक पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी 55 वर्षीय राजपाल अपने बेटे प्रवीन (23 वर्ष) के साथ गंगानगर गांव में शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। तभी रहरा में बिजली घर के निकट दोनों बाइकों की आमने-सामने से टक्कर हो गई। इसमें अरुण की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान राजपाल और प्रवीन ने भी दम तोड़ दिया।

प्रशिक्षण पूर्ण न होने पर चयन माना जाएगा अपूर्ण : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- पुरानी पेंशन से संबंधित मामले पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुरानी पेंशन स्कीम से संबंधित एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि अगर अभ्यर्थी प्रशिक्षण योग्यता प्राप्त कर रहा है तो यह नहीं कहा जा सकता कि चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, क्योंकि नियुक्ति के बाद ही चयन प्रक्रिया पूरी मानी जाती है।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने सुषमा यादव की याचिका खारिज करते हुए पारित किया है। वर्तमान मामले में प्राइमरी स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर याची की नियुक्ति वर्ष 2006 में हुई। हालांकि भर्ती विज्ञापन वर्ष 1998 में जारी हुआ था, जिसमें याची को मेरिट में सबसे अधिक अंक मिलने के कारण नियुक्त कर लिया गया था, इसलिए याची ने पुरानी पेंशन की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की। नियुक्ति के समय पद की अर्हता के अनुसार याची के पास बीटीसी प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र नहीं था। अतः उसे अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। याची ने वर्ष 2004 में अपना बीटीसी प्रशिक्षण पूर्ण करके वर्ष 2006 में सहायक अध्यापक के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। याची का तर्क है कि नियुक्ति में देरी के लिए उसे दोषी नहीं माना जा सकता है। उसकी नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई, लेकिन प्रशिक्षण पूरा न होने के कारण उसे तैनाती नहीं मिली थी। याची की पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की प्रार्थना का कोई कानूनी आधार नहीं है, इसलिए कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

नियमानुसार जांच आदेश पारित करने का प्रशिक्षण देने का निर्देश

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने विभागीय जांच में आदेश पारित करते समय बरती जाने वाली लापरवाही के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के सचिव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करें, जिससे विभागीय जांच के अंतर्गत आदेश पारित करते समय सुसंगत प्रावधानों का पर्याप्त अनुपालन सुनिश्चित कराया जा सके। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने मीनाक्षी मिश्रा के खिलाफ आक्षेपित आदेश को रद करते हुए बीएसए, फर्रुखाबाद को याची को जांच रिपोर्ट की एक प्रति प्रदान करने के साथ जांच प्रक्रिया को 6 सप्ताह की अवधि के भीतर समाप्त करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसे कई उदाहरण हमारे समक्ष हैं, जहां बेसिक शिक्षा अधिकारी आदेश पारित करते समय प्रासंगिक नियमों के अनिवार्य प्रावधानों का पालन नहीं कर रहे हैं।

वर्ग पहेली-1

बाएं से दाएं

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

ऊपर से नीचे

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



वर्ग पहेली - 362 का हल

1 ख़ि		2 अ		3 सं
ल		नि		वि
4 क	ट	चा	य	धा
त		मि		न
	5 वि	त	र	क
6 पं	च	पि	ता	
त		न	7 झा	ल

सुडोकू-80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

6		1		9	2	5		
	4		7				1	
	3				8		6	
5			2			1		
	2						3	
		4			7			9
	5		6				4	
	9	7			5		2	
		8	1	7				5

सुडोकू - 79 का हल

8	3	6	9	5	1	4	7	2
1	9	5	2	4	7	3	6	8
2	7	4	8	3	6	9	1	5
5	2	7	3	6	9	8	4	1
6	1	3	5	8	4	7	2	9
4	8	9	1	7	2	6	5	3
9	4	8	7	1	5	2	3	6
3	6	1	4	2	8	5	9	7
7	5	2	6	9	3	1	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

मेष — आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

वृष — आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

मिथुन — आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

कर्क — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

सिंह — आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

कन्या — आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

तुला — आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

वृश्चिक — आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

धनु — आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

मकर — आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

कुंभ — आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

मीन — आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY PIX
एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03

SONY SMAX
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

ZEE CINEMA
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00

colors CINEPLEX
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,677.13	22,356.30
नुकसान	195.16	49.30
प्रतिशत में	0.26	0.22

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूं (आरआर 21)	2360–2800
गेहूं (के 65)	3500–3800
बाजरा	2200–2300
मक्का	2700–2800
जौ	2900–3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800–3100
चावल बासमती	7000–8000
चावल मोटा	2800–3000
चावल मन्सूरी	3200–3500
चावल शक्कर चीनी	4800–5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600–8600
चावल राजरानी	7000–7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800–7000
चना फार्मी	7200–7500
चना काबली	14500–17000
मटर हरा	6000–6200
मटर सफेद	6100–6500
दाल चना	8000–8400
दाल मटर	6400–6500
उड़द हरा	12000–12500
उड़द काला	9000–9500
दाल उड़द हरी	15500–16000
दाल उड़द काली	10500–11000
दाल उड़द धोवा	12000–12500
मूंग खड़ा	10000–10500
मूंग दाल	10500–11000
मूंग धोवा	12000–13000
मसूर	8800–9000
मलका	9000–9500
दाल अरहर फूल	16000–17000
दाल स्पेशल	13000–14000
राज्मा सफेद	13000–14000
राज्मा काला	11500–12500
मूंगफली का दाना	11000–12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310–5510
लाही	4800–5200
काली सरसों	4900–5300
पीली सरसों	5600–5800 रुपये।

बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी

कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा–भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

नई दिल्ली। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	66,000
गिन्नी (प्रति नग)	49,150–49,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,800
सोना जेवरात गिन्नी	63,800
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,800
चांदी आभूषण	74,100।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री

छपरा, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना,

कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय

जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय ने दिया इस्तीफा, भाजपा में होंगे शामिल

- पूर्व न्यायाधीश ने इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद किया एलान

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय है और वह मजबूती से लड़ेंगे।

गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया। न्यायाधीश पद

पर रहने के दौरान शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उनके फैसलों के कारण राजनीतिक चर्चाएं छिड़ गयी थीं। उन्होंने कहा-यह भाजपा नेतृत्व पर निर्भर करता है कि वे मुझे चुनाव लड़ाना चाहते हैं या नहीं। वे जो कुछ भी फैसला करेंगे मुझे स्वीकार्य होगा। गंगोपाध्याय ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस के 'अन्याय' और 'भ्रष्टाचार' के खिलाफ लड़ेंगे।

वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है

तेलंगाना में विपक्ष पर बरसे मोदी, 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले

नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

में 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है।

ओडिशा में परियोजनाओं का किया शिलान्यास

चंडीखोल (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है।

जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है। देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत

वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ के मुकाबले इसमें 1.83% की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है।

एक नजर

डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक

योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने की बयान की निंदा

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

नागपुर। बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

भाजपा विधायक पर अवैध शराब की दुकान चलाने का आरोप

भोपाल। भोपाल से भाजपा की लोकसभा सदस्य प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अपनी पार्टी के विधायक सुदेश राय पर अवैध रूप से शराब की दुकान चलाने का आरोप लगाया और महिलाओं व लड़कियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राय की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग भी की। जब मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में राय से संपर्क कर प्रतिक्रिया मांगी तो उन्होंने कहा कि वे खुद ठाकुर के आरोपों की पड़ताल करें। ठाकुर ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के इलाकों के दौरे पर थीं, तभी कुछ लड़कियां उनके पास आईं और उन्होंने मुझसे शिकायत की।

सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम

संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी

4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया

कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को मिली जीत

जेमिमा रोड्रिग्स

69* रन
33 गेंद
8 चौके
3 छक्के

नई दिल्ली, एजेंसी

कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई को 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की पांच मैचों में यह चौथी जीत है और टीम 8 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

लैनिंग ने 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 53 रन बनाए। अपने तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने 3 उपयोगी साझेदारियां की। प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा ने 8 चौके और 3 छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाए और टीम को 200 रन के के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई की पूजा वस्त्राकर ने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। साइका इशाक, शबनीम इस्माइल और मैथ्यूज विकेट लेने वाली अन्य गेंदबाज थीं। मुंबई के लिए अमनजोत कौर ने 7 चौके की मदद से 42 रन बनाए। मैथ्यूज ने 29 जबकि संजीवन सजना ने नाबाद 24 रन बनाए। दिल्ली के लिए जोस जेनासन ने 21 रन देकर 3 जबकि मरीजान कैप ने 37 रन देकर 2 और शिखा पांडे, टिटास साधु और राधा यादव ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का बचाव करते हुए मरीजान कैप और शिखा पांडे ने शुरुआती दो ओवरों में क्रमशः यास्तिका भाटिया (6) और नैट सिवर ब्रंट (5) को चलता कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से मैथ्यूज ने 3 चौके जड़ मुंबई की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन मरीजान ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) को चलता किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेस ने मैथ्यूज की 29 रन की पारी को खत्म किया। एमिलिया केर ने टिटास साधु के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जेमिमा को कैच थमा बैठी, जिससे मुंबई ने नौवें ओवर में 68 रन तक 5 विकेट गंवा दिए। अमनजोत और पूजा ने स्कोर आगे बढ़ने पर ध्यान दिया। पूजा (17) जहां तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी। अमनजोत ने 14वें ओवर में राधा यादव और 15वें ओवर में शिखा को दो-दो चौके जड़े लेकिन जोनासन ने 16वें ओवर की पहली गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। लैनिंग और शेफाली ने ताबड़तोड़ शुरुआत की। शेफाली ने शबनीम के खिलाफ 2 चौके जड़े। इशाक ने उनका कैच टपकाकर जीवन दान दिया। लैनिंग ने सिवर ब्रंट के खिलाफ मैच का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने इसी ओवर में 14 रन बटोरे। शेफाली ने भी शबनीम की गेंदों पर छक्का जड़ा लेकिन इस गेंदबाज ने उन्हें आउट कर दिया। पावरप्ले के बाद दिल्ली का स्कोर 1 विकेट पर 56 रन था।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	5	4	1	8	1.301
बेंगलुरु	5	3	2	6	0.242
मुंबई	5	3	2	6	0.018
यूपी	5	2	3	4	-0.073
गुजरात	4	0	4	0	-1.804

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

दिल्ली कैपिटल्स : 192/4, जेमिमाह रॉड्रिग्स 69* मेग लानिंग 53, शेफाली 28, ऐलिस कैप्सी 19, मैरिजेन कप्प 12 । **विकेट :** शबनिम इस्माइल 1, साइका इशाक 1, पूजा 1, हेली मैथ्यूज 1।

मुंबई इंडियंस : 163/8, अमनजोत कौर 42, हेली मैथ्यूज 29, संजीवन 24*, एमेलिया 17, पूजा 17 । **विकेट :** मैरिजेन कप्प 2, शिखा पांडे 1, जेस जॉनसन 3, टिटास साधु 1, राधा यादव 1।

खेल डायरी

सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री के साथ लक्ष्य ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

पेरिस, एजेंसी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंची। भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। लक्ष्य सेन ने जापान के कांता त्सुनेयामा पर जीत हासिल की। पुरुष एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में मुकाबला ली शेन फेंग से होगा। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह दोनों महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ओलंपिक की रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं। प्रियांशु का सफर हार के साथ खत्म हो गया। वह विक्टर एक्सेलसन से हार गए।

सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

इंडियन वेल्स, एजेंसी। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

लक्ष्य चाहर भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी। राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय हैं। चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग में उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार मिली। दीपक भोरिया (51 किग्रा), नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) आगे नहीं बढ़ पाए। मोहम्मद हुसामुद्दीन और शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटे की दौड़ में हैं। भारत ने मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। सभी ने एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

उस श्रृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

धर्मशाला, एजेंसी

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस श्रृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह श्रृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।

आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

धर्मशाला, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में 100वां टेस्ट खेला था। इस मौके पर 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैकड़ा एक साथ पूरा किया था। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

टेस्ट मैचों का शतक बहुत मायने रखता है: बेयरस्टो

टेस्ट मैचों का शतक पूरा करने की दहलीज पर खड़े विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि तक पहुंचना उनके लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि इस बीच उन्हें कई चुनौतियों से गुजरना पड़ा। बेयरस्टो ने कहा कि कोई बच्चा जब पेशेवर क्रिकेट की यात्रा शुरू करता है तो वह 100वां टेस्ट मैच खेलना चाहता है। मैंने 2012 में लॉर्ड्स में पदार्पण किया था और 12 साल बाद आप कहते हैं कि मैं 100वां टेस्ट मैच खेलने जा रहा हूं तो यह बेहद खुशी का पल होगा।

डोपिंग में ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना की सजा हुई कम

लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की अपील पर खेल की सर्वोच्च अदालत ने डोपिंग के खिलाफ उनके प्रतिबंध को कम कर टेनिस में वापसी की मंजूरी दे दी। खेल पंचाट ने कहा कि उसके न्यायाधीशों ने हालेप की अपील को आंशिक रूप से बरकरार रखा और उनके 4 साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने कर दिया। उनका प्रतिबंध जुलाई में समाप्त हो गया। फैसले में कहा कि हालेप ने प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन सप्लीमेंट के माध्यम से किया है।

मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा माहौल टूदेश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था।

भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

बॉलीवुड हलचल

यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।

करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

मुंबई,एजेंसी। गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।

अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

मुंबई। भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश से पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएंगे।

बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे

सेन फ्रांसिस्को। तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2.3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

कीव। यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

नई दिल्ली। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8

करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।

31 MARCH के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरुरी है।

चेक करें ईसीएस डेबिट

इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।

- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।

- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।

पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि

यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

हिंद-प्रशांत में नहीं चलेगी किसी की दादागिरी, रक्षा मंत्री का चीन को संदेश

राजनाथ ने कहा- पड़ोसी देशों को उनकी संप्रभुता कायम रखने में दी जाएगी मदद

पणजी, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

भारत की प्रगति से आसपास के क्षेत्र की भी होगी उन्नति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी तरह का दबदबा न हो। उन्होंने आगे कहा, आज भारतीय नौसेना लगातार मजबूत होती जा रही है। हमारा नौसैनिक औद्योगिक आधार मजबू हो रहा है। हमारे शिपयार्ड का विस्तार हो रहा है। विमानवाहक पोत बढ़ रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है। सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा, जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह देश के वैश्विक मूल्यों को पर्याप्त ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में सहयोगी देशों की पूरी मदद कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी बाकी सहयोगियों पर आने वाले दबाव को रोकती है। उन्होंने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहनी चाहिए।

पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।

पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

नई सरकार के सत्ता साझेदारी में विफल रहे प्रधानमंत्री दहल

काठमांडू, एजेंसी

- प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज, सहयोगी दलों के साथ बैठक रही बेनतीजा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड मंगलवार को सहयोगियों के साथ सत्ता साझेदारी समझौते पर सहमति बनाने में विफल रहे। उनकी सहयोगियों के साथ बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई। इससे नेपाली कांग्रेस के साथ नाटकीय तरीके से गठबंधन समाप्त करने के बाद प्रचंड सरकार की स्थिरता को लेकर अटकलें तेज हो गईं हैं।

प्रचंड ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन बनाया है। संसद में संख्या बल के लिहाज से पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली यह पार्टी दूसरे नंबर की है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। सोमवार को नया गठबंधन बनाने के बाद चारों दल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), सीपीएन-यूएमएल, लोकतांत्रिक

समाजवादी पार्टी और जनमत पार्टी आठ सूत्री समझौते पर पहुंचे। समझौते के अनुसार, चारों दल नेशनल असेंबली अध्यक्ष चुनाव में माओवादी सेंटर के उम्मीदवार का समर्थन करने पर सहमत हुए हैं और उपाध्यक्ष के लिए यूएमएल उम्मीदवार का समर्थन करने का निर्णय लिया गया।

हालांकि, सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों के बीच सत्ता साझेदारी पर सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रधानमंत्री 'प्रचंड' नई गठबंधन सरकार के गठन के 24 घंटे बाद भी कैबिनेट सदस्यों को मंत्री पद बांटने में विफल रहे। सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से आनन-फानन में गठित हुए मंत्रिमंडल में प्रचंड ने गृह, रक्षा, विदेश और वित्त समेत 25 विभाग अपने पास रखे हैं।

10 मई के बाद मालदीव में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद, मुइज्जू ने दोहराया बयान

माले (मालदीव), एजेंसी

भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं।

मीडिया के अनुसार, मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के

- बोले-कोई भी भारतीय सैनिक सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा

कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, 10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं।

बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

चमोली : उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक : रूचिरा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने

- यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। उन्होंने सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं।

इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजराइल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। एक दिन पहले एक भारतीय की मौत के बाद यह सलाह जारी की गई है।

विज्ञान नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।

जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

गया। तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

बता दें, विमान का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। विमान में दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बगदाहा गांव के पास अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। हालांकि सूचना के बाद सेना के अधिकार पहुंच गए। क्षतिग्रस्त विमान को सैनिक कैंप ले जाने की तैयारी में जुट रहे।

पूरा भारत चाहता है मणिपुर की स्थिति सामान्य हो : जयशंकर

सियोल, एजेंसी

दक्षिण कोरिया के दौरे पर मंगलवार को पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ वह 'बेहद दुखद' है। वहां की परिस्थितियों ने हमारे दिल तोड़ दिए हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूरा भारत पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य परिस्थितियों की बहाली देखना चाहता है।

उन्होंने यह भी कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में 'अत्यधिक प्रभाव' का प्रयोग किया था, वह अब बीत चुका है, इसलिए भारत व दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय योगदान की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है। दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले दिन भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने एक

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से बोले विदेश मंत्री

एनआरआई के मणिपुर की स्थिति के बारे में पूछने पर अपनी पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि यह कैसे हुआ? सरकार ने ऐसा कैसे होने दिया? वहां जो कुछ भी हो रहा है, किसी को भी इससे पीड़ा होगी। वहां जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुखद और पीड़ादायी है। मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को 'व्यथित' बताना एक हल्का शब्द है। उन्होंने बताया कि आपसी मेलजोल वाले समुदायों (मैतेई और कुकी) के बीच तनाव से ऐसे हालात बने। उनके बीच खाई इतनी बढ़ गई कि इतनी भीषण हिंसा हुई जिसे रोक पाना बहुत मुश्किल हो गया।

भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

वाशिंगटन। सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉग द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है।